हिन्दी दैनिक

प्रत्यूष नवबिहार

जोहार

रांची संस्करण

www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com

रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित

रांची • बुधवार • 11.12.2024 • वर्ष : 15 • अंक : 139 • पृष्ठ : 12 • आमंत्रण मूल्य : ~~3 रुपये~~ 2 रुपये

साइबर अपराध और जलवायु परिवर्तन मानवाधिकारों के लिए नये खतरे : द्रौपदी मुर्मू

एजेंसी

नयी दिल्ली : राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने साइबर अपराध और जलवायु परिवर्तन को मानवाधिकारों के लिए नए खतरे करार देते हुए ऐसे सुरक्षित, संरक्षित और न्यायसंगत डिजिटल माहौल के महत्व पर बल दिया है जिसमें प्रत्येक व्यक्ति के अधिकारों और सम्मान की रक्षा हो। श्रीमती मुर्मू ने मंगलवार को यहां राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग द्वारा आयोजित मानवाधिकार दिवस समारोह में कहा, मानवाधिकार दिवस पर, हमें न्याय, समानता और सम्मान के मूल्यों के प्रति नये सिरे से अपनी सामूहिक प्रतिबद्धता करनी चाहिए जो हमारे राष्ट्र को परिभाषित करते हैं। हमें प्रत्येक व्यक्ति के मौलिक अधिकारों को बनाए रखना चाहिए और यह सुनिश्चित करना चाहिए कि कोई भी पीछे न छूटे। एक साथ, निरंतर प्रयास और एकजुटता के माध्यम से, हम एक ऐसा भविष्य बना सकते हैं जिसमें हर व्यक्ति, चाहे उसकी उम्र, पृष्ठभूमि या परिस्थिति कुछ भी हो, सम्मान, अवसर और पूर्णता का जीवन जीने के लिए सशक्त हो।

राष्ट्रपति ने कहा कि भारत सभी नागरिकों को नागरिक और राजनीतिक अधिकारों की गारंटी देने की अपनी प्रतिबद्धता में दृढ़ है। सरकार सभी के लिए आवास, स्वच्छ पेयजल, बेहतर स्वच्छता, बिजली, रसोई गैस और वित्तीय सेवाओं से लेकर स्वास्थ्य सेवा और शिक्षा तक कई सामाजिक-आर्थिक और सांस्कृतिक अधिकारों की गारंटी भी देती है। बुनियादी आवश्यकताओं के प्रावधान को अधिकारों के मामले के रूप में देखा जाता है।

उन्होंने कहा कि जैसे-जैसे हम भविष्य की ओर बढ़ रहे हैं, हम उभरती चुनौतियों का सामना कर रहे हैं। साइबर अपराध और जलवायु परिवर्तन मानवाधिकारों के लिए नए खतरे हैं। डिजिटल युग, परिवर्तनकारी होने के साथ-साथ अपने साथ साइबरबुलिंग, डीपफेक, गोपनीयता संबंधी चिंता और गलत सूचना के प्रसार जैसे जटिल मुद्दे लेकर आया है। ये चुनौतियां एक सुरक्षित, संरक्षित और न्यायसंगत डिजिटल वातावरण को बढ़ावा देने के महत्व

को रेखांकित करती हैं जो प्रत्येक व्यक्ति के अधिकारों और सम्मान की रक्षा करता है।

राष्ट्रपति ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस अब दैनिक जीवन में प्रवेश कर चुका है, कई समस्याओं का समाधान कर रहा है और कई नई समस्याएं भी पैदा कर रहा है। अब तक मानवाधिकारों का विमर्श मानव एजेंसी पर केंद्रित रहा है, यानी उल्लंघनकर्ता को एक इंसान माना जाता है, जिसमें करुणा और अपराधबोध जैसी मानवीय भावनाएं होती हैं। हालाँकि, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के मामले में अपराधी कोई गैर-मानव लेकिन बुद्धिमान एजेंट हो सकता है। मुर्मु ने कहा कि जलवायु परिवर्तन हमें वैश्विक स्तर पर मानवाधिकारों की सोच की समीक्षा करने के लिए मजबूर करता है। एक अलग जगह और एक अलग युग के प्रदूषक दूसरे स्थान और दूसरे काल के लोगों के जीवन को प्रभावित कर रहे हैं। ग्लोबल साउथ की आवाज के रूप में भारत ने जलवायु कार्रवाई में सही ढंग से नेतृत्व संभाला है। सरकार की पहल, जैसे कि 2022 ऊर्जा संरक्षण (संशोधन) विधेयक, ग्रीन क्रेडिट पहल और पर्यावरण के लिए जीवनशैली, या 'लाइफ' आंदोलन, भविष्य की पीढ़ियों के लिए एक स्वच्छ और हरित ग्रह के निर्माण के लिए भारत की प्रतिबद्धता का स्पष्ट प्रदर्शन हैं।

राष्ट्रपति ने कहा कि हाल के वर्षों में, मानसिक स्वास्थ्य एक महत्वपूर्ण मुद्दा बन गया है, खासकर बच्चों और युवाओं के लिए। उन्होंने सभी हितधारकों से बच्चों और युवाओं को प्रभावित करने वाले तनाव को कम करने के लिए पर्याप्त उपाय शुरू करने की अपील की। उन्होंने व्यवसाय जगत से यह सुनिश्चित करने का आग्रह किया कि बढ़ती 'गिग इकॉनमी' गिग श्रमिकों के मानसिक स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव न डाले। जैसे-जैसे हम नए आर्थिक मॉडल अपनाते हैं, हमें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि सभी व्यक्तियों, विशेष रूप से कमजोर क्षेत्रों में रहने वाले लोगों की भलाई प्राथमिकता बनी रहे। सभी को मानसिक बीमारी से जुड़े किसी भी कलंक को दूर करने, जागरूकता पैदा करने और जरूरतमंद लोगों को सहायता प्रदान करने की दिशा में काम करना चाहिए।

मुर्मू ने कहा कि भारत ने 5,000 वर्षों से अधिक की अपनी सभ्यतागत विरासत के साथ, सहानुभूति, करुणा और सामंजस्यपूर्ण समुदाय के भीतर व्यक्तियों के परस्पर जुड़ाव के मूल्यों को लंबे समय तक कायम रखा है। इन मूल्यों के आधार पर राष्ट्रीय और राज्य मानवाधिकार आयोगों के साथ मिलकर सभी के लिए मानवाधिकारों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए काम कर रही हैं।

रवींद्रनाथ महतो लगातार दूसरी बार बने स्पीकर

सदन ने सर्वसम्मति से चुना स्पीकर, हेमन्त सरकार आज साबित करेगी बहुमत

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

रांची : झारखंड विधानसभा सत्र के दूसरे दिन मंगलवार को सदन में रवींद्रनाथ महतो को लगातार दूसरी बार झारखंड विधानसभा का अध्यक्ष चुन लिया गया। वे निर्विरोध चुने गए। महतो चौथी बार विधानसभा चुनाव जीतें हैं। उन्होंने इस मिथक को तोड़ दिया कि कोई भी स्पीकर रहते दोबार विधायक नहीं बनता।

मंगलवार सुबह सदन की कार्यवाही शुरू होते ही मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने स्पीकर पद के लिए रवींद्रनाथ महतो के नाम का प्रस्ताव रखा। इसका मथुरा महतो ने समर्थन किया। बाद में ध्वनिमत से रवींद्रनाथ महतो को विधानसभा अध्यक्ष चुनने की घोषणा की गई। विधानसभा क्षेत्र नाला से विधायक रवींद्रनाथ महतो दूसरी बार स्पीकर बने हैं। रवींद्रनाथ महतो विधानसभा चुनाव में चौथी बार जीते हैं। महतो ने स्पीकर बनते ही इस मिथक को तोड़ दिया, कि कोई भी स्पीकर रहते दोबारा विधायक नहीं बनता। सिर्फ सीपी सिंह ने ही स्पीकर रहते दोबारा जीत हासिल की थी, लेकिन रवींद्र नाथ महतो दोबारा स्पीकर बन गये। इससे पूर्व सोमवार को रवींद्रनाथ महतो ने विधानसभा अध्यक्ष पद के लिए सात सेटों में नामांकन दाखिल किया था। पहले सेट में मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन प्रस्तावक और मथुरा प्रसाद महतो समर्थक बने थे। दूसरे में राधा कृष्ण किशोर प्रस्तावक और रामेश्वर उरांव समर्थक, तीसरे में सुरेश पासवान प्रस्तावक और नरेश सिंह समर्थक, चौथे में अरुप चटर्जी प्रस्तावक और चंद्र देव महतो समर्थक, पांचवें में बाबूलाल मरांडी प्रस्तावक और सीपी सिंह समर्थक, छठे में सरयू राय प्रस्तावक और जनार्दन पासवान समर्थक, सातवें में जयराम महतो प्रस्तावक और निर्मल महतो समर्थक के रूप में हस्ताक्षर किए थे।

उल्लेखनीय है कि रवींद्रनाथ महतो सबसे पहले नाला सीट से वर्ष 2005 में जीत हासिल की थी। इसके बाद वर्ष 2009 में विधानसभा चुनाव में रवींद्रनाथ महतो को हार का सामना करना पड़ा था। वहीं 2014, 2019 और 2024 में रवींद्रनाथ महतो ने विधानसभा चुनाव में लगातार जीत हासिल की है।

पक्ष और विपक्ष दोंनों से मिलकर चलता है सदन : विस अध्यक्ष

रांची : झारखंड विधानसभा के छठे सत्र के दूसरे दिन मंगलवार को विधानसभा अध्यक्ष के रूप में दूसरी बार निर्विरोध निर्वाचित होने पर रवींद्रनाथ महतो ने मुख्यमंत्री, मंत्रियों, सत्तापक्ष और विपक्ष के सभी सदस्यों के प्रति आभार जताया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा सुप्रीमो शिबू सोरेन ने जिन सपनों को लेकर आंदोलन की लंबी लड़ाई लड़ी, उसे पूरा करने के लिए सभी का सहयोग जरूरी है। विस अध्यक्ष ने कहा कि मैं सदन के सदस्यों से आग्रह करना चाहूंगा कि लोक कल्याण के लिए ऐसी नीतियां बनाएं, ऐसे कानून बनाएं, ऐसे अधिनियम बनाएं, जिससे समाज के शोषित, पीड़ित और वंचित वर्गों का उत्थान हो सके। उन्होंने कहा कि गांधी के जरिये देखे गए सपनों के अनुरूप अंतिम व्यक्ति के जीवन में सामाजिक, आर्थिक उत्थान हो सके। उन्होंने कहा कि मेरी कोशिश होगी कि मैं सभी सदस्यों को पर्याप्त समय दूं, पर्याप्त अवसर दूं। यह सदन सभी पक्षों के विचारों वाली सदन हो। सभी पक्षों के विचार यहां आने चाहिए। सहमति और असहमति हमारे लोकतंत्र की ताकत है। हम अलग-अलग विचारधाराओं से चुनकर आते हैं हालांकि अलग-अलग विचारधाराओं के बाद भी राज्य का हित सर्वोपरि हैं। महतो ने कहा कि सदन पक्ष और विपक्ष दोंनों से मिलकर चलता है।

राज्य के विकास में सत्ता पक्ष के साथ विपक्ष की भूमिका अहम : मुख्यमंत्री

रांची : विधानसभा के छठे सत्र के दूसरे दिन मंगलवार को रवींद्रनाथ महतो के विधानसभा अध्यक्ष चुने जाने के बाद मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने सदन को संबोधित किया। हेमन्त सोरेन ने सबसे पहले रविंद्र नाथ महतो को फिर से विधानसभा अध्यक्ष चुने जाने पर बधाई दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के सर्वांगीण विकास में सत्ता पक्ष के साथ विपक्ष की भूमिका अहम है। उन्होंने विपक्ष से आग्रह किया कि इस चुनाव के दौरान राज्य की जनता ने जो निर्णय सुनाया है, उस निर्णय का सम्मान करें। साथ ही कहा कि महान विभूतियों के सपने को सकार करने में भूमिका निभानी चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि ये लोकतंत्र का सबसे बड़ा मंदिर है। यह देश के महान विभूतियों के समर्पण और त्याग का परिणाम है। कहीं न कहीं हमारे इस लोकतंत्र का लोहा पूरी दुनिया मानता है। अलग-अलग रंग, बोली, सभ्यता-संस्कृति एक साथ मिलकर एक समूह में रहकर अपनी हर समस्या का समाधान करते हैं। आज उन महान विभूतियों के विचारों को देश आजाद होने से अब तक सम्मान करते आये हैं। उनके विचारों को अपने कंधों पर लेकर निरंतर इस लोकतंत्र को और मजबूत करने में लगे हैं। मुख्यमंत्री ने रवींद्र नाथ महतो को बधाई देते हुए कहा कि आपकी अध्यक्षता में पंचम विधानसभा सत्र सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

कर्नाटक के पूर्व सीएम एसएम कृष्णा का निधन, पीएम मोदी व हेमन्त ने जताया दुःख

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

बेंगलुरु : कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री एस.एम. कृष्णा का मंगलवार सुबह उनके आवास पर निधन हो गया। उनके परिवार ने यह जानकारी दी। परिवार के एक सूत्र ने बताया कि वरिष्ठ राजनेता एस.एम. कृष्णा (92) लंबे समय से बीमार थे। सूत्र ने बताया, एस.एम. कृष्णा अब नहीं रहे और उन्होंने अपने आवास पर रात दो बजकर 45 मिनट पर अंतिम सांस ली। पार्थिव शरीर को मद्दुर ले जाए जाने की संभावना है।

सोमनहल्ली मल्लैया कृष्णा के परिवार में उनकी पत्नी प्रेमा और दो बेटियां शांभवी एवं मालविका हैं। कर्नाटक के मांड्या जिले के सोमनहल्ली में एक मई, 1932 को जन्मे सोमनहल्ली मल्लैया कृष्णा ने 1962 में मद्दुर विधानसभा सीट से निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में जीत हासिल कर अपने राजनीति 'करियर' की शुरूआत की थी।

कांग्रेस में शामिल होने से पहले वह प्रजा सोशलिस्ट पार्टी से जुड़े थे। बाद में मार्च 2017 में वह भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो गए और कांग्रेस के साथ उनका करीब 50 साल पुराना रिश्ता टूट गया। उन्होंने जनवरी 2017 में कांग्रेस से इस्तीफा देते हुए कहा था कि पार्टी इस बात को लेकर असमंजस की स्थिति में है कि उसे जन नेताओं की जरूरत है या नहीं। कृष्णा ने पिछले वर्ष जनवरी में अपनी बढ़ती उम्र का हवाला देते हुए सक्रिय राजनीति से संन्यास लेने की घोषणा की थी। वह 11 अक्टूबर, 1999 से 28 मई, 2004 तक कर्नाटक के 16वें मुख्यमंत्री रहे और उस समय वह कांग्रेस नेता थे। उन्होंने महाराष्ट्र के राज्यपाल के रूप में भी कार्य किया और 2009 से 2012 तक मनमोहन सिंह के नेतृत्व वाली संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार के दौरान विदेश मंत्री रहे। विधि से स्नातक की शिक्षा प्राप्त करने वाले कृष्णा ने पहले अमेरिका के डलास, टेक्सास में साउथर्न मेथोडिस्ट यूनिवर्सिटी और बाद में वाशिंगटन डीसी में जॉर्ज वाशिंगटन यूनिवर्सिटी में 'लॉ स्कूल' में अध्ययन किया, जहां वे 'फुलब्राइट स्कॉलर' (अमेरिका का अंतरराष्ट्रीय शैक्षिक और सांस्कृतिक आदान-प्रदान का प्रमुख कार्यक्रम) थे।

कृष्णा दिसंबर 1989 से जनवरी 1993 तक कर्नाटक विधानसभा के अध्यक्ष रहे और वह 1971 से 2014 के बीच कई बार लोकसभा तथा राज्यसभा के सदस्य भी चुने जा चुके थे। कृष्णा, कर्नाटक विधानसभा तथा विधान परिषद दोनों के सदस्य रहे और 1993 से 1994 तक उन्होंने उपमुख्यमंत्री के रूप में भी जिम्मेदारी संभाली थी।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री एसएम कृष्णा के निधन पर शोक व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि वह असाधारण नेता थे। उनका सभी क्षेत्रों के लोग सम्मान करते थे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक्स हैंडल पर लिखा, "श्री एसएम कृष्णा जी एक असाधारण नेता थे, जिनकी प्रशंसा सभी क्षेत्रों के लोग करते थे। उन्होंने हमेशा दूसरों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए अथक प्रयास किया। कर्नाटक के मुख्यमंत्री के रूप में उनके कार्यकाल खासकर बुनियादी ढांचे के विकास पर उनके द्वारा विशेष रूप से दिये गये ध्यान को लेकर उन्हें बहुत याद किया जाता है। श्री एसएम कृष्णा जी एक सजग पाठक और विचारक भी थे। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स हैंडल पोस्ट में एसएम कृष्णा के साथ मुलाकातों की कुछ तस्वीरें भी साझा की हैं।

झारखंड के मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने उनके निधन पर शोक व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया एक्स पर मंगलवार को पोस्ट में लिखा है कि कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री और महाराष्ट्र के पूर्व राज्यपाल एसएम कृष्णा के निधन की दु:खद सूचना मिली। परमात्मा दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान कर शोकाकुल परिवारजनों को दु:ख की यह विषम घड़ी सहन करने की शक्ति दें।

एक नजर

चुटूपालू घाटी में ट्रेलर पलटा, ड्राइवर और खलासी की मौत

रामगढ़ : रामगढ़ थाना क्षेत्र के चुटूपालू घाटी में मंगलवार को सरिया लदा एक ट्रेलर खाई में जा गिरा। इस हादसे में ट्रेलर के ड्राइवर और खलासी की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। रामगढ़ थाना प्रभारी कृष्ण कुमार ने बताया कि मंगलवार के सुबह राष्ट्रीय राजमार्ग 33 पर रांची की ओर से आ रहा सरिया लदा ट्रेलर अनियंत्रित हो गया। घाटी में अनियंत्रित गाड़ी को ड्राइवर संभाल नहीं सका और वह खाई में जा गिरा। इस दुर्घटना में ड्राइवर और खलासी दोनों ही क्षतिग्रस्त टेलर के मलबे से दब गए, जिनसे उनकी मौत हो गई। क्रेन की सहायता से मलबे को हटाया गया और दोनों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया। फिलहाल, ड्राइवर और खलासी की पहचान नहीं हो सकी है। मौके पर पहुंचे तो देखा कि ट्रेलर सड़क के किनारे लगभग 20 फीट खाई में गिरा हुआ था।

सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबाद हाई कोर्ट के न्यायाधीश शेखर कुमार यादव के भाषण का लिया संज्ञान

एजेंसी

नयी दिल्ली : सुप्रीम कोर्ट ने जस्टिस शेखर कुमार यादव द्वारा दिए गए सांप्रदायिक भाषण का संज्ञान लिया है। शीर्ष अदालत ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि जस्टिस यादव के भाषण पर ध्यान दिया गया है।

प्रेस विज्ञप्ति में लिखा है, हाई कोर्ट से इस मामले पर विवरण मांगा गया है और मामला विचाराधीन है। ज्ञात हो कि अखिल भारतीय वकील संघ (एआईएलयू) ने सोमवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और भारत के मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना को पत्र लिखकर विश्व हिंदू परिषद (विहिप) के एक कार्यक्रम भाषण देने वाले इलाहाबाद हाई कोर्ट के जज शेखर कुमार यादव के खिलाफ कार्रवाई की मांग की थी। वकील संघ ने जस्टिस यादव द्वारा दिए भाषण को अल्पसंख्यकों के खिलाफ नफरत फैलाने वाला

बताया है।

जस्टिस यादव ने भाषण में क्या कहा था?

जस्टिस यादव ने रविवार (8 दिसंबर) को दिए अपने भाषण में कहा था कि भारत बहुसंख्यक समुदाय की इच्छाओं के अनुसार चलेगा। उन्होंने देश में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) की जरूरत पर जोर देते हुए कहा कि एक से अधिक विवाह, तीन तलाक या हलाला जैसी प्रथाओं के लिए कोई बहाना नहीं हो सकता। इस दौरान उन्होंने मुसलमानों के लिए 'कठमुल्ला' शब्द का भी इस्तेमाल किया।

वकील संघ ने पत्र में क्या लिखा है?

द हिंदू की रिपोर्ट के अनुसार, एआईएलयू ने पत्र में लिखा है, विहिप के मंच से इलाहाबाद हाई कोर्ट के जज शेखर यादव का भाषण संविधान के विरुद्ध है। साथ ही धर्मनिरपेक्षता और न्यायपालिका की स्वतंत्रता का सीधा अपमान है। यह भाषण न्यायपालिका की स्वतंत्रता को नुकसान पहुंचाने वाला है।

पत्र में आगे लिखा गया है कि उनके द्वारा दिए गए भाषण का लहजा, हिंदू धर्म के नाम पर मुसलमानों के खिलाफ नफरत फैलाने वाला था। एआईएलयू ने कहा, मुस्लिम अल्पसंख्यकों के खिलाफ उनके आरोप कड़वी और जहरीली प्रवृति के हैं, एक अदालत के जज के लिए यह अशोभनीय है। यह हाई कोर्ट के जज के पद की संवैधानिक शपथ का उल्लंघन है। पत्र में यह भी कहा गया है कि लोकतंत्र न तो बहुसंख्यकवाद है और न ही धार्मिक बहुसंख्यकवाद। राष्ट्रपति और सीजेआई को भेजे गए इस पत्र पर एआईएलयू अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद बिकास रंजन भट्टाचार्य और एआईएलयू के महासचिव पीवी सुरेंद्रनाथ के हस्ताक्षर थे।

पत्र में यह भी कहा गया है कि जस्टिस यादव का भाषण एक बार फिर हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में जजों के चयन और नियुक्ति के मामले में कॉलेजियम प्रणाली की कमजोरी को दर्शाता है। कॉलेजियम प्रणाली द्वारा न्यायपालिका की स्वतंत्रता को बचाने में सक्षम नहीं हो पाना, कार्यपालिका या न्यायपालिका के प्रभुत्व को स्वीकार किए बिना अदालतों के जज के चयन और नियुक्ति के लिए एक स्वतंत्र संवैधानिक तंत्र की आवश्यकता को दर्शाता है, पत्र में लिखा गया है। एआईएलयू ने जस्टिस यादव के भाषण पर कड़ी असहमति व्यक्त की है और उम्मीद जताई है कि भारत के राष्ट्रपति और सीजेआई इस मामले में हस्तक्षेप करेंगे और आवश्यक कार्रवाई करते हुए उनके खिलाफ कार्यवाही शुरू करेंगे।

पीएलएफआइ के दो नक्सली गिरफ्तार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

खूंटी : प्रतिबंधित नक्सली संगठन पीएलएफआइ के दो सक्रिय नक्सलियों को पुलिस ने कर्रा थाना क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गये नक्सलियों में पलसा कर्रा निवासी संदीप प्रमाणिक और रांची के इटकी थाना क्षेत्र के रानीडीह निवासी धनेश्वर महली शामिल है। इनके पास से पुलिस ने 72 हजार 500 रुपये नकद, एक स्कॉर्पियो और पांच मोबाइल फोन बरामद किये हैं।

कर्रा थाना में मंगलवार को आयोजित संवाददाता सम्मेलन में तोरपा के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी क्रिस्टोफर केरकेट्टा ने बताया कि गत दो दिसंबर को कर्रा थाना क्षेत्र के चंदापारा रेलवे क्रासिंग के अंडरपास पुलिया निर्माण स्थल पर पीएलएफआइ के नक्सलियों ने आगजनी की थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक अमन कुमार के निर्देश पर एसडीपीओ तोरपा के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। पुलिस टीम ने सोमवार को कर्रा थाना के पलसा गांव में छापेमारी कर कुख्यात नक्सली संदीप प्रमाणिक को गिरफ्तार कर लिया। इसके निशानदेही पर ग्राम पलसा से ही एक अन्य नक्सली धनेश्वर महली उर्फ दाने उर्फ धनंजय को पकड़ा गया। उसके पास से पीएलएफआइ संगठन का पर्चा, लेवी के 72,500 रुपये नकद, एक स्कॉर्पियो, आठ जिंदा कारतूस और मोबाइल बरामद किये गये।

एसडीपीओ ने बताया कि छापेमारी टीम में तोरपा के पुलिस इंस्पेक्टर अशोक कुमार सिंह, प्रभात रंजन पांडेय, मनीष कुमार, राजू कुमार, दीपक कांत सहित सशस्त्र बल शामिल थे।

नतीजों से पीछे नहीं हटने वाली, जनता के साथ हमेशा डट के खड़ी रहूंगी : अंबा प्रसाद

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

बड़कागांव : बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस प्रत्याशी अंबा प्रसाद के चुनावी परिणाम के बाद दिन सोमवार को बड़कागांव समाधान भवन में कांग्रेस की समीक्षा बैठक हुई। बैठक में पूर्व विधायक अंबा प्रसाद ने परिणाम की समीक्षा की। इस दौरान पूर्व मंत्री योगेंद्र साव भी मौजूद रहे। इस दौरान समीक्षा बैठक में यह बात निकाल कर आई कि विपक्ष भाजपा एवं आजसू गठबंधन को बड़कागांव की खनन पर कंपनियां एनटीपीसी, अडानी, ओएनजीसी समेत कई कंपनियों ने खुलकर मदद किया। जबकि पूर्व विधायक अंबा प्रसाद की सेवा एवं काम का उचित मूल्यांकन नहीं हो पाया। विपक्ष की राजनीति व कंपनियों ने जिस प्रकार विपक्षी पार्टी का मदद किया वो चीज हम लोगों ने विधानसभा क्षेत्र वासियों को सच्चाई दिखाने में नाकामयाब रहे जिसके कारण चुनावी नतीजे भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में गया। लोगों ने बताया कि मतदान से ठीक पहले भाजपा एवं आजसू के लोगों द्वारा धन बल का प्रयोग किया चुनाव के समय पूरे क्षेत्र से यह शिकायत सुनने को मिला। सांप्रदायिक तौर पर चुनाव को प्रभावित करने के लिए विरोधियों द्वारा फर्जी एवं सांप्रदायिक भावना को ठेस पहुंचाने वाले वक्तव्य मतदाता पर्ची के साथ बांटने का कार्य किया गया, कई मतदान केंद्र के बाहर इस तरह के पर्ची देखने को मिली। सोशल मीडिया मे कांग्रेस प्रत्याशी के खिलाफ अफवाह एवं फर्जी संदेशों को प्रसारित करवाया गया। इस चुनाव में कार्यकर्ताओं को तोड़ने के लिए भी सारे हथकंडे अपनाए गए, विपक्षी प्रत्याशी को गुंडा एवं गिरोहों का साथ मिला जिस कारण कार्यकर्ता पूरी तरह से मैदान में डटे नहीं रह पाए और विपक्षी इस प्रकार धनबल की राजनीति से चुनाव जीतने में सफल हुए। अंबा प्रसाद ने कहा कि बड़कागांव को मेरे परिवार ने अपने खून पसीने से सीचा है, बड़कागांव की सेवा में मेरा सर्वस्व न्योछावर था है और रहेगा। वोट के रूप में मिले आशीर्वाद के लिए जनता जनार्दन का धन्यवाद करती हूं, दुगुनी ऊर्जा से जनता के लिए संघर्ष जारी रहेगा और उपलब्ध रहूँगी। पूर्व मंत्री योगेंद्र साव ने कहा कि भले ही नतीजा हमारे पक्ष में नहीं आए लेकिन 5 वर्षों में किए गए विकास कार्य को जनता भली-भांति जानती है, विगत दिनों हुए विधानसभा चुनाव परिणाम कंपनी का बराबर विरोध करने के चलते खुलकर विरोधी पार्टियों का सपोर्ट करने चलते हमारे विपरीत रही लेकिन हमारा पूरा परिवार बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र वासियों के सेवा में पूर्व की भांति लगी रहेगी।

आंगनबाड़ी केंद्रों पर बच्चों के बीच मुखिया ने स्वेटर का किया वितरण

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

बरही : बरही प्रखंड अंतर्गत धनवार पंचायत के विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों में मंगलवार को ठंड को ध्यान में रखते हुए छोटे बच्चों और बच्चियों के बीच स्वेटर का वितरण किया गया। यह कार्यक्रम धनवार पंचायत के मुखिया राजेंद्र प्रसाद, समाजसेवी ममता देवी के संयुक्त प्रयास से आयोजित हुआ। इस अवसर पर मुखिया राजेंद्र प्रसाद ने कहा कि सरकार द्वारा बच्चों को ठंड से बचाने के लिए स्वेटर वितरित करना एक सराहनीय कदम है। उन्होंने कहा, आंगनबाड़ी केंद्रों में पढ़ने वाले बच्चों को एक जैसा स्वेटर पहनकर आते देखना सुखद अनुभव होगा। यह न केवल उन्हें ठंड से राहत देगा बल्कि उनके बीच समानता का संदेश भी देगा। बच्चों को स्वेटर पाकर बेहद उत्साहित देखा गया। समाजसेवी ममता देवी ने अभिभावकों से अपने बच्चों को प्रतिदिन आंगनबाड़ी केंद्र भेजने की अपील की। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्र बच्चों की प्रारंभिक शिक्षा का आधार है, जहां वे खेल-खेल में पढ़ाई और अन्य कौशल सीखते हैं। कार्यक्रम के दौरान, मुखिया ने आंगनबाड़ी केंद्रों की सेविका और सहायिका को केंद्र का संचालन सुचारू रूप से करने का निर्देश दिया।

प्रखंड प्रमुख और उप प्रमुख अंचलाधिकारी व राजस्व कर्मियों की कार्यशैली से परेशान

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

हजारीबाग : सदर प्रखंड की प्रमुख वीना देवी, उप प्रमुख रविकांत सिंह, पंचायत समिति सदस्य नीलम देवी और मुकेश कुमार सहित प्रमुख प्रतिनिधि गणेश मेहता ने अंचलाधिकारी और राजस्व कर्मचारियों की कार्यशैली को लेकर नाराजगी जताई है। प्रमुख और उप प्रमुख ने अंचल कार्यालय की अनियमितताओं और जनहित के मामलों में लापरवाही का आरोप लगाया है। प्रमुख ने बताया कि 30 जुलाई 2024 और 27 सितंबर 2024 को पत्र लिखकर अंचलाधिकारी से राजस्व कर्मचारियों और अंचल निरीक्षकों के साथ बैठक करने की मांग की गई थी ताकि जनहित में लंबित कार्यों को आगे बढ़ाया जा सके। लेकिन, अंचलाधिकारी ने इस पर कोई ध्यान नहीं दिया। इससे यह प्रतीत होता है कि अधिकारी और कर्मचारी रैयतों को परेशान करने और अपनी निजी स्वार्थ साधने में लगे हैं। सदर अंचल क्षेत्र में 20% रैयतों का अब तक ऑनलाइन कार्य नहीं हो सका है। 80% लोगों को अपने कार्यों के लिए अंचल कार्यालय के चक्कर लगाने पड़ते हैं। शिकायतें हैं कि कर्मचारी मोटी रकम की मांग करते हैं। उदाहरण के लिए, थाना नंबर 145, खाता नंबर 69 और प्लॉट नंबर 24 के आम गैरमजरुआ रास्ते पर दबंगों द्वारा मकान का निर्माण कराया जा रहा है। इसकी सूचना अंचलाधिकारी और अनुमंडल पदाधिकारी को दी गई, लेकिन दो वर्षों से कोई कार्रवाई नहीं हुई। एक अन्य मामले में वाद संख्या 11/2022 के तहत अतिक्रमण हटाने का आदेश दिया गया था। सुनवाई के बाद भी, आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। प्रभावित लोग न्याय के लिए अंचल कार्यालय और प्रमुख कार्यालय का लगातार चक्कर लगा रहे हैं। प्रखंड प्रमुख वीना देवी ने इस स्थिति को विडंबनापूर्ण बताते हुए कहा कि आम जनता को परेशान करने और भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने वाले अधिकारियों पर जल्द कार्रवाई होनी चाहिए।

सीजीएल परीक्षा परिणाम रद करने की मांग को लेकर आंदोलन कर रहे छात्रों पर प्रशासन ने किया लाठी चार्ज

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

हजारीबाग : सीजीएल परीक्षा परिणाम को रद्द करने के लिए आंदोलन कर रहे छात्रों पर पुलिस ने हजारीबाग में बल प्रयोग करते हुए लाठी चार्ज किया है। वहीं उग्र छात्रों ने पुलिस पर जमकर पथराव किया है। जिसमें एक दर्जन से अधिक गाड़ी क्षतिग्रस्त हुई है। जो गाड़ी क्षतिग्रस्त हुई है उसमें पुलिस की गाड़ी और पब्लिक ट्रांसपोर्ट की गाड़ी भी शामिल है। हजारीबाग में आज जमकर छात्रों ने बवाल काटा है। अपने निर्धारित कार्यक्रम के तहत छात्रों ने हजारीबाग बंद का ऐलान किया था। इस बाबत छात्रों ने एसडीओ ऑफिस को सूचना भी दी थी। छात्रों ने शहर में जहां विभिन्न दुकानों को निशाना बनाया तो दोपहर 1:20 में एनएच 33 जाम कर दिया। लगभग 4 घंटे तक छात्रों ने एनएच जाम रखा। प्रशासन के समझने के बावजूद छात्र इस बात को लेकर अड़े हुए थे कि परीक्षा परिणाम रद्द किया जाए। जब स्थिति बिगड़ी हुई देखी तो प्रशासन ने लाठी चार्ज करते हुए भीड़ को तितर-बितर किया। वहीं उग्र छात्रों ने इस दौरान जमकर पथराव किया है। जिसमें एक दर्जन से अधिक गाड़ी क्षतिग्रस्त किया गया। जिसमें पुलिस की गाड़ी भी शामिल है। यही नहीं जाम में फंसे बस और छोटे चार पहिया गाड़ी को भी निशाना बनाया गया। लगभग आधे घंटे तक पुलिस ने बल प्रयोग करते हुए भीड़ को तीतर बीतर किया है। इस दौरान पुलिस ने आंसू गैस का भी इस्तेमाल किया। घटना स्थल पर एसडीओ सदर अशोक कुमार, एडिशनल एसपी अमित कुमार पांच थाना के थाना प्रभारी भी घटनास्थल पर मौजूद रहे। इस दौरान भारी संख्या में पुलिस बल भी तैनात की गई। छात्रों ने आरोप लगाते हुए कहा कि इस पूरे परीक्षा में प्रश्न पत्र लीक हुआ है। इस कारण परीक्षा रद्द होना चाहिए। अगर परीक्षा परिणाम देखा जाए तो 21 तारीख को जो परीक्षा हुआ है उसमे मात्र 82 लोग पास किए हैं वहीं 22 तारीख को जो परीक्षा हुआ है उसमें 2178 परीक्षार्थी पास किए हैं। यह भी स्पष्ट करता है की परीक्षा में घोर अनियमित करते हुए सीट बेच दिया गया। झारखंड कर्मचारी चयन आयोग ने संयुक्त स्नातक स्तरीय परीक्षा के परिणाम घोषित कर दिए हैं। इस भर्ती अभियान का लक्ष्य कुल 2,025 पदों को भरना है। दस्तावेज सत्यापन 16 दिसंबर से 20 दिसंबर तक होगा। जानकारी मिलने के बाद रांची से विधानसभा सत्र से हिस्सा लेने के बाद सदर विधायक प्रदीप प्रसाद भी भारत माता चौक पहुंचे और छात्रों को समझने की कोशिश की लेकिन छात्र इस बात को लेकर अड़े रहे की परीक्षा परिणाम अभिलंब रद्द किया जाए और जब स्थिति अनियंत्रित होती विधि की तब सदर विधायक प्रदीप प्रसाद की घटना स्थल से निकालगए।

पूर्व मंत्री बंधु तिर्की आज आऐंगे हजारीबाग

हजारीबाग : अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के महासचिव सह झारखंड प्रभारी तथा झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश जी के निदेर्शानुसार हजारीबाग जिला समीक्षा समिति के संयोजक पूर्व मंत्री बंधु तिर्की अपने दो सदस्यों शंतानू मिश्रा व मनोज सहाय पिंकू के साथ हजारीबाग के दो दिवसीय समीक्षा बैठक में भाग लेगें । ज्ञात हो बुधवार को 11 बजे से 02 बजे हजारीबाग विधानसभा और 02 बजे से 04 बजे बड़कागांव विधानसभा की समीक्षा करेगें। वहीं हजारीबाग परिसदन में रात्रि विश्राम करेगें। गुरूवार को 11 बजे से 02 बजे बरही विधानसभा और 02 बजे से 04 बजे माण्डु विधानसभा की समीक्षा कर संध्या रांची के लिए प्रस्थान करेगें। उक्त जानकारी जिला कांग्रेस के उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता निसार खान ने दी।

झारखंड को विकसित राज्य बनाने के लिए प्रदीप प्रसाद ने पक्ष-विपक्ष के विधायकों संग की विशेष वार्तालाप

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

हजारीबाग : झारखंड को प्रगति की नई राह पर ले जाने के उद्देश्य से मंगलवार को रांची स्थित विधानसभा सभागार में सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने पक्ष और विपक्ष के विधायकों के साथ विशेष वातार्लाप की। इस बैठक में झारखंड को विकसित राज्य के रूप में स्थापित करने की कार्ययोजना पर गंभीर चर्चा हुई। एकता और सहयोग के प्रतीक के रूप में सभी विधायकों ने सामूहिक तस्वीर खिंचवाई और आपसी सौहार्द का परिचय दिया। इस अवसर पर प्रदीप प्रसाद ने कहा, झारखंड की प्रगति हमारे सामूहिक प्रयासों पर निर्भर करती है। जब सभी विधायक दलगत राजनीति से ऊपर उठकर जनता के हित में कार्य करेंगे, तभी राज्य एक नई ऊंचाई को छू सकेगा। हमारा उद्देश्य झारखंड को शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और बुनियादी ढांचे में अग्रणी बनाना है।

महिला सशक्तिकरण पर विशेष जोर

बैठक में महिला सशक्तिकरण की दिशा में भी चर्चा की गई। प्रसाद ने नारी शक्ति की भूमिका की सराहना करते हुए कहा, महिलाएं हमारे समाज और राज्य की सच्ची ताकत हैं। हमें महिलाओं को शिक्षा, रोजगार और नेतृत्व के अवसर देकर उन्हें सशक्त बनाना होगा। उनकी सक्रिय भागीदारी के बिना झारखंड का विकास अधूरा है। पक्ष और विपक्ष के विधायकों ने झारखंड के विकास के लिए सामूहिक प्रयासों का संकल्प लिया। इस पहल की सराहना करते हुए विधायकों ने एक-दूसरे को बधाई दी। प्रदीप प्रसाद ने कहा, हमारा उद्देश्य है कि हजारीबाग सहित झारखंड के हर नागरिक तक विकास की रोशनी पहुंचे। इसके लिए संतुलित और समावेशी नीतियों को अपनाना जरूरी है। यह वातार्लाप झारखंड की प्रगति के लिए एक महत्वपूर्ण कदम साबित हो सकता है। राज्य में शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार को बढ़ावा देने के लिए यह सामूहिक पहल नई दिशा प्रदान करेगी।

एक नजर

प्रबंधन समिति के अध्यक्ष बने तारिणी प्रसाद और संयोजिका बनी सावित्री देवी

बड़कागांव : बड़कागांव के पीएम श्री मध्य विद्यालय में प्रबंधन समिति की गठन करने को लेकर ग्राम सभा का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता बड़कागांव मध्य पंचायत के मुखिया मोहम्मद तकरीमुल्लाह खान एवं संचालन शिक्षक चेतलाल राम ने किया। ग्राम सभा की शुरूआत प्रधानाध्यापक अशोक कुमार द्वारा स्वागत भाषण से शुरू की गई। एवं उन्होंने प्रबंधन समिति के पुनर्गठन के नियमों को पढ़कर सुनाया। मौके पर मुखिया मो. तकरीमुल्लाह खान, पंचायत समिति सदस्य रितेश ठाकुर ने सभा को संबोधित किया। इसके बाद पर्यवेक्षक मोहम्मद नौशाद आलम सीआरपी अजय कुमार, के देख रेख में 16 सदस्यों का सर्व समिति से चुना गया। इसके बाद प्रबंधन समिति के अध्यक्ष तारणी प्रसाद, उपाध्यक्ष पूनम देवी, संयोजिका सावित्री देवी, उप संयोजिका शर्मिला देवी एवं सदस्य सहगदी प्रवीण, शारदा देवी (प्रथम), सरस्वती देवी, सरजू महतो, सविता देवी, पिंकी देवी, शारदा देवी (द्वितीय), जिरवा कुमारी, पदेन सचिव संयोजक अशोक कुमार प्रधानाध्यापक) स्थानीय प्राधिकार मुखिया मो तकरीमुल्लाह खान, सागर कुमार, प्रधानमंत्री बाल संसद को चुना गया।

केनरा बैंक ने दर्जनों ग्रामीणों का खोला खाता

बड़कागांव: बड़कागांव में संचालित केनरा बैंक शाखा की ओर से ग्रामीणों को स्मृद्ध बनाने के लिए अंतिम व्यक्ति को बैंकिंग प्रणाली से जोड़ने का काम का शुरूआत किया गया है। बड़कागांव केनरा बैंक प्रबंधक शशि कुमार बागे के नेतृत्व में बैंक कर्मियों के द्वारा खैरातरी गांव में कैंप लगाकर ग्रामीणों का टैब मशीन से दर्जनों खाता खोला गया तथा तुरंत खाता नंबर मुहैया कराया गया। इस दौरान केनरा बैंक में उपलब्ध चालू खाता, बचत खाता, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना, प्रधानमंत्री जीवन सुरक्षा योजना, जनधन योजना खाता, सामान्य बचत खाता, केसीसी मुद्रा लोन सावधि खाता, हाउसिंग लोन के अलावा अन्य लोन से संबंधित विकास योजनाओं की भी जानकारी ग्रामीणों को दी गई। मौके पर उपस्थित लोगों में मुख्य रूप से बैंक प्रबंधक शशि कुमार बागे, प्रधान कैशियर मृत्युंजय कुमार, कामेश्वर महतो, सहेस कुमार, रामचंद्र महतो, निरज कुमार, यशोदा कुमारी, कुंती कुमारी का सराहनीय योगदान रहा।

उपायुक्त के जनता दरबार में फरियादियों ने लगाई गुहार

हजारीबाग : उपायुक्त नैन्सी सहाय ने मंगलवार को जनता दरबार का आयोजन कर आमजनों की समस्याओं को सुना। उपायुक्त ने आमजनों की समस्याओं के बाबत कहा कि इनकी परेशानियों को हल करना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। आज के जनता दरबार में शहरी सहित विभिन्न प्रखंडों से लगभग 1 दर्जन आवेदकों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन समर्पित कर समाधान की मांग की। जिनमें मकान मुआवजा, रोजगार, गंभीर बीमारी में मदद, ऑनलाईन रसीद, लंबित म्यूटेशन, प्रमाण पत्र, आवास, सेवानिवृति पावना, राशनकार्ड, बकाया मानदेय, इत्यादि मामले शामिल रहे। मौके पर आये सभी आवेदनों को उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को भेजते हुए जांचोपरांत उचित एवं त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

संक्षिप्त खबरें

मदनगुंडी टोल प्लाजा पर स्थानीय को छूट देने की मांग, आंदोलन की चेतावनी

चंदवारा/बरही : चंदवारा प्रखंड स्थित मदनगुंडी टोल प्लाजा पर स्थानीय लोगों को टोल टैक्स में छूट देने की मांग जोर पकड़ रही है। इस मुद्दे पर एक बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता बरही विधानसभा के पूर्व विधायक प्रत्याशी कृष्ण यादव ने की। बैठक का संचालन उदय पंडित ने किया। बैठक में शामिल स्थानीय लोगों ने एक स्वर में टोल प्लाजा से स्थानीयता को प्राथमिकता देने की मांग उठाई। कृष्णा यादव ने कहा, झारखंड सरकार के नियमों के अनुसार 75 प्रतिशत स्थानीय लोगों को रोजगार दिया जाना चाहिए। इसके अलावा, कोडरमा जिला के जेएच-12 नंबर वाहनों और बरही विधानसभा क्षेत्र के सभी चार पहिया वाहनों को टोल टैक्स से छूट मिलनी चाहिए। पूर्व मुखिया वीरेंद्र पासवान ने कहा कि चंदवारा प्रखंड के सभी बड़े वाहनों को भी छूट दी जानी चाहिए। मुखिया मनोज पासवान ने विशेष रूप से उन गाड़ियों का उल्लेख किया, जो उरवां से पानी टंकी लेकर गुजरती हैं, उन्हें भी टोल टैक्स से राहत दी जानी चाहिए। समाजसेवी सैयद अनवर ने चेतावनी दी, यदि हमारी मांगों को नहीं माना गया, तो हम उग्र आंदोलन करेंगे। बैठक के बाद एक प्रतिनिधिमंडल ने टोल प्लाजा के प्रबंधक से मुलाकात की और अपनी मांगों का ज्ञापन सौंपा। टोल प्रबंधन को 12 तारीख तक इन मांगों पर विचार करने का समय दिया गया है। कृष्णा यादव ने कहा, यदि हमारी मांगों को अनदेखा किया गया, तो हम आंदोलन की रणनीति तैयार करेंगे। बैठक में पूर्व कोडरमा लोकसभा प्रत्याशी मनोज यादव, पूर्व प्रत्याशी केदार यादव, पूर्व जिला परिषद प्रतिनिधि अशोक सिंह, कांग्रेस नेता मनोज सहय पिंकू, जेएलकेएम जिला अध्यक्ष चंदन यादव, उप मुखिया रघु यादव, पंचायत समिति सदस्य रामविलास पासवान, पूर्व मुखिया धीरज रजक, समाजसेवी अरमान खान, रोहित यादव, रामकुमार मोदी, विनय मोदी, संतोष यादव, दीपक पंडित, रोहित पंडित, प्रभु यादव, सोनू पंडित, भारत पंडित छोटू पासवान, अरुण यादव, मोहम्मद साजिद अंसारी, अरविंद यादव, द्वारिक पासवान एवं सैकड़ो की संख्या में लोग शामिल थे। बैठक के बाद से क्षेत्र में आंदोलन की तैयारियां तेज हो गई हैं। स्थानीय लोग अपने अधिकारों के लिए संघर्ष करने को तैयार नजर आ रहे हैं।

गडलाही मोड़ पर दुर्घटनाओं को रोकने के लिए हुई सुधारात्मक कार्रवाई

बरही: बरही थाना क्षेत्र के गडलाही मोड़ पर लगातार हो रही दुर्घटनाओं से परेशान ग्रामीणों ने सुरक्षा उपायों की मांग की थी। हाल ही में प्रतिबंधित मछली से लदी एक गाड़ी के दुर्घटनाग्रस्त होने और इस घटना की खबरें अखबारों में प्रकाशित होने के बाद प्रशासन ने मामले को गंभीरता से लिया। एनएचएआई भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारियों ने गडलाही मोड़ पर पहुंचकर सुधारात्मक कदम उठाए। उन्होंने सड़क पर ब्रेकर और दिशा सूचक पट्ट लगाए, सड़क किनारे की झाड़ियां साफ कराई, और बीच चौक पर संकेतक बत्ती की व्यवस्था की। यह कदम ग्रामीणों द्वारा लंबे समय से की जा रही मांग का परिणाम है। बरिया पंचायत के पूर्व मुखिया हरेंद्र गोप ने अधिकारियों से संपर्क कर इस समस्या के समाधान के लिए आवश्यक कदम उठाने का अनुरोध किया था। मौके पर उपस्थित ग्रामीणों में सुभाष पंडित, राजेश पंडित, सिकंदर कुमार, पुरन राम, मनोज कुमार दुबे, मनोज पंडित, हरि प्रजापति, धीरेन्द्र कुमार यादव, कैलाश यादव, रामसेवक प्रजापति, और छोटू प्रजापति सहित अन्य शामिल थे। सभी ने मिलकर सड़क पर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर अपनी आवाज उठाई थी। ग्रामीणों ने इस पहल का स्वागत किया और उम्मीद जताई कि इन सुधारात्मक उपायों से गारलाही मोड़ पर होने वाली दुर्घटनाओं में कमी आएगी।

आईसेक्ट विश्वविद्यालय में विश्व मानवाधिकार दिवस पर कार्यक्रम का हुआ आयोजन

हजारीबाग : आईसेक्ट विश्वविद्यालय, हजारीबाग के मुख्य कैंपस सभागार में आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन व विधि विभाग के सहयोग से राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के बैनर तले मंगलवार को विश्व मानवाधिकार दिवस के मौके पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। एनएसएस के छात्र-छात्राओं की ओर से पेश किए गए लक्ष्य गीत व प्रेरक उद्बोधन से कार्यक्रम की शुरूआत हुई। कार्यक्रम परिचय के बाद मौके पर मौजूद बतौर मुख्य अतिथि डीन एकेडमिक डॉ एमके मिश्रा ने विश्व मानवाधिकार दिवस पर प्रकाश डालते हुए कहा कि दरअसल यह दिन सम्मान, स्वाभिमान और समानता के साथ मानव अधिकारों की रक्षा को लेकर जागरूक करता है। डॉ भीमराव अम्बेडकर के योगदान का उल्लेख करते हुए विशिष्ट अतिथि व विश्वविद्यालय के डीन एडमिन डॉ एसआर रथ ने कहा कि डॉ अम्बेडकर ने समाज की कुरीतियों और विकृतियों के खिलाफ संघर्ष किया। उन्होंने आज के युग में एकता और सहानुभूति के सिद्धांतों को बनाए रखने की आवश्यकता पर जोर दिया। मुख्य वक्ता व विधि विभाग डीन डॉ जयदीप सान्याल ने कहा कि मानवाधिकार एवं मूल स्वतंत्रता ऐसे व्यक्तिगत अधिकार हैं, जो मानवीय आवश्यकताओं और क्षमताओं पर आधारित होते हैं। ये वे अधिकार हैं, जिनके बिना व्यक्तित्व का हनन और प्रतिष्ठा का विनाश हो जाता है। विधि विभाग विभागाध्यक्ष कोमल पल्लवी भेंगरा ने मानवाधिकारों का संरक्षण एवं क्रियान्वयन करना हर नागरिक की जिम्मेदारी बतायी। राष्ट्रीय सेवा योजना समन्वयिका डॉ रोजी कांत ने मानवाधिकारों की शिक्षा को समाज में फैलाने की आवश्यकता पर बल दिया। धन्यवाद ज्ञापन सीएस एंड आईटी विभाग डीन उदय रंजन ने किया। बताते चलें कि कार्यक्रम ने छात्र-छात्राओं को मानवाधिकारों के प्रति संवेदनशील बनाने और समाज में उनके महत्व को समझाने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मौके पर कृषि संकायाध्यक्ष डॉ अरविंद कुमार, एचआर राज तिवारी, टीपीओ मनोज कुमार, कृषि विभागाध्यक्ष डॉ सत्यप्रकाश विश्वकर्मा, प्रभात किरण, प्रतिभा हेंब्रम, फरहीन सिद्दीकी, संजय कुमार, डॉ आरसी राणा, डॉ विनय कुमार, तबरेज खान, प्रिति वर्मा, विशाखा बाला, मति गीता स्वामी सहित अन्य प्राध्यापक -प्रध्यापिकाओं व कर्मियों के साथ साथ स्वयंसेवकों व अन्य छात्र-छात्राओं की मौजूदगी रही।

एक नजर

राज्यपाल से मिला सर्व सनातन समाज का प्रतिनिधिमंडल

रांची : राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से मंगलवार को राजभवन में सर्व सनातन समाज, रांची के प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल को राष्ट्रपति को संबोधित एक ज्ञापन भी सौंपा। सौंपे गए ज्ञापन में बांग्लादेश में हिन्दू, सिख, जैन और बौद्ध धर्म के लोगों पर हो रहे अत्याचार का उल्लेख किया गया है। ज्ञापन के माध्यम से इस्कॉन के सन्यासी चिन्मय कृष्ण दास को बांग्लादेश सरकार द्वारा कारावास से मुक्त करने की बात भी कही गई है।

21 दिसंबर तक चलेगा पुरुष नसबंदी अभियान

रांची : परिवार नियोजन कार्यक्रम के अंतर्गत पुरुष नसबंदी अभियान 2-21 दिसंबर 2024 तक चलाया जा रहा है। इसके अंतर्गत मंगलवार को सिविल सर्जन कार्यालय सभागार से जागरूकता रथ अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अरविंद कुमार के द्वारा रवाना किया गया। ताकि पुरुष नसबंदी की संख्या में बढ़ोतरी हो सके। इस वर्ष पुरुष नसबंदी के तहत कुल 2500 एनएसवी का लक्ष्य रांची जिला को दिया गया है। कार्यक्रम में रांची जिला के डीपीएम प्रवीण कुमार डीपीसी सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मी शामिल हुए।

कवियित्री रिंकू बनर्जी को मिला साहित्योदय साहित्य रत्न सम्मान

रांची : राजधानी रांची की रिंकू बनर्जी को साहित्योदय साहित्य रत्न 2024 के सम्मान से नवाजा गया है। उन्हें यह सम्मान हरिद्वार में हुए अंतरराष्ट्रीय काव्य महोत्सव में दिया गया। दो दिवसीय शिवायन अंतरराष्ट्रीय साहित्य महोत्सव में देश और विदेश से आए प्रबुद्ध कवियों ने शिरकत किया। साहित्योदय के संस्थापक अध्यक्ष पंकज प्रियम, संरक्षक पंडित बुद्धिनाथ मिश्र, आचार्य देवेंद्र देव, उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री भगत सिंह कोश्यारी, एवरेस्ट विजेता पद्मश्री संतोष यादव सहित कई गणमान्य लोगों की उपस्थिति रही। रिंकू बनर्जी के वेद गायन एवं मंच संचालन को भी वहां मौजूद लोगों ने काफी सराहा।

अनगड़ा व नामकुम थाना में अवैध बालू लदा वाहन जब्त

रांची : रांची डीसी मंजूनाथ भजन्त्री अवैध बालू उठाव की लगातार मिल रही शिकायतों को काफी गंभीरता से लिया। डीसी ने इस तरह की शिकायतों पर त्वरित संज्ञान लेते हुए इसपर कार्रवाई करने का निर्देश सभी सम्बंधित पदाधिकारियों को पूर्व में ही दे दिए हैं। इसी क्रम में डीसी के निर्देश पर सदर एसडीओ उत्कर्ष कुमार ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सोमवार की रात जिला खनन पदाधिकारी रांची एवं माइनिंग इंस्पेक्टर को जल्द से जल्द कार्रवाई करने का निर्देश दिया। जिसपर जिला खनन पदाधिकारी रांची एवं माइनिंग इंस्पेक्टर द्वारा नामकुम थाना क्षेत्र एवं अनगड़ा थाना क्षेत्र में औचक निरीक्षण के क्रम में अवैध बालू गश्ती के दौरान अवैध बालू के ट्रकों को पकड़ा गया। अवैध बालू लदे वाहन की सूचना मिली थी कि बुंडू से नामकुम की तरफ कुछ अवैध बालू लदा टर्बो आ रहा है।

दक्षिण पूर्व रेलवे-निविदा

निविदा सूचना सं.: डीआरएमईएनजीजी आरएनसी-64-2024, दिनांक 09.12.2024; भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से मंडल रेल प्रबंधक (इंजी), दक्षिण पूर्व रेलवे, रांची द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: कार्य का नाम: रांची में स्थित पुराने राजधानी से पुराने एवं नए वाटर ट्रीटमेंट प्लांट तक जल आपूर्ति पाइप लाइन के साथ स्थित कूड़ा, पुराने एवं नए वाटर ट्रीटमेंट प्लांट तथा चरेलू प्लांट का को वर्षों के लिए सम्पूर्ण संचालन एवं रखरखाव। निविदा मूल्य: रु. 1,88,09,145.20, ईएमडी मूल्य: रु. 2,63,100, निविदा बंद होने की तारीख एवं समय: 30.12.2024 को अपराह्न 3.00 बजे। ऑनलाइन निविदा के लिए निविदादाता वेबसाइट www.ireps.gov.in देख सकते हैं। पिन कोड- 834003. (PR-885)

बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार को लेकर सर्व सनातन समाज सड़कों पर उतरा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

रांची : सर्व सनातन समाज की ओर से मंगलवार को राजधानी में बांग्लादेश में हिंदू सहित अन्य अल्पसंख्यकों पर हमले और हत्या के विरोध में विरोधमार्च निकाला गया। संगठन की ओर से दिन के 12 बजे मोरहाबादी मैदान से विरोध मार्च आरंभ हुआ। मार्च विभिन्न मार्ग से होकर राजभवन पहुंचा, जहां झारखंड के राज्यपाल को राष्ट्रपति के नाम का ज्ञापन सौंपा जाएगा। संगठन के चिन्मय मिशन के प्रमुख स्वामी परिपूणार्नंद, विनोद गढ्यान, मेन रोड गुरुद्वारा के मुख्य ग्रंथी विक्रमजीत सिंह, श्वेतांबर जैन समाज के सचिव विनोद विरमानी, बौद्ध समाज के पावन लामा ने सोमवार को रांची रेलवे स्टेशन रोड के एक होटल में कार्यक्रम की इसकी जानकारी दी थी।

क्या है पूरा मामला

विनोद गढ्यान ने कहा बांग्लादेश में अल्पसंख्यक महिलाओं और बेटियों का जबरन धर्मांतरण करने के साथ उनके साथ दुष्कर्म किया जा रहा है। कट्टरपंथी मंदिरों और अन्य धार्मिक स्थलों में पूजा-अनुष्ठान के दौरान हमला कर रहे हैं। भारत सरकार को बांग्लादेश पर अंतरराष्ट्रीय दबाव बनाकर अल्पसंख्यकों की सुरक्षा के लिए उचित कदम उठाने चाहिए।

उन्होंने आगे कहा कि इस्कॉन फाउंडेशन के संत चिन्मय दास जी को देशद्रोही का आरोप लगाकर गिरफ्तार किये जाने का विरोध जताया। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश के संविधान के अनुच्छेद 2 अ में कहा गया है कि यद्यपि हम मुस्लिम राष्ट्र हैं फिर भी यहां हिन्दू,बौद्ध,सिख और ईसाई सहित अन्य सभी धर्मों की सुरक्षा के लिए हम संकल्पित हैं।फिर भी आज जिस प्रकार से वहां के अल्पसंख्यको के मानवाधिकार का हनन हो रहा है और यूनाइटेड नेशन खामोश है यह एक चिंता का विषय है।

क्या कहा स्वामी दिव्यानंद महाराज ने

अखिल भारतीय संत समाज समिति के उपाध्यक्ष स्वामी दिव्यानंद महाराज ने कहा कि बांग्लादेश सरकार हिंदूओं के खिलाफ हो रहे अत्याचार को रोके। चिन्मय मिशन के प्रमुख स्वामी पूर्णानन्द ने कहा कि बांग्लादेश को यह नहीं भूलना चाहिए कि आपका जन्मदाता भारत ही है अगर भारत आपसे रूठ जाए तो बड़ी मुसीबतों का सामना करना पड़ेगा। श्वेतांबर जैन समाज के सचिव बिनोद जैन बेगवानी ने कहा कि बांग्लादेश में अविलंब शांति बहाल होनी चाहिए।

राष्ट्रीय फुटबॉल प्रतियोगिता में हरियाणा को हराकर झारखंड की बेटियां बनी चैंपियन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

रांची : 68वीं राष्ट्रीय स्कूल खेल प्रतियोगिता 2024-25 में झारखंड की बेटियों ने जीत का डंका बजा दिया है। जम्मू कश्मीर में 6 दिसंबर से शुरू हुए अंडर 17 बालिका वर्ग राष्ट्रीय फुटबॉल प्रतियोगिता में झारखंड की बालिका टीम ने हरियाणा को 1-0 से पराजित कर चैंपियन बनी। झारखंड की ओर से अनुष्का कुमारी ने एक गोल किया। इस टीम में इमरान खान कोच और बिंदु कुजूर टीम मैनेजर की भूमिका में रही। झारखंड की जीत पर शिक्षा विभाग के मंत्री रामदास सोरेन, सचिव उमाशंकर सिंह समेत विभाग के अन्य पदाधिकारियों ने पूरी टीम को बधाई दी।

12 को रांची आएगी टीम होगा सम्मान

अंडर 17 बालिका वर्ग फुटबॉल प्रतियोगिता में चैंपियन बनकर झारखंड की बालिका टीम 12 दिसंबर को रांची लौटेगी। रांची में टीम का भव्य स्वागत किया जाएगा। इसके साथ ही झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद में बालिका टीम के सम्मान में स्वागत समारोह भी किया जाएगा।

'पंच प्रण' थीम पर राष्ट्रीय युवा महोत्सव 14 से, तैयारियां पूरी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

रांची : झारखंड खेल एवं युवा कार्य विभाग की ओर से आगामी 14 दिसंबर से 'पंच प्रण' थीम पर राष्ट्रीय युवा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। महोत्सव की तैयारियों पूरी कर ली गयी है। रांची के ऑड्रे हाउस में 14 दिसंबर को जिला स्तरीय और 16 दिसंबर को प्रमंडल स्तरीय युवा महोत्सव का आयोजन किया जायेगा। इस महोत्सव में कई प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जायेगा, जिनमें सामूहिक लोकनृत्य, सामूहिक लोकगीत, एकल लोकनृत्य, एकल लोकगीत, चित्रकला, भाषण, विज्ञान मेला (एकल), कहानी लेखन, कविता लेखन, विज्ञान मेला (सामूहिक), फोटोग्राफी शामिल हैं। राष्ट्रीय युवा महोत्सव में आयोजित होने वाली

प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रतिभागियों को 12 दिसंबर तक विकास भवन स्थित जिला खेल कार्यालय में रजिस्ट्रेशन कराना होगा। इसके अलावा प्रतिभागियों को https://mybharat.gov.in My Bharat Portal पर भी पंजीकृत कराना होगा। प्रतिभागी की उम्र कम से कम 15 और अधिकत्तम 29 वर्ष होनी चाहिए। जिला स्तर पर चयनित विजेता प्रमंडल स्तर पर भाग ले सकते हैं। बता दें कि राष्ट्रीय युवा महोत्सव रांची में एक नई ऊर्जा और उत्साह लेकर आया है। यह महोत्सव युवाओं को एक मंच प्रदान करता है।

जहां वे अपनी प्रतिभा और रचनात्मकता को दिखा सकते हैं। यह महोत्सव न केवल युवाओं को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का मंच प्रदान करता है, बल्कि उन्हें राष्ट्रीय भावना से भी जोड़ता है। इस महोत्सव का मुख्य उद्देश्य युवाओं में कला, संस्कृति और राष्ट्रीय भावना को जागृत करना है।

विज्ञान वाद-विवाद प्रतियोगिता में 40 विद्यालयों ने लिया हिस्सा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

रांची : झारखंड की राजधानी रांची में स्थित टेंडर हार्ट स्कूल में मंगलवार को अंतर-विद्यालयी विज्ञान वाद-विवाद प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में जिला के 40 विद्यालयों के करीब 80 प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता का विषय "ट्रांसह्यूमनिज्म" था। सभी प्रतिभागियों ने इस विषय पर अपने विचारों और दृष्टिकोण को प्रस्तुत किया।

बता दें कि प्रतिभागियों ने तार्किक तर्कों और नवीन विचारों से दर्शकों और निर्णायकों को प्रभावित किया। प्रतियोगिता के अंत में DPS रांची के दर्शित पंडित ने प्रथम स्थान और इशिका साहू ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। जबकि जी एंड एच हाई स्कूल की इशिता चौहान को प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त हुआ।

इस कार्यक्रम में निर्णायक मंडल के रूप में NIAMT के प्रोफेसर डॉ अनूप कुमार सूद, टाइम्स ऑफ इंडिया की पूर्व ब्यूरो चीफ सोनाली दास और BIT मेसरा की Phd स्कॉलर सौम्या सुवर्णा उपस्थित रहे। बता दें कि मुख्य अतिथि और टेंडर हार्ट स्कूल के चेयरमैन सुधीर तिवारी ने विजेताओं को नकद राशि, ट्रॉफी और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। विजेताओं को क्रमशः 5000, 3000, और 2000 रुपये की नकद राशि दी गई।

मुख्य अतिथि ने उपस्थित सभी विद्यार्थियों और शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि आज के समय में युवाओं में तार्किक और वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करना अत्यंत आवश्यक है। इस प्रकार की प्रतियोगिताएं छात्रों को अपने विचारों को न केवल व्यक्त करने का मंच देती हैं। बल्कि उनके आत्मविश्वास को भी बढ़ाती हैं। इस कार्यक्रम का मुख्य प्रायोजक Amity विश्वविद्यालय झारखंड था। कार्यक्रम में टेंडर हार्ट के वाईस चेयरमैन वेदान्त तिवारी, प्राचार्या उषा किरण झा, निदेशक जे मोहन्ती और हेडमिस्ट्रेस शिवांगी शुक्ला सहित सभी विद्यार्थी एवं शिक्षक उपस्थित थे।

उर्दू शिक्षक संघ ने रामदास सोरेन को शिक्षा मंत्री बनाये जाने पर दी बधाई

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

रांची : झारखंड राज्य उर्दू शिक्षक संघ, पूर्वी सिंहभूम जिला कमेटी की बैठक रा उर्दू बालिका मध्य विद्यालय, हल्दीपोखर में मंगलवार को हुई। संघ के केंद्रीय महासचिव अमीन अहमद ने कहा कि रामदास सोरेन को स्कूली शिक्षा एव साक्षरता विभाग का मंत्री बनाया जाना सरकार का बेहतर कदम साबित होगा। कहा कि सोरेन एक मृदुभाषी व्यक्ति होने के साथ झारखंड आंदोलन के अनुभवी व्यक्ति हैं। जिनके अनुभव का सकारात्मक परिणाम शिक्षा विभाग में देखने को मिलेगा।

मंत्री रामदास सोरेन के हालिया दिये गये साक्षात्कार में विभिन्न मुद्दों पर त्वरित रूप से संज्ञान में लेते हुए ठोस पहल किये जाने का स्वागत किया गया। पूर्ववर्ती रघुवर सरकार के कार्यकाल में बंद किये गए विद्यालयों को मंत्री रामदास सोरेन द्वारा पुनः खोले जाने के निर्णय का स्वागत किया गया, क्योंकि छात्र हित में इसका बेहतर परिणाम सामने आयेगा, साथ ही बच्चों को उनके आवास के निकट ही पठन पाठन की सुविधा मिलने के साथ साथ शत प्रतिशत बच्चे विधालय से जुड़ सकेंगे।

क्षेत्रीय भाषा अथवा अपनी मातृभाषा में पढ़ाई की व्यवस्था सुनिश्चित किये जाने की पहल से आरटीई 2009 का अनुपालन करने की दिशा में ठोस कदम साबित होगा क्योंकि इससे प्राथमिक विद्यालयों में बच्चों को उनकी मातृभाषा में पढ़ाई सुनिश्चित हो सकेगा, इसके साथ ही झारखंड राज्य उर्दू शिक्षक संघ ने शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन से अपेक्षा रखती है कि जल्द ही वे शिक्षा एवं शिक्षक हित में ठोस कदम उठायेंगे और तमाम लंबित मामलों पर उचित निर्णय लेंगे। पूर्वी सिंहभूम में भी कई उर्दू विद्यालयों को सामान्य विद्यालयों में 2016 में ही मर्ज कर दिया गया था जिससे विशेषकर छात्राओं के पठन-पाठन में प्रतिकूल असर पड़ा तथा छात्र - छात्राओं की पढ़ाई बाधित हुई।

प्रशिक्षण का उद्देश्य लोगों की सहायता करना : आनंद

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

रांची : झालसा के निर्देश पर नालसा के द्वारा नवसंचालित- मानसिक बीमारी और बौद्धिक अक्षमता वाले व्यक्तियों के लिए कानूनी सेवाएं योजना के तहत डालसा, रांची में नवगठित कानूनी सेवा युनिट का दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम मंगलवार को संपन्न हो गया। इसमें डालसा सचिव सहित सेवानिवृत्त प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं पैनल के अधिवक्ता, एलएडीसीएस के सदस्य एवं पारा लिगल वॉलिन्टियर शामिल हुए। दो दिवसीय प्रशिक्षण के दूसरे दिन भी ट्रेनिंग हॉल व्यवहार न्यायालय, रांची में नवगठित कानूनी सेवा युनिट के सदस्यों को प्रशिक्षण दिया गया।

पांचवें सत्र में झालसा के उपसचिव, मनिष मिश्रा ने कानूनी सेवा युनिट के सभी सदस्यों को इस बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने महिला संरक्षण गृह, कारागृह, बाल देखभाल संस्थानों और अन्य संस्थानों में दी जाने वाली कानूनी सेवाओं के बारे में बताया। इसके अलावा उन्होंने जेल में मिलने वाली कानूनी सेवाएं, तालुकाओं में मिलने वाली कानूनी सेवाएं की जानकारी दी। उन्होंने गृह भ्रमण के माध्यम से दी जानेवाली कानूनी सेवाओं की जानकारी दी। उपस्थित सदस्यों को उन्होंने सामाजिक कल्याण योजनाओं का लाभ उठाने में कानूनी सहायता के बारे में बताया। छठे सत्र में एलएडीसीएस चीफ, प्रवीण कुमार श्रीवास्तवा ने नालसा के कार्यान्वयन के लिए कानूनी सेवा प्रदाताओं की भूमिकाएं और जिम्मेदारियों के बारे में विस्तार से बताया। सातवें सत्र में दिपशिखा इंस्टीच्यूट ऑफ चाईल्ड डेवलपमेंट एंड मेंटल हेल्थ से आये प्रतिनिधियों ने मानसिक बीमारी एवं बौधिक अक्षमता के प्रकारों के बारे में विस्तार से बताया। उनकी टीम ने बौद्धिक असक्षम व्यक्तियों के रोजगार, विशेष रूप से उनके व्यावसायिक प्रशिक्षण और स्वरोजगार को सुविधाजनक बनाने और समर्थन देने के लिए, उनके लिए रियायती दरों पर ऋण के प्रावधान सहित योजनाएं और कार्यक्रम बनाने की आवश्यकता पर जोर दिया। बताया कि ऐसे व्यक्तियों को सभी मुख्यधारा की औपचारिक और अनौपचारिक व्यावसायिक और कौशल प्रशिक्षण योजनाओं और कार्यक्रमों में शामिल करना है, जिसमें समर्थन और सुविधाओं का पर्याप्त प्रावधान हो। कहा कि इस संबंध में सरकार को उचित कदम उठाना चाहिए। मानसिक रूप से बीमार व्यक्तियों को विकासात्मक, बौद्धिक, बहु अक्षमता और ऑटिज्म से पीड़ित लोगों के लिए विशेष कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम तैयार किए जाने के बारे में विस्तार से बताया गया।

संक्षिप्त खबरें

हेमन्त और कल्पना से मिले सांसद नलिन

रांची : मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन और उनकी विधायक पत्नी कल्पना सोरेन से मंगलवार को कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में सांसद नलिन सोरेन तथा उनके परिजनों ने मुलाकात की। साथ ही उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

मुख्यमंत्री से माकपा पोलित ब्यूरो सदस्य ने की मुलाकात

रांची : मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से मंगलवार को कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में माकपा पोलित ब्यूरो सदस्य वृंदा करात ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री से उनकी यह शिष्टाचार मुलाकात थी।

गुलमोहर अस्पताल में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर 27 को

रांची : शहर के बूटी मोड़ स्थित गुलमोहर अस्पताल में 27 दिसंबर को वार्षिक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर सुबह नौ बजे से एक बजे तक चलेगा। यहां अनुभवी चिकित्सक मरीजों को नि:शुल्क परामर्श देंगे और ऑपरेशन करेंगे। साथ ही कोई भी मरीज एक्सरे, ईसीजी, फिजियोथेरेपी, शुगर, हिमोग्लोबिन की नि:शुल्क जांच करा सकते हैं। शिविर में हड्डी एवं नस रोग विशेषज्ञ डॉ. अंचल कुमार, डॉ. नितिन मोदी, डॉ. कपिलदेव बानरा, ईएनटी के डॉ. बीएमके सिन्हा, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. रचना ए. कुमार, फिजिशियन डॉ. सोनू कुमार सहित अन्य चिकित्सक सेवा देंगे।

पेयजल विभाग में आउटसोर्स नियुक्ति के आदेश पर हाई कोर्ट ने लगाई रोक

रांची : झारखंड हाई कोर्ट ने पेयजल स्वच्छता विभाग में अनुबंध पर कार्यरत कर्मचारियों को हटा कर आउटसोर्स कर्मियों की नियुक्ति करने के आदेश पर रोक लगा दी है। इसके साथ ही अदालत ने सरकार को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। दरअसल स्वच्छ भारत मिशन और जल जीवन मिशन में ब्लॉक वॉश कॉर्डिनेटर के पद पर कार्य कर रहे लोगों को हटाकर पूरे राज्य में आउटसोर्स के जरिए नए लोगों को रखने का आदेश इसी वर्ष 16 सितंबर को हुआ था। जिसके खिलाफ राम किशून एवं अन्य ने हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। इस मामले की सुनवाई हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस डॉ एस एन पाठक की कोर्ट में हुई। सुनवाई के दौरान उन्होंने कहा कि संविदा कर्मियों को नहीं हटा सकते। अधिवक्ता नवीन कुमार ने प्रार्थियों की ओर से बहस की।

जेएसएससी-सीजीएल परीक्षा की हो सीबीआई जांच : बाबूलाल मरांडी

रांची : भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने फिर एक बार राज्य सरकार को निशाने पर लिया। कहा कि जेएसएससी सीजीएल के परिणाम में कई विसंगतियां पाई गई हैं। लगातार सीरियल क्रम से अभ्यर्थियों के उत्तीर्ण होने के बाद परीक्षार्थियों के मन में सीजीएल परीक्षा में गड़बड़ी की शंका और गहरी हो चुकी है। लाखों छात्र सीजीएल परीक्षा में सीट बेचने का आरोप लगा रहे हैं। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से निवेदन करते हुए कहा कि छात्रों की संतुष्टि के लिए जेएसएससी सीजीएल परीक्षा की पूरी प्रक्रिया की सीबीआई जांच कराएं। भाजपा छात्रहित में सड़क से लेकर सदन तक सीजीएल परीक्षा में हुई साजिश के खिलाफ मुखर आवाज उठाएगी।

विश्व मानवाधिकार दिवस पर लहू बोलेगा संगठन ने सदर अस्पताल में लगाया रक्तदान शिविर

रांची : राजधानी रांची में स्वैच्छिक रक्तदान संगठन ₹लहू बोलेगा₹ द्वारा विश्व मानवाधिकार दिवस पर रक्तदान- महादान शिविर सदर अस्पताल ब्लड बैंक रांची में सुबह 11 बजे दोपहर 3 बजे तक आयोजित हुआ, जिसका उद्घाटनकर्ता मौलाना डॉ ओबैदुल्लाह कासमी (खातिब रांची/मौलाना आजाद कॉलेज) और मौलाना तहजीबुल हसन रिजवी (झारखंड वक़्फ बोर्ड/जफरिया मस्जिद रांची) ने किया। रक्तदान- महादान शिविर में 5 यूनिट रक्तदान हुआ। इस दौरान अतिरिक्त 12 आवेदक/रक्तदाता का रिजेक्ट हुआ क्योंकि किसी का हाई शुगर, कम वजन, मौसमी दवा खाने, खाली पेट रहने की वजह से। नियमित 4 रक्तदाता को लहू बोलेगा द्वारा मैडल पहनाकर सम्मानित किया गया वहीं अंतरराष्ट्रीय संगठन मानवाधिकार एवं अपराध नियंत्रण संरक्षण झारखंड के प्रदेशाध्यक्ष वारिस पठान, उपाध्यक्ष सरदार परमजीत सिंह चाना, अधिवक्ता अजय कुमार सिंह, मीना कच्छप द्वारा लहू बोलेगा के संस्थापक नदीम खान, सिविल सर्जन रांची डॉ प्रभात कुमार एवं सर्जन डॉ सयैद अल्तमस साहब को मोमेंटो और बुके देकर सम्मानित किया गया। रक्तदान शिविर में नियमित अधिवक्ता सयैद तनवीर, नियमित रक्तदाता मो सुलतान, नियमित रक्तदाता राकेश सिंह बंटी, समाजसेवी मसी, महिलाधिकार कार्यकर्ता अलोका कुजूर, संत जेवियर कॉलेज के ग्रेजुएशन छात्र अभिनव झा, शिवाली सिंह एंड टीम, लहू बोलेगा के नदीम खान, साजिद उमर, सयैद गुलरेज हैदर, मो मिनहाज, मो शाहनवाज, मो फहीमुद्दीन शामिल थे।

मरीज की मौत के बाद सदर अस्पताल में हंगामा

- महिला चिकित्सक पर लगाया लापरवाही का आरोप
- अस्पताल प्रबंधन को बुलानी पड़ी पुलिस
- अस्पताल मे जमकर हुआ बवाल
- प्रभारी डीएस को उनके कार्यालय मे बनाया बंधक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

बोकारो : सदर अस्पताल मे प्रसव के लिए भर्ती करायी गई महिला के सिजेरियन ऑप्रेशन मे बिलम्ब किये जाने से नवजात शिशु की मौत हो गयी। परिजनों ने महिला चिकित्सक पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुए हंगामा शुरू कर दिया, जिसके कारण अस्पताल प्रबंधन को पुलिस बुलानी पड़ी। इसकी जानकारी देते हुए सरफराज आलम अंसारी ने बताया की वे अपनी पत्नी शमा परवीन को डिलेवरी के लिए सदर अस्पताल मे 6 दिसंबर को भर्ती करवाया तथा चिकित्स्कों ने 8 दिसंबर को महिला चिकित्सक ने सीजर किया, इसके बाद नवजात शिशु की हालत गंभीर हो गई। जिसे बोकारो जेनरल अस्पताल मे भर्ती कराया गया जिससे उसकी मौत हो गई। मौत के बाद परिजनों आज सदर अस्पताल मे पहुंचकर बवाल कर दिया। हंगामा होते देख चिकित्सक तथा कर्मी अस्पताल छोड़ भागने लगे, कुछ क्षण के लिए अस्पताल मे अफरा तफरी मच गई। अस्पताल उपाधिक्षक के कार्यालय का हंगामा कर रहे लोगों ने प्रभारी डीएस डॉ सौरभ कुमार को बंधक बनाकर उनके ऑफिस मे बंद कर दिया। जिसके बाद उन्हें बाहर निकालकर सुरक्षित उन्हें सिविल सर्जन कार्यालय पहुंचया गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने उग्र भिंड को काफी मशक्क्त के बाद काबू मे कर मामले को शांत करवाया। मामले मे सिविल सर्जन अभय भूषण प्रसाद ने कहा की मामले की जांच कर करवाई की जाएगी।

एक नजर

विस्थापित शिक्षित बेरोजगार मोर्चा के छह सदस्यों ने दिया सामूहिक इस्तीफा

बोकारो : विस्थापित शिक्षित बेरोजगार मोर्चा के छह सदस्यों ने सामूहिक रूप से अपने पदों से इस्तीफा दे दिया है। इस्तीफा देने वाले सदस्यों में प्रताप कुमार सिंह, नित्यानंद सिंह, डोमन कुमारी रवानी, कमलेश नारायण, मुस्ताक अहमद चिस्ती और डुमर सिंह शामिल हैं। इन सदस्यों ने अपने इस्तीफे में कहा है कि वे सभी मजदूरी करते हैं और समय के अभाव के कारण संस्था को समय नहीं दे पा रहे हैं। इसलिए, वे अपने पदों से इस्तीफा दे रहे हैं ताकि संस्था के विकास कार्य सुचारू रूप से संचालित हो सकें। इन सदस्यों ने अपने इस्तीफे को स्वीकार करने के लिए संस्था के अध्यक्ष से अनुरोध किया है। मौके पे प्रताप कुमार सिंह, नित्यानंद सिंह, डोमन कुमारी रवानी, कमलेश नारायण, मुस्ताक अहमद चिस्ती और डुमर सिंह मौजूद रहे।

डोर टू डोर जाकर बच्चों को पिलाई गई पोलियो की ड्रॉप

कसमार : कसमार प्रखंड में पोलियो से मुक्ति के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा चलाए गए अभियान में 0 से 5 वर्ष से बच्चों को पल्स पोलियो ड्रॉप पिलाई गई। भारत को पोलियो मुक्त बनाए रखने के लिए यह अभियान 8 दिसंबर से 10 दिसंबर यानि तीन दिनों तक चलाई गई। इसके अंतर्गत पहले दिन 8 दिसंबर दिन रविवार को अभियान की शुरूआत करते हुए बच्चों को नजदीकी स्वास्थ्य केंद्रों पर पोलियो की ड्रॉप पिलाई गई तथा बाकी के दो दिन 9 और 10 दिसंबर दिन सोमवार और मंगलवार को स्वास्थ्य कर्मी घर घर डोर टू डोर घूम घूम कर बच्चों को पल्स पोलियो ड्रॉप पिलाने का काम किया। इसी क्रम में मधुकरपुर में स्वास्थ्य कर्मी अयोध्या कुमार प्रजापति ने पोलियो ड्रॉप बॉक्स लेकर घर घर जाकर 0 से 5 वर्ष के बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई। स्वास्थ्य कर्मी ने कहा कि उनके पोषक क्षेत्र में सभी बच्चों को पोलियो ड्रॉप पिलाई गई है। इस अभियान में एक भी बच्चा पोलियो ड्रॉप पीने से वंचित नहीं रहा।

बोकारो में कोढ गैंग सक्रिय

बोकारो : में संगठित अपराध और नक्सल गतिविधियों पर लगाम लगाने के लिए अब पुलिस प्रशासन ने कमर कस लिया है। बढ़ते अपराधिक घटना सहित नक्सल जिले की मूलभूत समस्या है जिसको लेकर बोकारो पुलिस प्रशासन रणनीति बनाने में लगी हुई है। बताते चले की बोकारो में पिछले एक महीने के अंदर डिक्की से एक के बाद एक करके तीन घटनाओं को अंजाम दिया गया था जिसमे लाखो रुपए डिक्की तोड़कर उड़ा लेने की घटना को अपराधियों ने अंजाम देकर पुलिस के लिए खुला चैलेंज प्रस्तुत किया हुआ है, वही पुलिस भी इन अपराधियों पर लगाम कसने की तैयारी में जुटी हुई है। बोकारो पुलिस की जांच में अब बिहार के कोढ़ा गैंग और उड़ीसा के एक गैंग रडार पर है। बोकारो एसपी की माने तो बाहर के अपराधी अंजाम दे रहा है जिसपर पुलिस को जल्द कामयाबी मिल जाएगी। वही नक्सल गतिविधियों पर भी पुलिस की नजर रहेगी। बोकारो के पुलिस अधीक्षक मनोज सवगीर्यारी ने अपने कार्यालय के सभागार मे पुलिस पदाधिकारियो के साथ बैठक की. बैठक मे जिले के सभी थानो के थानाध्यक्ष, पुलिस उपाधिक्षक मौजूद रहे .एसपी ने कहा की संगठित अपराध पर लगाम लगाने के लिए पुलिस रूपरेखा तैयार कर रही है ताकि कोई भी अपराधी अपराधिक घटना को अंजाम देकर जिले से फरार न होने पाए, साथ ही नक्सल को लेकर भी पुलिस का ध्यान है।

बोकारो सदर अस्पताल में एंटी रेबीज इंजेक्शन उपलब्ध नहीं

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

चास : प्रखण्ड के पंचायत के बाधाडीह के गॉव के लालचंद महतो के 5 वर्षीय पुत्र क्रिस कुमार को मंगलवार के सुबह को पागल कुत्ता ने पैर, हाथ, माथे में काट कर गम्भीर जख्मी कर दिया। जख्मी हालत में परिजन ने क्रीस कुमार को बोकारो सदर अस्पताल ईलाज के लिए ले जाया गया। जहां पर कुत्ते काटने का दवा उपलब्ध नहीं रहने के कारण परिजन बाहर से दवा खरीद कर बच्चे का ईलाज किया गया । रेबीजशील्ड - 100 इंजेक्शन मुल्य दो हजार तिरासी रुपए जैसे महंगी दवाई सदर अस्पताल में भी उपलब्ध नही होने से लाचार विवस लोग बाहर के दवाई दुकान से खरिदने के लिए मजबुर हो रहे हैं। लालचंद महतो दैनिक मजदूरी कर जीवनयापन करते हैं। लालचंद महतो व चंदनकियारी विधानसभा पुर्व प्रत्याशी समाज सेवी जगन्नाथ राजवार ने कहा कि बोकारो सदर अस्पताल मे यदि दवा उपलब्ध नहीं रहेगा तो गरीबों का हालत किया होगी। लालचंद महतो ने कर्ज करके बाहर से जगन्नाथ राजवार, गोतम राजवार, आनन्द गोराई,रामु महतो, सत्येंद्र महतो के सहयोग से 2083 रुपये का दवा खरीद दिया। तब बच्चे का इलाज किया गया।

ढुल्लू महतो ने वित्त मंत्री से की मुलाकात बंद बैंक शाखा को पुनः खोलने की मांग की

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

धनबाद : भाजपा सांसद ढुलू महतो ने मंगलवार को केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से मुलाकात कर एक महत्वपूर्ण समस्या पर उनका ध्यान आकर्षित कराया। उन्होंने वित्त मंत्री को एक पत्र सौंपते हुए टुण्डू क्षेत्र में बंद की गई स्टेट बैंक ऑफ बीकानेर एंड जयपुर की शाखा को पुनः खोलने का आग्रह किया। सांसद महतो ने बताया कि टुण्डू क्षेत्र में एसबीबीजे शाखा बंद होने से स्थानीय निवासियों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। क्षेत्र में स्थित कोलियरियों के हजारों कर्मचारियों, पेंशनधारकों, विधवा पेंशन प्राप्त करने वाली महिलाओं, और छात्रों को बैंकिंग सेवाओं के लिए चार किलोमीटर दूर एसबीआई बिलबेरा शाखा जाना पड़ता है। उन्होंने यह भी बताया कि बुजुर्ग और महिलाओं को विशेष रूप से आवागमन में कठिनाई का सामना करना पड़ता है। ढुलू महतो ने वित्त मंत्री से आग्रह किया कि टुण्डू में पुनः एसबीबीजे शाखा और एटीएम की सुविधा बहाल की जाए ताकि स्थानीय जनता को राहत मिल सके। उन्होंने कहा कि यह निर्णय क्षेत्रीय आर्थिक गतिविधियों को भी बढ़ावा देगा और बैंकिंग सेवाओं तक पहुंच को सरल बनाएगा। यह पहल ढुलू महतो की क्षेत्रीय समस्याओं को लेकर उनकी सक्रियता और जनता के हित में उनके प्रयासों को दशार्ता है। जनता ने उनके इस पहल की सराहना की है और उम्मीद जताई है कि सरकार जल्द ही इस दिशा में आवश्यक कदम उठाएगी।

कल्याण विभाग मंत्री हरि साहनी बीसीसीएल के सिजुआ क्षेत्रीय कार्यालय का किया दौरा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

धनबाद : देश को ऊर्जा के साथ शक्ति प्रदान करने का कार्य झारखंड के कोयला खदान व कोल कंपनी कर रही है,जिसमे सब को देश के विकास के लिये सहयोग होना चाहिये, उक्त बातें बिहार सरकार के पिछड़ा वर्ग अति पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के मंत्री हरि साहनी ने बीसीसीएल के सिजुआ क्षेत्रीय कार्यालय पहुचे,उन्होंने कहा कि ये व्यक्तिगत व औपचारिक भेंट थी,मंत्री श्री साहनी ने कहा कि देश की विकास में कोयला कंपनियों द्वारा कोयला उत्पादन कर एक अहम भूमिका निभाती है, कोयला उत्पादन से पूरा देश को ऊर्जा प्राप्त होती है। साहनी ने कहा कि झारखंड हमारा भाई है,वे निजी कार्य से धनबाद आये थे। सिजुआ महाप्रबंधक सुधाकर प्रसाद व अन्य अधिकारियों ने मंत्री को बुके देकर स्वागत किया। इससे पूर्व धनबाद सर्किट हाउस में निषाद समाज के वरीय नेता योगेश निषाद ने पूरे दल बल के साथ मंत्री हरि साहनी का स्वागत व मुलाकात किया।जबकि तेतुलमारी में राजू मल्लाह व मनोज निषाद नेतृत्व में फूल माला पहनाकर व बुके देकर स्वागत किया। मौके पर अंशुमन कुमार उर्फ अंशु, बिनोद साहनी, राजू मल्लाह, मनोज निषाद, लक्षमण पासवान,लखन यादव, बिजय चौहान, राजा कुमार, जितेन्द्र कुमार, अजय कुमार, बिरेन्द्र निषाद,बी सी सी एल के अपर महाप्रबंधक के के सिंह, क्षेत्रीय कार्मिक पदाधिकारी चंदन श्रीवास्तव, ई एन एम के सहायक प्रबंधक आशुतोष आनंद, लोकेश जैन, मुकेश कुमार, कुंदन कुमार, चेतन चौहान, बरुन कुमार, ऋषभ गौरभ, आरती कुमारी व अन्य अधिकारियों ने भी मंत्री से मुलाकात कर बुके देकर स्वागत किया।

राजस्व बढ़ाने के लिए प्रमंडलीय आयुक्त ने अधिकारियों को दिये निर्देश

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

धनबाद : आयुक्त, उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल, हजारीबाग पवन कुमार ने मंगलवार को समाहरणालय के सभागार में जिला आंतरिक संसाधन समिति तथा जिला टास्क फोर्स की समीक्षा की। उन्होंने खनन, कमर्शियल टैक्सेस, निबंधन, परिवहन, वन विभाग, मत्स्य विभाग तथा नगर निगम सहित अन्य विभागों की समीक्षा की। समीक्षा के क्रम में आयुक्त ने सभी विभागों को शत प्रतिशत लक्ष्य की प्राप्ति करने तथा राजस्व बढ़ाने के लिए अतिरिक्त प्रयास करने के निर्देश दिए। खनन विभाग की समीक्षा के क्रम में आयुक्त ने खनिज संपदा के अवैध कारोबार पर त्वरित कार्रवाई करने तथा विभिन्न कोलियरी में कोयले के भंडारण का औचक वॉल्यूमैट्रिक जांच करने के निर्देश दिए। एक्साइज विभाग की समीक्षा के क्रम में उन्होंने अवैध शराब निमार्ता पर कड़ी कार्रवाई करने तथा लाइसेंसी बार में औचक जांच करने के निर्देश दिए। कमर्शियल टैक्सेस की समीक्षा के दौरान आयुक्त ने डिफॉल्टरों के विरुद्ध कार्रवाई करने तथा मोबाइल चेकिंग कर राजस्व बढ़ाने का निर्देश दिया। बैठक में उत्तरी छोटानागपुर के प्रमंडलीय आयुक्त पवन कुमार, अपर समाहर्ता विनोद कुमार, नगर आयुक्त रवि राज शर्मा, अनुमंडल पदाधिकारी राजेश कुमार, जिला परिवहन पदाधिकारी दिवाकर सी द्विवेदी, जिला खनन पदाधिकारी रितेश राज तिग्गा सहित सभी अंचल अधिकारी व अन्य विभागों के पदाधिकारी मौजूद थे। समीक्षा बैठक के बाद आयुक्त ने जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट की बैठक कर विभिन्न कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने उप विकास आयुक्त से विभिन्न परियोजनाओं की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली।

जो मांगे बोकारो स्टील के दायरे मे नही है वैसे मांगों को सेल निगमित कार्यालय को अग्रसारित किया जाय : बिके चौधरी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

बोकारो : ठेकाकर्मियों का री- मेडिकल 8वां दिन और सेफ्टी खत्म होते हीं दुसरे दिन मेडिकल जांच हो जाना चाहिए था लेकिन 60 से 70 दिन होने के बाद भी मेडिकल जांच नही होने से मजदूरों के घर चूल्हा चौकी पर आये हुए आफत, एस डब्लू को ई एस आई इलाज से बंचित हो जाने, संबिदा मे स्थानीय मूल को 75% नियोजन सहित 39 महिने का एरियर, युनियन चूनाव, ठेकाकमीर्यों को केन्टीन भत्ता, साईकिल भत्ता, रात्री पाली भत्ता इत्यादि ज्वलंत समस्याओं के खिलाफ जय झारखंड मजदूर समाज द्वारा आर पार लड़ाई के पूर्व प्लांट के हर बिभाग मे चलाए जा रहे जनजागरण कार्यक्रम को आज से तत्काल स्थगित किया गया। मंगलवार को जय झारखंड मजदूर समाज के महामंत्री बि के चौधरी के नेतृत्व मे युनियन पदाधिकारी का अधिशासी निदेशक ईन्चार्य कार्मिक एवं प्रशासन माननीय राजन प्रसाद के साथ लम्बी बार्ता हुई। बार्ता मे राजन सहाव ने मेडिकल जांच मे हो रहे बिलम्ब पर अपनी चिन्ता जाहिर करते हुए कहा कि बैकलॉग खत्म करने के लिए बोकारो जनरल अस्पताल मे प्रतिदिन 70 जांच के अतिरिक्त 200 कमीर्यों के लिए मेडिकल जांच केम्प लगाया गया था लेकिन अज्ञात कारणवश मात्र 102 कमीर्यों ने भाग नही लिया लिया। एस डब्लू मजदूरों का मापदण्ड से अधिक बेतन हो जाने के कारण ई एस आई अस्पताल मे नियमानुसार इलाज बन्द हो गया इसके लिए ई एस आई बेतन का दायरा बढ़ाने का कोशिश कर रहा है तथा स्थानीय मूल को झारखंड सरकार द्वारा घोषित संबिदा मे 75% नियोजन निति का पालन अक्षरशः पालन हो रहा है । अन्य मांगो पर उन्होने कहा कि 09 जूलाई को सहायक श्रमायुक्त केन्द्रीय धनबाद मे आपको बता दिया गया है। इसपर बि के चौधरी ने कहा कि जो मांगे बोकारो स्टील के दायरे मे नही है वैसे सभी मांगो को सेल निगमित कार्यालय को अग्रसारित किया जाय । बार्ता काफी सौहार्दपूर्ण बाताबरण मे हुआ। ठेकाकर्मी के मेडिकल जांच के कारण इतने दिनों से घर बैठने पर उन्होने अपनी चिन्ता ब्यक्त किया। संतोषजनक बार्ता उपरान्त प्लांट मे चलाए जा रहे जनजागरण एवं 14 दिसम्बर को प्लांट गोलचक्कर से अधिशासी निदेशक संकार्य कार्यालय पर होने बाले बिराट प्रदर्शन को तत्काल स्थगित करने का घोषणा महामंत्री बि के चौधरी ने किया । युनियन प्रतिनिधिमंडल मे संयुक्त महामंत्री एन के सिंह, संयुक्त महामंत्री एस के सिंह, संयुक्त महामंत्री अनिल कुमार एवं शाप्स एण्ड फाउन्ड्री के नेता आर आर सोरेन भी उपस्थित था ।

संक्षिप्त खबरें

विश्व मानवाधिकार दिवस पर छात्र-छात्राओं के बीच पाठ्य सामग्री का हुआ वितरण

धनबाद : संकल्प एजुकेशन फाउंडेशन के द्वारा मंगलवार को न्यू प्राथमिक विद्यालय लश्करी टाड झिझी पहाड़ी, कतरासगढ़ में विश्व मानवाधिकार दिवस के अवसर पर छात्र-छात्राओं के बीच पाठ्य सामग्री किताब कलम व कॉपी का वितरण संकल्प एजुकेशन के निदेशक सहदेव महतो के द्वारा किया गया। उन्होंने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि रोटी, कपड़ा और मकान हर व्यक्ति का अधिकार है परंतु इन तीनों को प्राप्त करने के लिए शिक्षा का होना अति आवश्यक है अतः सारे अधिकारों से ऊपर शिक्षा का अधिकार है हम अपने जीवन का आधा भाग अध्ययन में लगाते हैं ताकि हम एक आदर्श नागरिक बन सके। शिक्षा से योग्यता आती है ,योग्यता से धन की प्राप्ति होती है और धन से मित्र मिलते हैं एवं मित्रों से सुख की प्राप्ति होती है। अतः हमें साक्षर नहीं शिक्षित बनने की आवश्यकता है तभी हम अपने जीवन, परिवार ,समाज ,राज्य और देश का उत्थान कर सकते हैं। मौके पर सहायक शिक्षक संघ धनबाद जिला के वरीय उपाध्यक्ष मोतीलाल महतो ,शिक्षक राजेश महतो,शैलेंद्र यादव ,बैजनाथ केवट सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

एनएसयूआई ने कतरास कॉलेज प्राचार्य को सौंपा पांच सूत्री मांग पत्र

धनबाद : एनएसयूआई कतरास इकाई ने कतरास कॉलेज के प्रचार्य से मुलाकात कर पांच सूत्री मांग का ज्ञापन सौंपते हुए अपनी बातों को रखा जिसका नेतृत्व शाहबाज खान ने किया। शाहबाज खान ने छात्र हित में मांग रखते हुए अपनी बात को प्राचार्य के समक्ष रखते हुए बताया कि कतरास कॉलेज मे विभिन्न तरहा की समस्याएं है जिनमें मुख्य रूप से 5 समस्याएं प्रमुख है। जिनमे पहला मांग लड़की के लिए जितना कॉमन रूम आवश्यक है उतना लड़कों के लिए भी कॉमन रूम आवश्यकता है। लड़के आते हैं तो कहीं बैठने का एक स्थान नहीं होने के कारण बहुत परेशानी होती।दूसरा मांग कॉलेज कैंपस में लाइब्रेरी को सुचारू रूप से खोला जाए। लाइब्रेरी खुला नहीं होने के कारण कॉलेज के बाहर एक प्राइवेट लाइब्रेरी है जिसमें छात्र छात्रा आर्थिक कमजोर होने के कारण नहीं जा पाते है। जिसको नियमित रूप से खोला जाए। तीसरा मांग कॉलेज के शौचालय एवं कैंपस को साफ सफाई किया जाए। चौथा मांग कॉलेज के छात्र-छात्राओं के साथ कॉलेज के प्राचार्य, स्टाफ के द्वारा दुर्व्यवहार करना बंद करें।

तिब्बतियों ने दलाई लामा को नोबल शांति पुरस्कार मिलने पर न्यू स्टेशन में की पूजा

धनबाद : रेलवे स्टेशन, चिल्ड्रन पार्क, न्यू स्टेशन कॉलोनी पुराना बाजार में तिब्बतियन रिफ्यूजी वूलन गारमेंट्स एग्जिबिशन कम सेल में आए हुए तिब्बतियों ने दलाई लामा को नोबेल शांति पुरस्कार मिलने के 35 वें वर्ष के उपलक्ष्य में तिब्बती विधि विधान से दीप प्रज्वलित कर, मंत्र पढ़कर पूजा अर्चना की। शरणार्थी टाशी थुप्तन ने बताया हम सारे तिब्बती इस दिन को बहुत हर्षौल्लास से मना रहे है। हम सभी तिब्बती अपने परम पवन दलाई लामा के दीघार्यु के लिए मनोकामना कर रहे है और विश्व शांति के लिए पूजा अर्चना कर रहे हैं। विगत 1982 से हम लगातार धनबाद के रेलवे स्टेशन के निकट न्यू स्टेशन चिल्ड्रन पार्क में वूलन गारमेंट्स का मार्केट लगा कर धनबाद वासियों की सेवा करते आ रहे हैं।और हर वर्ष 10 दिसंबर को दलाई लामा की लंबी उम्र के लिए पूजा अर्चना करते आ रहे हैं। कहा की भारत सरकार,धनबादप्रशाशन और धनबादवासियों का भरपूर सम्मान और प्यार हमें हमेशा मिला है जिसका हम सभी तिब्बतियन आभार व्यक्त करते हैं। संस्था के अध्यक्ष लोंडेन शेरिंग ने तिब्बती लोगों के लिए 10 दिसम्बर का महत्त्व के संदर्भ में बताया कि विश्व भर में दो कारणों से 10 दिसम्बर का दिन तिब्बतियों के लिए अत्यन्त महत्वपूर्ण है। एक यह कि 10 दिसम्बर 1989 को उनकी अहिंसा के प्रति प्रतिबद्धता तथा तिब्बत समस्या के समाधान हेतु दूरगामी सुझावों के उपलक्ष्य में परम पावन दलाई लामा जी को नोबेल शान्ति पुरस्कार से सम्मानित किया गया। तब से लेकर संसार भर में तिब्बती लोग 10 दिसम्बर को तिब्बत की खोई हुई स्वतंत्रता को प्राप्त करने हेतु तथा तिब्बती संघर्ष के संदर्भ में एक महत्त्वपूर्ण दिन के रूप में मना रहे है। परम पावन दलाई लामा जी को नोबेल शान्ति पुरस्कार दिया जाना अन्तर्राष्ट्रीय सतर पर तिब्बत के स्वतंत्रता संघर्ष को मान्यता देने का प्रतीक है तथा इस बात का संकेत भी कि अन्तरर्राष्ट्रीय समाज अहिंसा पर आधारित इस संघर्ष की सराहना करता है।

विश्व मानवाधिकार दिवस पर सर्वोच्च मानवाधिकार संरक्षण की हुई बैठक

धनबाद : गोविंदपुर प्रखंड के विराजपुर स्थित श्री राम कृष्णा पब्लिक स्कूल के प्रांगण में मंगलवार को विश्व मानवाधिकार दिवस स्वरूप सर्वोच्च मानवाधिकार संरक्षण प्रदेश इकाई झारखंड की बैठक भगवत प्रसाद पांडे की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में मुख्य अतिथि आर के मिश्रा,विशिष्ट अतिथि हिमांशु शेखर, रिचा झा, संतोष कुमार, प्रदेश अध्यक्ष भगवत प्रसाद पांडे मंचासिन हुए।बैठक का संचालन सुरेश चंद्र तिवारी ने किया। स्कूल के बच्चे बच्चियों के द्वारा सभी अतिथियों को माल्यार्पण व स्वागतगान से स्वागत किया गया। सुरेश चंद्र तिवारी ने सभी प्रदेशवासियों को विश्व मानवाधिकार दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मानवाधिकार प्रत्येक व्यक्ति की गरिमा और समानता का आधार है, जो एक सशक्त और समावेशी समाज की नींव रखता है यह दिवस हमें मानवाधिकारों के महत्व को समझने और उसके संरक्षण और सम्मान के प्रति जागरूकता बढ़ाने का अवसर प्रदान करता है। सभी अतिथियों ने भी बारी बारी से मानवाधिकार दिवस की महत्ता पर प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि आर. के. मिश्रा ने सर्वोच्च मानवाधिकार सर्वेक्षण के पदाधिकारी स्कूल के शिक्षक शिक्षिकाओं तथा बच्चियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

रक्तदान के प्रति ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता जरूरी : डॉ नागेश्वर

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

खूंटी : रेड क्रॉस सोसाइटी और सदर अस्पताल खूंटी के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार को तोरपा प्रखंड परिसर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में स्वास्थ्यकर्मी विनेश कुमार, शिक्षक राकेश कुमार और रंजीत केशरी, भाजयुमो के नीरज जयसवाल सहित 30 लोगों ने रक्तदान किया। इसके पूर्व सिविल सर्जन डॉ नागेश्वर मांझी, तोरपा के प्रखंड विकास पदाधिकारी नवीन चंद्र झा और अंचलाधिकारी पूजा बिन्हा ने शिविर का विधिवत्त उद्घाटन किया। मौके पर सिविल सर्जन ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में रक्तदान शिविर के आयोजन का

उद्देश्य रक्तदान के प्रति लोगों में जागरूकता लाना है और जिले में खून की कमी को पूरा करना है। उन्होंने कहा कि आज भी रक्तदान को लेकर लोगों में कई तरह की भ्रांतियां हैं। लोगों को लगता है कि खून देने से शारीरिक कमजोरी आयेगी और सेहत पर इसका कुप्रभाव पड़ेगा, लेकिन ठीक इसके विपरीत रक्तदान से हमारा शरीर और सेहतमंद हो जाता है। 60 वर्ष से कम उम्र के हर व्यक्ति को साल में काम से कम दो बार रक्तदान अवश्य करना चाहिए। प्रखंड विकास पदाधिकारी नवीन चंद्र झा ने कहा कि जब भी आप रक्तदान करते हैं तब आप किसी की जान बचाते हैं। रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं है। इसलिए हर स्वस्थ्य व्यक्ति को रक्तदान जरूर करना चाहिए। शिविर को सफल बनाने में रेफरल अस्पताल के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ मिदेन मुंडू, रेड क्रॉस सोसाइटी खूंटी के अध्यक्ष किशोर कुमार गौंझू, उपाध्यक्ष विनोद जयसवाल, कोषाध्यक्ष कैलाश कुमार नाग, राजेंद्र प्रजापति, मनोज कुमार, महावीर राम, रवींद्र कुमार, संतोष जयसवाल, घुरा नाग आदि ने योगदान दिया। शिविर में रक्तदान करनेवालों को प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया रेड क्रॉस सोसाइटी के अध्यक्ष किशोर कुमार गौंझू और मनोज कुमार ने बताया कि कर्रा प्रखंड परिसर में में 11 दिसम्बर को रक्तदान शिविर का आयोजन किया जायेगा। उन्होंने बताया 12 दिसम्बर को मुरहू प्रखंड कार्यालय, 13 को अड़की प्रखंड और 14 दिसंबर को खूंटी प्रखंड परिसर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने लोगों से अपील की कि अधिक से अधिक संख्या में रक्तदान करें।

राज्य सहकारी बैंक की महत्वाकांक्षी परियोजना के तहत लैंप्स और पैक्स का होगा कंप्यूटरीकरण

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

चैनपुर : चैनपुर में आयोजित तीन दिवसीय ईआरपी प्रशिक्षण में चार ब्लॉक चैनपुर, जारी, डुमरी, और रायडीह के चयनित लैंप्स के पदाधिकारियों ने भाग लिया। मास्टर ट्रेनर प्राचित महली और सीनियर आईटी सॉल्यूशंस सुधाकर सेतु ने प्रशिक्षण दिया, जिसमें सहकारी बैंक चैनपुर के शाखा प्रबंधक राहुल रंजन

गुप्ता और स्वावलंबन केंद्र के संचालक आकाश जायसवाल उपस्थित थे। इस परियोजना का उद्देश्य लैंप्स और पैक्स को कंप्यूटरीकृत करना है, जिससे उनकी कार्यक्षमता में सुधार हो सके। यह परियोजना झारखंड राज्य सहकारी बैंक द्वारा चलाई जा रही है, जिसका उद्देश्य सहकारी विभाग को मजबूत करना है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के माध्यम से लैंप्स और पैक्स के पदाधिकारियों को कंप्यूटरीकृत प्रणाली का ज्ञान दिया गया, जिससे वे अपने कार्यों को अधिक कुशलता से कर सकें।

नहाने के क्रम में तालाब में डूबा युवक

▶ प्रशासनिक अधिकारियों ने तालाब का किया मुआयना, एनडीआरएफ टीम की आश में जुट रहे ग्रामीण

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

सरिया (गिरिडीह) : मंगलवार की दोपहर लगभग 2 बजे अपने मामा घर घुमने आये युवक सरिया स्थित मैनेजर तालाब में नहाने के क्रम में डूब गया । घटना की जानकारी तालाब के इर्द गिर्द खेल रहे बच्चों द्वारा उक्त युवक की पानी में डूबने के बाद हो हल्ला किया । तालाब में डूबे युवक की पहचान कोडरमा जिला के जयनगर थाना क्षेत्र के गोहाल निवासी मोहित राणा के रुप में की गयी । मृतक दो दिन पूर्व सरिया के बलीडीह अपने मामा घर सूरजाही पर्व में आया था । मंगलवार को बलीडीह स्थित मैनेजर तालाब में नहाने के क्रम में डूब गया । मिली सूचना पर ग्रामीण तालाब के पास पहुँचे और तालाब में खोजबीन शुरू किया पर अत्यधिक पानी व कीचड़ के कारण खोज नहीं हो पाया । घटना की सूचना सरिया व आसपास के क्षेत्र में तेजी से फैलने और प्रशासनिक अधिकारियों को उसकी जानकारी होने के बाद सरिया अनुमंडल पदाधिकारी संतोष गुप्ता, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी धनंजय राम, बीडीओ ललित नारायण तिवारी, सीओ संतोष कुमार, कार्यपालक पदाधिकारी धीरज कुमार समेत कई अधिकारी घटनास्थल पहुँचकर स्थिति का जायजा लिया और पानी में डूबे युवक के खोजबीन के लिए जुटे नजर आये । पत्रकारों से बातचीत के दौरान एसडीएम संतोष गुप्ता ने कहा कि तालाब में नहाने के क्रम में युवक की डूबने की सूचना मिली है ,इसके खोजबीन के लिए राँची के एनडीआरएफ टीम व स्थानीय गोताखोरों से संपर्क किया गया है । जल्द ही टीम का पहुंचने की उम्मीद है उसके बाद खोजबीन की जायेगी ।

हैकथॉन-2024 में भाग लेंगे एसबीयू के विद्यार्थी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

अनगड़ा : सरला बिरला विश्वविद्यालय की तीन टीमों ने स्मार्ट इंडिया हैकथॉन-2024 के ग्रैंड फिनाले में भाग लेने के लिए अर्हता प्राप्त कर ली है। यह कार्यक्रम भारत सरकार द्वारा 11 से 12 दिसंबर को देश के विभिन्न नोडल केंद्रों पर आयोजित हो रही है। विवि की हैकथॉन-2024 के डॉ. मनोज पांडे और आदित्य विक्रम वर्मा ने बताया कि प्रत्येक टीम में छह छात्र और एक संरक्षक के रूप में एक संकाय सदस्य शामिल हो रहे हैं, जो बेंगलुरु, भोपाल और आईआईटी जम्मू में हो रही प्रतियोगिता में उपस्थित होंगे। इस अवसर पर एसबीयू के प्रतिकुलाधिपति माननीय बिजय कुमार दलान, माननीय सांसद डॉ. प्रदीप कुमार वर्मा, माननीय महानिदेशक प्रो. गोपाल पाठक, माननीय कुलपति श्रीधर बी. डांडीन, कुलसचिव प्रो. विजय कुमार सिंह एवं डीन इंजीनियरिंग डॉ. पंकज गोस्वामी ने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दी है।

आरटीसी पब्लिक स्कूल में मृत छात्र रोहित महतो को दी गई श्रद्धांजलि

अनगड़ा : आरटीसी पब्लिक स्कूल अनगड़ा में मंगलवार को छात्र-छात्राओं और शिक्षक शिक्षकेतर कर्मियों द्वारा 2 मिनट का मौन रख मृत छात्र को श्रद्धांजलि दी गई। इस दौरान यहां मृत छात्र के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए शिक्षक और शिक्षकेतर कर्मियों ने उसके अनुशासन के साथ व्यक्तित्व पर चर्चा की। बेडवारी झटनी टुंगरी निवास महेश महतो का पुत्र रोहित महतो उम्र 15 वर्ष का निधन सड़क दुर्घटना में बीते सोमवार को हो गया था मालूम हो कि रोहित महतो दशम वर्ग का बहुत बुद्धिमान छात्र था। मंगलवार को स्कूल में शोक संवेदना व्यक्त कर दो मिनट का मौन रखा गया और मृतक का आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई।

आरपीएफ ने विभिन्न मामले में 9 को लिया हिरासत में

सरिया (गिरिडीह) : मंगलवार को रेलवे सुरक्षा बल हजारीबाग रोड के द्वारा विभिन्न ट्रेनों में विशेष जांच अभियान चलाकर अलग-अलग मामले में नौ लोगों को हिरासत में लिया गए । इस अभियान की अगुवाई आरपीएफ इंस्पेक्टर अरुण राम के नेतृत्व में चलाया गया। जिसमें ट्रेन के पायदान पर बैठकर गलत ढंग से यात्रा करने के आरोप में चार लोगों को हिरासत में लिया गया वहीं ट्रेन में धूम्रपान और नशा करने के आरोप में पांच लोगों को हिरासत में लिया गया । सभी को ऑनलाइन रेलवे दंडाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत करने के बाद फाइन लेकर मुक्त कर दिया गया। एवं सबों को हिदायत दी गई की ट्रेन में यात्रा के दौरान पायदान पर सफर करना जानलेवा होता है । वही यात्री डिब्बे में धूम्रपान करने से कई तरह की घटना ट्रेन के अंदर घट सकती है । इसलिए भविष्य में इस प्रकार की घटना की पूणार्वृति ना हो के वादे के बाद पकड़े गए रेल यात्रियों को छोड़ा गया।

हज उमरा के लिए सऊदी अरब रवाना हुए हाजी

मुरी : अजहरी उमरा ग्रुप प्राइवेट लिमिटेड के द्वारा मुरी रेलवे स्टेशन से उमरा के लिए 4 सदस्यों का दल रांची गोड्डा एक्सप्रेस से देवघर के लिए रवाना हुए देवघर एयरपोर्ट से सभी हाजी मुंबई के लिए रवाना हुए मुंबई से 11 तारीख को सुबह 11 बजे सभी हाजी सऊदी अरब के लिए रवाना होंगे हज में जाने वाले लोग गुलाम सरवर फातिमा बीबी मकसूद आलम वहीदा बेगम सभी हाजियों के चेहरे पर खुशी साफ झलक रही थी। मुरी स्टेशन पर मिलने के लिए काफी संख्या में लोग आए हुए थे। सभी ने हाजियों को गले लगाकर फूलमाला पहनकर अपने वतन अपने परिवार की खुशहाली की दुआएं मांगी। रुखसत करने वाले लोग दिलकश जी कलीम रही शहजादा अहमद सरफराज आलम मुख्तार आलम अमजद खान मोहम्मद नासिर मोहम्मद कलाम अंसारी अल्ताफ अंसारी आसिफ अंसारी महबूब सलीम अंसारी और भी बहुत सारे लोग उपस्थित थे।

बेटा व बहु द्वारा मारपीट को लेकर थाना में माता-पिता ने दर्ज कराई शिकायत

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

साहिबगंज : मुफस्सिल थाना क्षेत्र अंतर्गत महादेवगंज पश्चिम टोला निवासी अर्जुन यादव ने अपने बेटे एवं बहु के विरुद्ध मारपीट को लेकर मुफस्सिल थाना में आवेदन दिया। उन्होंने कहा कि दिनांक -09 दिसंबर 24 को रात्री में करीब 7:30 बजे मेरा पुत्र राज कुमार उर्फ मलेटरी यादव एवं उसकी पत्नी पुनम देवी उर्फ गनिया देवी जो कि मेरे घर के

पास ही उसका घर है,उक्त लोगो ने उक्त दिन जबरन मेरे घर में लाठी डंडा और बन्दूक लेकर घुस गए और मुझ पर एवं मेरी पत्नी गंगोत्री देवी को गाली गलौज के साथ जान से मारने की नियत से हमला किया। इस हमला से वह और उसकी पत्नी बूरी तरह से घायल हो गए। उन्होंने कहा कि वे लोग हल्ला करने लगा तो आवाज सुनकर आस-पास के लोग इक्ट्ठा हुए तो दोनो अभियुक्त वहाँ से भाग गए। फिर मेरी पुत्री जो कि मेरे घर से कुछ दूर में रहती है,वो आई और हमलोगों का ईलाज साहेबगंज सदर अस्तपाल में करवाई।

Government of Jharkhand
Urban Development Department Latehar Nagar Panchayat , Latehar

e- Procurement Notice (Very Short Tenders Notice)
NIT No. - UDD/LNP/02/2024-25 (3rd Call)
Notice No. - Date –

S.L. No.	Tender ID	Name of Work	Estimated Cost	Earnest Money	Tender Fee	Completion of Work
		नागरीक सुविधा मद से				
01	12/LNP/02/2024-25(3rd Call)	नगर पंचायत लातेहार अन्तर्गत वार्ड सं0 12 में इसराफील मास्टर के घर से आहर तक स्लैब सहित आर0सी0सी0 नाली निर्माण कार्य।	1043800.00	20900.00	5000.00	तीन माह
02	Date of Publication of Tender on website		10.12.2024 at 12:00 AM			
03	Mode of Submission of bids		E-Tendering https//:jharkhandtenders.gov.in			
04	Date start of submission of bids		11.12.2024 at 10:00 am			
05	Last Date/Time of submission of bids		19.12.2024 upto 03:00 pm			
06	Date of Technical & Financial Bid opening (online)		21.12.2024 upto 05:00 pm			
07	Name & Address of office inviting tender		Executive officer Nagar Panchayat, Latehar			
08	Contact No. of Procurement officer		9308707021/ 8789131804			
09	Helpline number of e-Procurement cell		9308707021/ 8789131804			

NOTE : Only e-Tenders will be accepted.
Further details can be seen on website http:/jharkhandtenders.gov.in

(Rajeev Ranjan)
PR 341673 Urban Development(24-25)#D Executive Officer, Nagar Panchayat, Latehar

कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (गव्य विकास)
जिला गव्य विकास कार्यालय, लोहरदगा।

-: सूचिबद्ध पशु विक्रेताओं के लिए आवश्यक सूचना :-

कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, रांची के अधिन गव्य विकास निदेशालय द्वारा सभी सूचिबद्ध पशु विक्रेताओं (लोहरदगा जिले के लिए) को सूचित किया जाता है कि मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना अन्तर्गत लोहरदगा जिले के लिए चयनित लाभुकों के बीच दुधारू गाय/भैंस वितरण किया जाना है के आलोक में जिला/प्रखण्ड स्तर पर निम्न उल्लेखित स्थल पर दुधारू पशु मेला/शिविर का आयोजन किया गया है।

क्रं	प्रखण्ड का नाम	दुधारू पशु मेला /शिविर स्थल	संयोजक	पदाधिकारी का नाम एवं मो0 नं0
1	लोहरदगा	1. लोहरदगा, रहमत नगर,हिण्डालकों के पीछे।	सम्बंधित प्रखण्ड के प्रखण्ड पशुपालन पदा0/प्रभारी पदा0	श्री वशिष्ठ सिंह, जिला गव्य विकास पदाधिकारी, लोहरदगा, 7992340915
2	कुडू	2. कुडू, जिमा मंदू ढाबा के निकट		
3	कैरो	3. ग्राम-अरकोसा, लोहरदगा		
4	किस्को	4. ग्राम-रामपुर, लोहरदगा		
5	भण्डरा	5. ग्राम-सोरन्दा, भण्डरा		
6	सेन्हा	6. ग्राम-बरही, सेन्हा		
7	पेशरार			

लोहरदगा जिला के लिए सभी सूचीबद्ध दुधारू पशु विक्रेताओं से आग्रह है कि मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना अन्तर्गत चयनित लाभुकों को प्रथम/द्वितीय ब्यांत की उन्नत देशी नस्ल यथा साहीवाल, रेड सिंधी, थरपारकर, गिर एवं संकर नस्ल की दुधारू गायों एवं उन्नत नस्ल की भैंसों यथा मुर्रा, सुरती, जाफराबादी, मेहसाना आदि को लोहरदगा जिले के उपरोक्त दुधारू पशु विक्रय शिविर आपूर्ति करना सुनिश्चित करेंगें।

आपूर्ति किए गए दुधारू गायों को संगरोध अवधि पूर्ण होने के उपरांत ही क्रय-विक्रय का कार्य किया जाएगा। बिजली-पानी तथा दुधारू पशु का रख-रखाव एवं चारा-दाना की व्यवस्था दुधारू पशु आपूर्तिकर्ता द्वारा स्वयं किया जाएगा।

नोटः-विशेष जानकारी हेतु जिला गव्य विकास कार्यालय, लोहरदगा एवं संबंधित प्रखण्ड के प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी/प्रभारी पदाधिकारी से कार्यालय अवधि में सम्पर्क किया जा सकता है।

-निवेदक-
PR.NO.341685 Lohardaga(24-25):D जिला गव्य विकास पदाधिकारी, लोहरदगा।

झारखण्ड सरकार
कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग
कार्यालय - जिला गव्य विकास पदाधिकारी, लोहरदगा

-: पशुपालकों के लिए आवश्यक सूचना :-

लोहरदगा जिला के लिए वित्तीय वर्ष 2024-25 से 2025-26 की अवधि में कामधेनु डेयरी फार्मिंग योजना अन्तर्गत 50 दुधारू गाय/भैंस परियोजना की स्थापना किया जाना है। लोहरदगा जिले के इच्छुक व्यक्तिगत लघु उद्यमियों/युवा शिक्षित बेरोजगार/स्वयं सहायता समूह के सदस्यों/प्रगतिशील पशुपालकों के लिए सरकारी अनुदान-सह-बैंक ऋण/लाभुक अंशदान पर दो चरणों में कार्यान्वित किए जाने वाली कामधेनु डेयरी फार्मिंग योजना के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित किए जाते है। योजना का प्रारूप निम्नवत् है।

क्रं0	योजना का नाम	परियोजना लागत	वर्ग	अनुदान प्रतिशत	अनुदान राशि	बैंक ऋण	लाभुक अंशदान
1	50 गायों/भैंसों की कामधेनु डेयरी फार्मिंग योजना	39,76,250/-	सामान्य जाति	25%	994063	2584562	397625
			अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति	33.33%	1325285	2253340	397625

उपर्युक्त योजना का लाभ लेने हेतु इच्छुक पशुपालक अपने संबंधित जिला गव्य विकास कार्यालय, लोहरदगा से निःशुल्क आवेदन पत्र प्राप्त कर वांछित सूचनाएं भरकर कार्यालय अवधि में जिला गव्य विकास पदाधिकारी के कार्यालय में दिनांक-24.12.2024 तक जमा करना सुनिश्चित करेंगें। योजना अन्तर्गत देय लाभ निम्नलिखित ,शर्तों पर उपलब्ध करायी जाएगी।

1. झारखण्ड मिल्क फेडरेशन के कार्यक्षेत्र में कार्यरत/चिन्हित दुग्ध पथों पर अवस्थित गावों में इस योजना को प्राथमिकता के आधार पर क्रियान्वित किया जाएगा।
2. इस योजना अन्तर्गत लघु उद्यमियों/युवा शिक्षित बेरोजगार/स्वयं सहायता समूह के सदस्यों/प्रगतिशील पशुपालकों के चयन में ग्राम पंचायत की अनुसंशा प्राप्त करना अनिवार्य होगा।
3. आवेदन पत्र के साथ स्व-अभिप्रमाणित फोटो, आधार कार्ड, बैंक खाता एवं भूमि स्वामित्व प्रमाण पत्र की सुस्पष्ट छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य होंगा
4. लाभुकों का चयन जिला स्तर पर उपायुक्त महोदय की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा अंतिम रूप से किया जाएगा।

नोट :- विशेष जानकारी के लिए जिला गव्य विकास कार्यालय, लोहरदगा में सम्पर्क किया जा सकता है।

PR.NO.341684 Lohardaga(24-25):D जिला गव्य विकास पदाधिकारी, लोहरदगा।

झारखण्ड सरकार
श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग,
अवर प्रादेशिक नियोजनालय, हजारीबाग।

भर्त्ती कैम्प, दिनांक – 11.12.2024
सूचना

अवर प्रादेशिक नियोजनालय -सह- मॉडल कैरियर सेन्टर हजारीबाग द्वारा दिनांक – 11.12.2024 को कार्यालय परिसर में 10:30 बजे पूर्वाहन से 4:00 बजे अपराहन तक Inodaya Preceptors Pvt. Ltd. K.R. Puram, Bangalore एवं Chaitanya India Fin Credit Pvt. Ltd. Hazaribagh के अधीन रिक्ति पदों पर नियुक्ति हेतु एक दिवसीय भर्त्ती कैम्प का आयोजन किया जा रहा है, जिसका विवरण निम्न हैं :-

S.No	Name of the Establishment	Name of Vacancies	Vacancies	Qualification	Experience	Age	Pay/Salary	Remarks
01	Inodaya Preceptors Pvt. Ltd. K.R. Puram, Bangalore	Machine Operator	100	12th, Diploma, I.T.I,	&	18-30	16000-26000	&
		Quality Inspector	80	12th, Diploma, I.T.I,	&	18-30	16000-26000	
		Helper	150	10th and Below	&	18-30	15000-20000	
02	Chaitanya India Fin Credit Pvt. Ltd. Hazaribagh	Customer Relationship Executive	40	10th – 12th	Fresher	20	12770 + Fuel + Incentive	

योग्य एवं इच्छुक आवेदक (उम्मीदवार) जो पूर्व से निबंधित नहीं है वे अपने निकटतम नियोजनालय में अथवा www.jharniyojan.jharkhand.gov.in पर अपना निबंधन कराते हुए उपरोक्त उल्लेखित भर्त्ती कैम्प में नियोजक/नियोजक के प्रतिनिधि के समक्ष अपने सभी मूल प्रमाण-पत्रों एवं अंक प्रमाण-पत्रों की छाया प्रति/आवासीय प्रमाण-पत्र तथा बायोडाटा दो प्रतियों में, एवं दो पासपोर्ट साईज का फोटो के साथ साक्षात्कार हेतु उपस्थित हो सकते है। जो उम्मीदवार पूर्व से निबंधित है उन्हे पुनः निबंधन करवाने की आवश्यकता नहीं है। चूँकि रिक्ति निजी क्षेत्र से संबंधित है, अतएव चयन की प्रक्रिया में नियोजनालय का किसी भी प्रकार से हस्तेक्षप नहीं रहेगा। इस निमित किसी भी प्रकार का मार्ग व्यय देय नही होगा।

नियोजन पदाधिकारी
PR.NO341687 Labour Employment and Traning(24-25):D अवर प्रादेशिक नियोजनालय, हजारीबाग।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय प्रपत्र संख्या-1
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, झुमरीतिलैया

अल्पकालीन ई- निविदा

निविदा संख्या :- 06/JMT/2024-25 दिनांक 10-12-2024

क्र0 सं0	विवरण: कार्य का नाम	वृत्त/संख्या	निविदा विवरणी: प्राक्कलित राशि	अग्रिम जमानत की राशि	परिमाण चित्र का मूल्य	कार्य पूर्ण करने का समय
1	Running, Repairing, Operation and Maintenance (Civil & Mechanical) excluding Raw Water & Energy Charges for Reorganization Urban Water Supply Scheme Jhumritelaiya under D. W. & S. Division Jhumri Telaiya for the year 2025-26	JMT/ URBAN	59,45,040/-	1,19,000.00	10,000.00	12 Month
2	वेबसाइट पर निविदा प्रकाशन की तिथि :		16.12.2024 को 5.00 बजे अपराह्न			
3	निविदा प्रपत्र (ऑन लाईन बिडिंग) की अंतिम तिथि एवं समय :-		26.12.2024 को 5.00 बजे अपराह्न			
4	तकनीकी बीड खोलने की तिथि एवं समय :-		26.12.2024 को 5.00 बजे अपराह्न			
5	वित्तीय बीड खोलने की तिथि एवं समय :-		28.12.2024 को 3.00 बजे अपराह्न			
6	तकनीकी बीड खोलने का स्थान :-		कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, झुमरीतिलैया			
7	निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पदनाम -		ई0 अनुज कुमार सिन्हा, कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, झुमरीतिलैया			
8	निविदा आमंत्रित करनेवाले कार्यालय का :		08002536460, Email-id – eedwsd.jhumaritellaiya@gmail.com			
9	ई प्रोक्युरमेंट सेल का हेल्प लाईन नं0		0651-2480345			

- परिमाण चित्र की राशि घट/बढ़ सकती है।
- स्पॉट प्रायोजन की अवधारणा में निषेध की जा रही है। स्पॉट प्रायोजन के उपरांत ही कार्यादेश निर्गत किया जायेगा।
- विस्तृत विवरण वेबसाईट http://jharkhand tenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

जल ही जीवन है !स्वच्छता प्राण है !

(ई0 अनुज कुमार सिन्हा)
कार्यपालक अभियंता,
PR 341680 Drinking Water and Sanitation(24-25).D पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल,झुमरीतिलैया

पत्रांक-425/खेल
समाहरणालय, चतरा।
(पर्यटन, कला-संस्कृति, खेलकूद एवं युवाकार्य शाखा)
sport.chatra@gmail.com

प्रेस विज्ञप्ति

निदेशक, खेलकूद एवं युवाकार्य निदेशालय, झारखण्ड राँची के बैठक कार्यवाही ज्ञापांक-642/राँची, दिनांक-29.11.2024 के आलोक में चतरा जिलान्तर्गत जिला खेल कार्यालय, चतरा, नेहरू युवा केन्द्र संगठन, चतरा एवं एन0एस0एस0, चतरा के संयुक्त तत्वाधान से दिनांक- 15.12.2024 को डी0एम0एफ0टी0, प्रशिक्षण भवन, चतरा में जिलास्तरीय युवा महोत्सव, 2024 (District Youth Festival) का आयोजन किया जाना निर्धारित है। थीम की विवरणी इस प्रकार है :-
1. विकसित भारत का लक्ष्य 2. गुलामी के हर अंश से मुक्ति 3. अपनी विरासत पर गर्व करना 4. एकता और एकजुटता एवं 5. नागरिकों में कर्त्तव्य की भावना का होना।

क्र0 सं0	कार्यक्रम की विवरणी	पुरस्कार राशि	आयुवर्ग	स्थान	तिथि एवं समय
1	सामूहिक लोकनृत्य (10 की संख्या में महिला / पुरुष मिल कर तथा स्वयं का वाद्ययंत्र सहित)	1st-7000/-, 2nd-5000/-, 3rd-3000/-	15 से 29 वर्ष (पुरुष/महिला)	जिला खनिज निधि प्रशिक्षण केन्द्र, चतरा (डी0एम0एफ0टी0, प्रशिक्षण भवन, चतरा)	दिनांक- 15.12.2024 पूर्वा0-09:0 बजे से
2	समूहिक लोकगीत	1st-7000/-, 2nd-5000/-, 3rd-3000/-			
3	एकल लोकनृत्य	1st-2500/-, 2nd-1500/-, 3rd-1000/-			
4	एकल लोकगीत	1st-2500/-, 2nd-1500/-, 3rd-1000/-			
5	भाषण	1st-2500/-, 2nd-1500/-, 3rd-1000/-			
6	कविता लेखन	1st-2500/-, 2nd-1500/-, 3rd-1000/-			
7	कहानी लेखन	1st-2500/-, 2nd-1500/-, 3rd-1000/-			
8	चित्रकला	1st-2500/-, 2nd-1500/-, 3rd-1000/-			
9	कॉटोग्राफी	1st-2500/-, 2nd-1500/-, 3rd-1000/-			
10	विज्ञान मेला (एप्लस)	1st-2500/-, 2nd-1500/-, 3rd-1000/-			
11	विज्ञान मेला (सामूहिक)	1st-7000/-, 2nd-5000/-, 3rd-3000/-			

उपरोक्त प्रतियोगिता में भाग लेने वाले इच्छुक युवा दिनांक 14.12.2024 के अपराह्न 01.00 बजे तक संलग्न प्रपत्र में भरकर एवं My Bharat Portal पर रजिस्ट्रेशन करते हुए प्राप्ति स्लीप सहित अपना आवेदन जिला खेल कार्यालय, चतरा में हाथों-हाथ जमा कर सकते है। विस्तृत जानकारी हेतु जिला खेल कार्यालय, चतरा, मो0नं0-9334965759 से जानकारी प्राप्त कर सकतेहै।

नोट :-आवेदन फोर्म जिला खेल कार्यालय, चतरा एवं वेबसाईट www.chatra.nic से प्राप्त किया जा सकताहै।

जिला क्रीड़ा पदाधिकारी,
PR 341627 (Tourism, Art Culture Sports And Youth Affairs) 24-25 (D) चतरा।

इंडिया गठबंधन में बढ़ती दरारें एवं मुश्किलें

ललित गर्ग

विपक्ष के लिए सबसे बड़ी चिंता यह है कि आम चुनाव के बाद वह जितना एकजुट और मजबूत नजर आ रहा था, अब उतना ही बिखरा एवं अलग-थलग होता हुआ दिख रहा है। जम्मू-कश्मीर और झारखंड की जीत इतनी बड़ी नहीं है, जो बाकी हार को छुपा सके। इन दोनों राज्यों में भी विपक्षी गठबंधन इंडिया की जीत में क्षेत्रीय दलों की बड़ी भूमिका रही और कांग्रेस की कम। इसलिए अब विपक्षी गठबंधन के नेतृत्व को लेकर भी उसे चुनौतियां मिल रही हैं।

विपक्षी गठबंधन इंडिया की उलटी गिनती का क्रम रूकने का नाम नहीं ले रहे हैं। दिल्ली, महाराष्ट्र और पश्चिम बंगाल से आ रही खबरों से साफ होता है कि इंडिया गठबंधन इंडिया में सब कुछ सही नहीं चल रहा। लगातार चुनावी नाकामियों से पैदा हुई बेचैनी गठजोड़ पर भारी पड़ रही है। एक-दूसरे के खिलाफ असंतोष, दोषारोपण और बयानबाजी विपक्ष एकता के लिए बिल्कुल भी शुभ संकेत नहीं, जो गठबंधन की मुश्किलें बढ़ाने का ही सबब है। लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के प्रभावी प्रदर्शन एवं परिणामों के कारण ही वह अधिकारपूर्वक इंडिया का नेतृत्व अपने हाथों में लेकर गठबंधन की अगुआई करने में सक्षम हो पायी। लेकिन कांग्रेस की ओर से ऐसी कोई मजबूत एवं प्रभावी पहल बाद में हुए हरियाणा, महाराष्ट्र, झारखण्ड, जम्मू-कश्मीर आदि प्रांतों के चुनावों में देखने को नहीं मिली, राज्यों के विधानसभा चुनावों में इंडिया गठबंधन का हिस्सा होते हुए भी पार्टियों ने अपनी क्षेत्रीय जरूरत को सर्वोपरि रखते हुए फैसले लिए जो गठबंधन की प्रतिबद्धताओं पर प्रश्न लगाती है। अडाणी मुद्दे को लेकर शीतकालीन संसद सत्र में इंडिया गठबंधन में दरार दिखने लगी है। अडानी के मुद्दें पर कांग्रेस और राहुल गांधी लगातार संसद में हंगामा कर रहे हैं, सदन की कार्यवाही नहीं चल पाई है। वहीं, अडानी के मुद्दे पर इंडिया गठबंधन के घटक दल समाजवादी पार्टी और टीएमसी कांग्रेस से अलग अपना रुख दिखाते हुए आम सहमति नहीं बना पा रहे हैं। वैसे भी ये दोनों दल ही 66 सांसदों के साथ गठबंधन के मजबूत आधार है।

निश्चित रूप से कांग्रेस के मुद्दों से इंडिया गठबंधन के सहयोगी दल ही कांग्रेस से दूरी बना रहे हैं। भाजपा जब कांग्रेस से मुकाबले में होती है तब उसका प्रदर्शन सबसे अच्छा रहता है। जबकि क्षेत्रीय नेताओं के मुकाबले राहुल का जादू फीका पड़ता है। इसके उदाहरण हैं झारखंड के हेमंत सोरेन का शानदार प्रदर्शन और बंगाल की ममता बनर्जी जिन्होंने उपचुनाव में सारी सीटें जीत ली। हरियाणा विधानसभा चुनावों में हमने देखा कि इंडिया गठबंधन में शामिल कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के बीच गठबंधन की बातचीत टूटने के बाद से कांग्रेस के जीत के सपनों को सेंध लगी थी और वहां भाजपा ने शानदार जीत हासिल करते हुए सरकार बनाने में कामयाब रही। महाराष्ट्र में भी इंडिया गठबंधन का प्रदर्शन निराशाजनक रहा। आप ने तो कांग्रेस से दूरी बनायी ही है, अन्य दल भी दूरियां बना रहे हैं। दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले ही कांग्रेस एवं आप के बीच सहमति नहीं पायी है। आप ने समझ लिया है कि

गठबंधन से कांग्रेस को ही फायदा अधिक होता है। इस तरह गठबंधन के टूटन से भाजपा की निराशा के बादल कुछ सीमा तक पहले भी छंटते हुए दिखाई दिये हैं और दिल्ली में ही ऐसा होता हुआ दिख रहा है। कांग्रेस, आप एवं भाजपा के त्रिकोणीय संघर्ष का फायदा भाजपा को ही मिला है और आगे भी ऐसा ही होने की संभावनाएं है।

महाराष्ट्र चुनाव में भी विपक्षी गठबंधन इंडिया बिखरा हुआ ही प्रतीत हुआ, सपा ने शिवसेना उद्धव ठाकरे गुट से नाराजगी की बात कहते हुए महाविकास अघाड़ी गुट से नाता तोड़ा, भले इससे राज्य की सियासत पर असर न पड़ा हो, लेकिन इसके गहरे राजनीतिक मायने हैं। इसी तरह, तृणमूल कांग्रेस अध्यक्ष और बंगाल की सीएम ममता बनर्जी का इंडिया को लीड करने की इच्छा जाहिर करना भी बहुत कुछ कहता है। इन दोनों की नाराजगी गठबंधन के नेतृत्व और इस तरह से सीधे कांग्रेस को लेकर है। विभिन्न राज्यों में जहां-जहां इंडिया गठबंधन दलों की सरकारें हैं, वे अडाणी जैसे मुद्दों से दूरी बनाना चाहते हैं। ममता बनर्जी ने जिस तरह यह कहा कि उनका दल कांग्रेस की ओर से उठाए गए किसी एक मुद्दे को प्राथमिकता नहीं देगा, उससे यही संकेत मिला कि वह नहीं चाहतीं कि अदाणी मामले को तूल दिया जाए। कांग्रेस को इसकी भी अनदेखी नहीं करनी चाहिए कि गत दिवस ही माकपा के नेतृत्व वाली केरल सरकार ने बंदरगाह के विकास के लिए अदाणी समूह के साथ एक पूरक समझौते को अंतिम रूप दिया। साफ है कि माकपा भी अदाणी मामले में कांग्रेस के रुख से सहमत नहीं। तेलंगाना सरकार ने अदाणी समूह के साथ एक समझौता कर रखा है और अतीत में राजस्थान की कांग्रेस सरकार ने भी राज्य में इस समूह के निवेश को हरी झंडी दी थी। आखिर राहुल गांधी इन स्थितियों को क्यों नहीं समझ एवं देख रहे हैं?

विपक्ष गठबंधन इंडिया में सबसे ज्यादा कमी आम सहमति की दिखाई देती है। सीटों से लेकर मुद्दों तक, सहयोगी दलों के बीच कहीं एकजुटता एवं आम सहमति नहीं दिखती। इसी शीतकालीन सत्र में अदाणी मामले पर कांग्रेस और टीएमसी ने अलग राह पकड़ ली। दरअसल, यह टकराव राष्ट्रीय राजनीति में फिर से मजबूत होने की कोशिश कर रही कांग्रेस और अपनी खोयी राजनीतिक जमीन को पाने के लिए लड़ रहीं क्षेत्रीय राजनीति की धुरंधर पार्टियों के बीच का ज्यादा है। देखा जाए तो समय-समय पर इस तरह की खबरें आती रही हैं, जो विपक्षी एकता के लिए चुनौती खड़ी कर देती हैं। कुछ अरसा पहले ही यूपी में उपचुनाव को लेकर कांग्रेस और सपा के बीच जैसी असहज स्थिति बनी थी, वैसा सहयोगियों के बीच तो नहीं होता। महाराष्ट्र चुनाव के दौरान भी सहयोगी दलों में तालमेल की कमी होने की बात सामने आई थी। बंगाल में पहले ही कांग्रेस और टीएमसी एक-दूसरे के विरुद्ध हैं। इसी तरह, दिल्ली में आप और कांग्रेस में गठजोड़ नहीं है। यह कैसा गठबंधन है, जिसमें इतने अंतर्विरोध एवं असहमतियां हों। जहां पार्टियां आम चुनाव में साथ हों, लेकिन राज्यों के चुनाव में आमने-सामने। ऐसे में इन दलों के समर्थकों की उलझन की सहज की कल्पना की जा सकती है और इससे गठबंधन की मूल विचारधारा पर प्रश्न खड़े होने भी स्वाभाविक है। गठबंधन की सफलता के लिये नीति एवं नियत में एकजुटता जरूरी है। गठबंधन तभी सफलता से चलता है, जब सारे पक्ष थोड़ा-थोड़ा त्याग करें और किसी बड़े लक्ष्य को सामने रखे। क्षेत्रीय पार्टियों की बहुलता और अलग-अलग राज्यों में अलग-अलग क्षेत्रीय पार्टियों की प्रधानता के चलते भी इस तरह के गठबंधन को लंबे समय तक चला पाना मुश्किल हो जाता है। चुनावी हार और सत्ता से बाहर होने की स्थिति में तो ऐसे गठबंधन को संभालना लगभग असंभव ही हो जाता है। ऐसी स्थितियों में क्या इंडिया गठबंधन के भविष्य पर धुंधलके छाने लगे है। क्या वह अंतिम सांसें गिन रहा है।

विपक्ष के लिए सबसे बड़ी चिंता यह है कि आम चुनाव के बाद वह जितना एकजुट और मजबूत नजर आ रहा था, अब उतना ही बिखरा एवं अलग-थलग होता हुआ दिख रहा है। जम्मू-कश्मीर और झारखंड की जीत इतनी बड़ी नहीं है, जो बाकी हार को छुपा सके। इन दोनों राज्यों में भी विपक्षी गठबंधन इंडिया की जीत में क्षेत्रीय दलों की बड़ी भूमिका रही और कांग्रेस की कम। इसलिए अब विपक्षी गठबंधन के नेतृत्व को लेकर भी उसे चुनौतियां मिल रही हैं। आने वाले चुनाव विपक्षी गठबंधन के भविष्य के लिए भी अहम और निर्णायक होंगे। विपक्ष की मजबूती उसके खुद के लिए ही नहीं, एक मजबूत लोकतंत्र के लिए भी जरूरी है। इंडिया गठबंधन का मूल उद्देश्य भाजपा एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को कमजोर करना है, लेकिन इसके लिये कांग्रेस एवं गठबंधन प्रभावी मुद्दें प्रस्तुत करने में नाकाम रही है। जबकि भाजपा ने महाराष्ट्र में हिंदू मतदाताओं के रुझान का ख्याल रखा। इसी के हिसाब से नारे गढ़े। लाडकी बहिन जैसी लाभार्थी योजना, आरक्षण के सवालों और महाराष्ट्र के किसानों के मुद्दों के इर्द-गिर्द अपनी रणनीति बनाई। लेकिन राहुल गांधी ऐसे चुनावी मुद्दों को गढ़ने में क्यों असफल रहे? इंडिया गठबंधन के सहयोगी दलों के नेता राहुल गांधी की इन स्थितियों पर गंभीर मंथन कर रहे हैं। राहुल गांधी बेतुकी आक्रामकता से उपरत क्यों नहीं हो रहे हैं? वे सदन के भीतर एवं सदन के बाहर ऐसी ही तर्कहीन बातों एवं बयानों से अराजक माहौल बना रहे हैं। जिससे कांग्रेस तो कमजोर हो ही रही है, इंडिया गठबंधन भी कमजोर होता जा रहा है, यही बड़ा कारण है इसके बिखराव का, टूटन का।

संपादकीय

गलत तरीका

हरियाणा में सुरक्षाकर्मियों ने शंभू बॉर्डर पर बहुस्तरीय अवरोधों के करीब पहुंचे किसानों को तितर-बितर करने के लिए आंसू गैस के गोले दागे। न्यूनतम समर्थन मूल्य के लिए कानून की गारंटी समेत अन्य तमाम मांगों के लिए केंद्र पर दबाव बनाने के लिए किसानों के विभिन्न संगठन यह प्रदर्शन कर रहे थे। झड़प के बाद कुछ संगठनों ने प्रदर्शन स्थगित कर दिया मगर कुछ विरोध की रणनीति को लेकर पशोपेश में हैं। पहले ही दिल्ली को निकले किसानों के जत्थों को रोक दिया गया था। मामला अब सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया है, जिसमें केंद्र, पंजाब व हरियाणा सरकार से शंभू बॉर्डर समेत अन्य हाई-वे खोलने के निर्देश देने की मांग की गई है। भीड़ के अनियंत्रित होने पर उन्होंने धुएं के गोले प्रयोग किए।

हरियाणा के खाप नेताओं ने भी विरोध मार्च में शामिल होने का निर्णय लिया है। हालांकि संयुक्त किसान मोर्चा विभाजित है। उसके विभिन्न समूहों में गुटबाजी के चलते उनके निर्णय प्रभावित हो रहे हैं। चूंकि प्रधानमंत्री हरियाणा जा रहे हैं, ऐसे में सुरक्षा एजेंसियों से विशेष सतर्कता बरतने की उम्मीद लाजमी है। किसानों को चोट पहुंचाना कभी भी न्यायोचित नहीं ठहराया जा सकता। मगर पुलिस का आरोप है कि उन्होंने लोहे की छड़ों व रस्सियों के मार्फत लोहे की सुरक्षा जालियों को हटाना चालू कर दिया था। पूर्व में हमने देखा है, किसानों ने इन व्यवधानों से निपटने की भरपूर और बड़े स्तर पर तैयारियां की थीं। उन्होंने क्रेन व ट्रैक्टरों के आगे लोहे की मोटी-मोटी मजबूत छड़ें लगवाई थीं, जो विरोध-प्रदर्शन का उचित तरीका नहीं कहा जा सकता। हालांकि तीन सौ दिनों से भूख हड़ताल पर बैठे किसानों के प्रति सरकार का रवैया भी सामान्य नहीं है। किसानों के प्रति सहिष्णुताभाव प्रदर्शित करते हुए सरकार को विशेषज्ञों के दल के साथ विस्तारपूर्वक बातचीत करानी चाहिए। घायल किसानों के इलाज में किसी तरह असावधानी अक्षम्य मानी जाएगी। हकीकत में समर्थन मूल्य को लेकर देश भर के किसान उतने उग्र नहीं हैं। जितने राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के ईद-गिर्द के किसान संगठनों ने नाराजगी दिखाई है। समर्थन मूल्य की कानूनी गारंटी के साथ ही ऋण माफी, पेंशन व सस्ती बिजली की मांग के प्रति सरकार को सलीके से जवाब देने चाहिए। क्योंकि बात केवल बड़े किसानों की नहीं है, इसमें छोटे-मझोले किसान भी शामिल है। जिनकी जिन्दगी पूरी तरह कृषि पर ही आधारित है। बड़े व समृद्ध किसानों पर होने वाली सख्ती की मार से कमजोर किसानों को बचाना सरकार की जिम्मेदारी है।

चिंतन-मनन

मन की तेज गति

नौका नदी के उस पार जा रही थी। अनेक व्यक्ति उस पर सवार थे। भार अधिक हो गया। नौका डगमगाने लगी। नाविक ने कहा - नौका डूब जाएगी। यदि सबको बचना है तो स्वयं को सुरक्षित रखते हुए अपना सारा सामान नदी में बहा दो, अन्यथा सामान के साथ-साथ प्राण भी जाएंगे। सबने अपने जीवन की सुरक्षा को महत्व देते हुए सामान नदी में डाल दिया। एक बनिये के पास तीन खाली डिब्बे और एक रूपयों से भरा डिब्बा था। उसने खाली डिब्बे पानी में डाल दिए। नाविक ने कहा - इस वजनी डिब्बे को डाल दो। बनिये ने रूपयों को ?से व्यर्थ बहाना उचित नहीं समझा। वह डिब्बे को साथ ले नदी में कूद पड़ा। नौका हल्की हो गई। पर वह बनिया उस डिब्बे के भार से दबकर डूब गया। यदि वह खाली डिब्बे के साथ कूदता तो संभव है बच जाता, पर भरे हुए डिब्बे ने उसे डुबो दिया।

कहने का अर्थ यह है कि लोगों का भरे हुए पर अधिक विश्वास है, खाली पर नहीं। काम में लगे रहते हैं तो समझते हैं भरे हुए हैं, समय का उपयोग हो रहा है। जब खाली होते हैं तब समझते हैं, आज तो समय व्यर्थ खो रहे हैं। लोग खाली रहना नहीं जानते और खाली रहने के समय का उपयोग करना भी नहीं जानते। आदमी खाली कहां रह पाता है? जब उसके पास कोई काम नहीं होता, तब भी वह खाली नहीं है। उसके मन का चक्का इतनी तीव्र गति से घूमता है कि दुनिया की सारी स्मृतियां उस समय उभर आती हैं। मस्तिष्क विचारों से, संकल्प-विकल्पों से भर जाता है। कहां है खाली वह आदमी? उसका दिमाग भरा ही रहता है।

रिश्वत वसूल करने का सुरक्षित तरीका बना डिजिटल नेटवर्क

सनत जैन

डिजिटल नेटवर्क के नाम पर रिश्वत वसूली करने का नया तरीका सरकारी कर्मचारी और अधिकारियों ने खोज लिया है। मध्य प्रदेश सरकार ने जमीनों का डिजिटल रिकॉर्ड तैयार किया है। इस डिजिटल रिकॉर्ड को तैयार करने का काम निजी एजेंसियों को दिया गया। राजस्व विभाग के सरकारी अधिकारी कर्मचारियों को डिजिटल रिकॉर्ड और कंप्यूटर में दर्ज करने को लेकर कोई बहुत ज्यादा ज्ञान नहीं होता है। राजस्व रिकॉर्ड में पटवारी और राजस्व निरीक्षक की भूमिका सबसे बड़ी होती है। पटवारी इसके लिए निजी सर्वेयर की मदद ले रहे हैं। जमीनों के सरकारी रिकॉर्ड को रजिस्ट्री के पोर्टल से भी जोड़ दिया गया है। पिछले वर्षों में जिस तरह से राजस्व विभाग का डिजिटल रिकॉर्ड तैयार किया गया है, उसके बाद से आम आदमी की मुसीबतें दिनों दिन बढ़ती चली जा रही हैं। जमीन की नपती नहीं हो पा रही है। जमीन के बटान के लिए अघोषित रूप से सर्वेयर रखकर राजस्व विभाग के अधिकारी और कर्मचारी राजस्व कार्यों के लिए सर्वेयर की सहायता ले रहे हैं। जमीन संबंधी विवाद दिनों-दिन बढ़ते चले जा रहे हैं। सर्वेयर के माध्यम से खसरे में प्रविष्टि, सीमांकन बटान इत्यादि प्रत्येक काम के लिए पटवारियों द्वारा अघोषित फीस निर्धारित कर दी गई है। जो सर्वेयर के माध्यम से वसूल की जा रही है। पटवारी, राजस्व निरीक्षक अपनी असमर्थता जताकर जमीन संबंधी कामों के लिए निजी सर्वेयर के पास जाने के लिए बोलते हैं। निजी सर्वेयर के माध्यम से रिश्वत की रकम मिलने के बाद ही राजस्व विभाग में काम हो पा रहे हैं। हाल ही में मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में जो मामला सामने आया है उसके अनुसार छोटे-छोटे से कामों के लिए हजारों रुपए की रिश्वत पटवारी और राजस्व निरीक्षकों द्वारा सर्वेयर के माध्यम से वसूल की जा रही है। भोपाल कलेक्टर ने जानकारी मिलने के बाद तीन पटवारियों को निलंबित किया है। खसरे में प्रविष्टि चढ़ाने के लिए 5 से 10,000 रुपए तक वसूल किये जा रहे हैं। वहीं जमीन का बटान करने के लिए हजारों रुपए की रिश्वत सर्वेयर के माध्यम से वसूल की जा रही है। पटवारी अपने कार्यालय में उपलब्ध नहीं होते हैं। वह सर्वेयर के पास बैठ कर सारे काम को निपटाते हैं। जमीन सीमांकन का काम करने के लिए 10,000 रुपए से लेकर 1,00000 रुपए तक वसूल किये जा रहे हैं। नामांतरण के मामले में भी 5,000 रुपए से लेकर 1,00000 रुपए तक की वसूली पटवारी और राजस्व निरीक्षकों द्वारा की जा रही है। रिश्वत वसूल करने के लिए पटवारी अपना सरकारी रिकॉर्ड सर्वेयर को सौंप देते हैं। जो पूरी तरह से गैर कानूनी है। सर्वेयर और पटवारी मिलकर जमीन मालिकों से हजारों-लाखों रुपए की रिश्वत सर्वेयर के माध्यम से सुरक्षित रूप से वसूल करने का तरीका खोज लिया है। जिसके कारण पटवारी, राजस्व निरीक्षक और राजस्व अधिकारी पूरी तरह से सुरक्षित रहते हुए लाखों रुपए हर माह कमा रहे हैं। जिन लोगों को अपने काम कराने होते हैं, वे सर्वेयर की सेवाएं लेकर फीस के रूप में बड़ी रकम देकर राजस्व रिकॉर्ड को सही कराने का काम करते हैं। राजस्व रिकॉर्ड ऑनलाइन हो गया है। इसके बिना कोई काम नहीं हो सकता है। रजिस्ट्री का पोर्टल भी इसके साथ जुड़ा हुआ है। बी 1 और बी 2 की प्रविष्टि खसरा नकल इत्यादि का सारा काम ऑनलाइन हो रहा है। पटवारी और राजस्व निरीक्षकों का रिश्वत वसूल करने के लिए नया नेटवर्क सारे प्रदेश में बन गया है। रिश्वत में वसूल की गई रकम का बटवारा पटवारी, राजस्व निरीक्षक और अधिकारियों के बीच में बड़े व्यवस्थित रूप से होता है। सरकार ने निजी सर्वेयर को कोई मान्यता नहीं दी है। इसके बाद भी सरकारी रिकॉर्ड निजी एजेंसियों और निजी सर्वेयरों के पास हैं। राजस्व विभाग के अधिकारियों को जो पासवर्ड दिए गए हैं। वह भी सर्वेयर के पास होते हैं। इसमें बड़े पैमाने पर गड़बड़ी

होने की शिकायतें भी मिल रही हैं। बैंकों से लोन भी फर्जी रिकॉर्ड के आधार पर लिया जा रहा है। जब से राजस्व विभाग ने डिजिटल रिकॉर्ड तैयार किया है, उसके बाद से जमीनों की खरीद-बिक्री में धोखा-धड़ी बढ़ गई है। जमीन मालिक बुरी तरीके से परेशान हैं। हर काम के लिए हजारों लाखों रुपए की रिश्वत देनी पड़ रही है। मध्य प्रदेश में कई मामले इस तरह के सामने आ चुके हैं। जहां डिजिटल रिकॉर्ड में गड़बड़ी करके करोड़ों रुपए की धोखाधड़ी की गई है। मनमाने तरीके से रिकॉर्ड में परिवर्तन कर दिया गया है। रिश्वत लेकर डिजिटल रिकॉर्ड में बिना प्रकरण बनाए, बिना सक्षम अधिकारियों की जानकारी के बिना प्रविष्टियों में परिवर्तन किया गया है। जिसके कारण आम जनता के साथ जो धोखाधड़ी हो रही है। उससे गुस्सा बढ़ता जा रहा है। सरकार को इस दिशा में विशेष सतर्कता बरतने की जरूरत है।

ऑनलाइन कंपनियां : ग्राहकों का भरोसा जरूरी या गति

नरविजय यादव

विधाजनक, तेज और 10 मिनट में घरेलू वस्तुओं की डिलीवरी के वादे ने शहरी उपभोक्ताओं को आकर्षित किया है। ब्लिंकिट, जेप्टो और इंस्टामार्ट जैसे प्लेटफॉर्म इस मांग को पूरा करने के लिए सामने आए हैं, जो किराना, दवाइयां,और यहां तक कि इलेक्ट्रॉनिक वस्तुएं भी अभूतपूर्व गति से पहुंचाते हैं, लेकिन जितना आकर्षक यह मॉडल लगता है, उतना ही चुनौतियों से भरा हुआ भी है, खासकर महंगे सामान की होम डिलीवरी के मामले में।

हाल ही में मुझे एक परेशानी वाला अनुभव हुआ, जिससे ब्लिंकिट की सेवा में खामियों का पता चला। हाल ही में, मैंने ब्लिंकिट से बोट निवार्णा ऑयन ईयरबड्स मंगवाए। जब पैकेट आया तभी लगा कि कुछ गड़बड़ है। पुराने बॉक्स पर भद्दा-सा टेप चिपका था, बायां ईयरबड काम नहीं कर रहा था, और दो ईयरमफ गायब थे। मैंने तुरंत कस्टमर केअर को ईमेल करके बताया और रिप्लेसमेंट की मांग की। दो दिन की जद्दोजहद के बाद तीसरे दिन जो रिप्लेसमेंट आया, उसने मुझे हैरान कर दिया। यह बॉक्स भी खुला हुआ था, चार्जिंग केस खाली था, और दोनों ईयरबड्स गायब थे! फटाफट वीडियो और फोटो के साथ ईमेल से शिकायत की और कंपनी को टैग करते हुए ट्वीट किया।

ब्लिंकिट ने अपनी कमी नहीं मानी और रिफंड या



रिप्लेसमेंट से साफ इनकार कर दिया। हैरानी इस बात की थी कि दोनों डिलीवरी कर्मचारियों ने उत्साह से बताया था कि डिब्बे में क्या है, जबकि सामान्यतया वे ऐसा नहीं करते हैं। दूसरे वाले ने तो पैकेट को चेक भी नहीं करने दिया और फटाफट खिसक गया। यह पहला मामला नहीं है जिसमें महंगी चीजें डिलीवर करने में ब्लिंकिट विफल रहा। खाली बॉक्स भेजना, पैकेट से छेड़छाड़, और गलत सामान की डिलीवरी की शिकायतें आम हैं। दिवाली पर एक ग्राहक को सोने का आधी कीमत वाला सिक्का दिया गया, एक महिला को खराब पंखे दे दिए, जबकि एक अन्य ग्राहक को पुरुषों के अंडरवियर की जगह महिलाओं के अंतःवस्त्र भेज दिए। इन सभी मामलों में रिटर्न और रिफंड करने से मना कर दिया गया। ऐसी घटनाएं क्विक कॉमर्स मॉडल की कमजोरी दशार्ती हैं, जहां भरोसे और ईमानदारी की जगह स्पीड पर ध्यान दिया जाता है। तेजी से सामान की होम डिलीवरी का मॉडल सुविधाजनक तो है, लेकिन खामियों से भरा है। डिलीवरी कर्मी समय सीमा का पालन करने के दबाव में रहते हैं, जिससे जांच या गुणवत्ता नियंत्रण की गुंजाइश कम बचती है। इलेक्ट्रॉनिक्स जैसी महंगी चीजें, ऐसे माहौल में असुरक्षित हो जाते हैं, क्योंकि उचित निगरानी न होने से चीजों की चोरी और डिब्बे से छेड़छाड़ की आशंका बढ़ जाती है। बाहरी डिलीवरी पार्टनर्स पर निर्भर रहने से समस्या और जटिल हो जाती है। डिलीवरी कर्मियों का संदिग्ध व्यवहार और प्लेटफॉर्म की जवाबदेही की कमी ने मुझे निराश और असहाय कर दिया। बोट की पैकेजिंग दोषपूर्ण है। वे डिब्बों को सिर्फ दो छोटे स्टिकर से बंद करते हैं। मेरे मंगाए दोनों डिब्बों के स्टिकर हटे हुए थे, यानी उन्हें खोलकर उनमें से महंगी चीजें चुरा ली गई थीं। ऐसे अपर्याप्त सुरक्षा उपाय न केवल निमार्ताओं बल्कि डिलीवरी प्लेटफॉर्म पर भी सवाल उठाते हैं। और भी परेशान करने वाली बात ब्लिंकिट की ग्राहक सेवा का ढीला रवैया है। मेरी शिकायतों को खारिज किया गया। कंपनी ने मेरा पैसा लौटाने और दूसरा सही प्रोडक्ट देने से साफ इनकार कर दिया। वैध शिकायतों के प्रति यह उपेक्षित दृष्टिकोण ब्लिंकिट के खिलाफ कई शिकायतों में एक सामान्य बात है। इनके कस्टमर केअर से सिर्फ ईमेल से संपर्क हो सकता है, जिस पर वीडियो भी अपलोड नहीं हो पाते हैं। किसी भी उपभोक्ता-केंद्रित व्यवसाय की रीढ़ प्रभावी ग्राहक सेवा है। समस्याओं को पारदर्शी और कुशल ढंग से सुलझाने में विफल रहकर ब्लिंकिट अपने ग्राहकों को नाराज करने और अपनी साख पर बट्टा लगाने का जोखिम उठा रहा है। इन बार-बार होने वाली खामियों से सिस्टम में बदलाव की मांग उठती है।

ब्लिंकिट जैसे प्लेटफॉर्म को स्पीड से ज्यादा ग्राहकों के भरोसे को तरजीह देनी चाहिए। इसमें डिलीवरी कर्मियों की सख्त जांच, टैंपर-प्रूफ सीलबंद पैकेजिंग, और जवाबदेही के लिए रीयल-टाइम ट्रैकिंग सिस्टम शामिल हो सकता है। इसके अलावा, ग्राहकों की शिकायतें तत्काल दूर करने का सिस्टम होना जरूरी है। एक क्विक कॉमर्स प्लेटफॉर्म को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि ग्राहक सेवा टीमें समस्याओं को निष्पक्षता व शीघ्रता से हल करने में सक्षम हों, न कि रिटर्न या रिफंड को हतोत्साहित करें। क्विक डिलीवरी का आकर्षण निर्विवाद है, ऐसे में इसकी दीर्घकालिक सफलता विश्वसनीयता और जवाबदेही पर निर्भर करती है। उपभोक्ता मामलों के विभाग को उचित होम डिलीवरी के लिए दिशा-निर्देश बनाने चाहिए, जिसमें पैकेजिंग मानकों और समस्या निवारण का सिस्टम भी शामिल रहे। भले ही क्विक कॉमर्स एप्स ने रिटेल के क्षेत्र में क्रांति ला दी है, उन्हें यह भी देखना चाहिए कि भरोसा और पारदर्शिता उपभोक्ता से जुड़े रहने के लिए आवश्यक तत्व हैं। रिटेल में कड़ी प्रतियोगिता है, लेकिन इसे स्पीड से नहींङ्क ग्राहकों के भरोसे व संतुष्टि से ही जीता जा सकता है।

बाल संरक्षण इकाई अंतर्गत संविदा के आधार पर चयनित पांच अभ्यर्थियों को मिला नियुक्ति पत्र

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

बोकारो : उप विकास आयुक्त गिरिजा शंकर प्रसाद ने दिनांक 10 दिसंबर 2024 दिन मंगलवार को समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग अंतर्गत बाल संरक्षण इकाई में संविदा के आधार पर चयनित आंकड़ा विश्लेषक, सहायक सह डाटा एंट्री ऑपरेटर (डीसीपीयू), सहायक सह डाटा एंट्री ऑपरेटर (जेजेबी), आउटरेज वर्कर (डीसीपीयू) आदि पद पर 05 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र देते हुए उनके बेहतर काम की अपील की ताकि बोकारो जिला अग्रणी जिलों में समकक्ष पहुंच सके। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त गिरिजा शंकर प्रसाद ने सभी युवक एवं युवतियां को नियुक्ति पत्र वितरित करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। जिले इन 05 अभ्यर्थियों को मिला नियुक्ति पत्र आंकड़ा विश्लेषक के पदनाम पर वरुण कुमार, पिता विदेशी रजवार, पता सेक्टर 8 बोकारो स्टील सिटी का निवासी है। सहायक सह डाटा एंट्री ऑपरेटर अनिल रवानी, पिता धनेश्वर रवानी, सेक्टर 9 डी, बोकारो स्टील सिटी के निवासी हैं। सहायक सह डाटा एंट्री ऑपरेटर बेला कुमारी, पति रामेश्वर महतो, पता स्वांग, गोमिया के निवासी हैं। आउटरीच वर्कर कालीचरण महतो, पिता वरुण महतो, पता चंदनक्यारी निवासी है। आउट रिच वर्कर पदनाम के रूप में चंदन कुमार दास, पिता गौरी नाथ दास, पता चास, बोकारो के निवासी है। इस दौरान जिला समाज कल्याण पदाधिकारी डॉ सुमन गुप्ता, बाल संरक्षण पदाधिकारी अनीता झा सहित अन्य उपस्थित थे।

आरपीएफ ने ऑपरेशन डिग्निटी के तहत बालिग लड़की को उसके परिजन को सौंपा

बोकारो : ऑपरेशन डिग्निटी के तहत आरपीएफ ने एक 20 साल की बालिग लड़की को बोकारो रेलवे स्टेशन के ओवरब्रिज के प्लेटफार्म नंबर 1 से रेस्क्यू किया। मालूम हो कि रेस्क्यू की हुई बालिक की उम्र 20 वर्ष है। वह बोकारो जिला के आजाद नगर, माराफारी थाना की रहने वाली है बताया कि बालिक लड़की को बोकारो रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 1 ओवरब्रिज के पास रात के लगभग 12:30 बजे संदिग्ध तरीका से घूमते देखा गया। ड्यूटी पर तैनात आरपीएफ पुलिस द्वारा जब पूछताछ किया गया तो पता चला कि वह घर में बिना बताए घर से भाग निकली हैं रेस्क्यू किया टीम ने नाबालिग को स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 1 ओवरब्रिज के पास संदिग्ध रूप से घूमते पकड़ा. आरपीएफ एसआई आर बी यादव, के साथ एलसी परिणीति भारती, किमी राखी, मेरी सहेली टीम, नन्हे फरिश्ते की टीम की सतर्कता से बालिक का रेस्क्यू किया जा सका बताया जाता है कि आरपीएफ सहित अन्य टीम प्लेटफार्म पर ड्यूटी पर मौजूद थी।

शादी में जा रही बस दुर्घटनाग्रस्त, 12 लोग घायल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

हजारीबाग : बिहार के सारण जिला के दिघवारा से रांची आ रही विक्रम नामक बस चरही घाटी के हत्यारी मोड़ के पास हादसे का शिकार हो गई। इसमें 12 लोग घायल हो गए, जिसमें चार की स्थिति गंभीर बनी हुई है। हादसा मंगलवार सुबह की है। मिली जानकारी के अनुसार हादसे के बाद मौके पर पुलिस पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल हजारीबाग ले जाया गया, जहां प्राथमिक इलाज के बाद कुछ लोगों को रिम्स रांची रेफर कर दिया गया है। अब तक मिली जानकारी के अनुसार सारण के दिघवारा के रहने वाले कामाख्या सिंह अपनी बेटी को लेकर शादी के लिए रांची जा रहे थे। शादी आज मंगलवार को ही होनी थी। बस में लगभग 60 लोग सवार थे। बताया जा रहा है कि बस चरही के हत्यारी मोड़ के पास अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई, जिसके कारण घटना घट गई। घायलों को मेडिकल कॉलेज हजारीबाग ले जाया गया। जबकि कई और घायलों को रिम्स भेजा गया है। हादसे में बस का कंडक्टर गंभीर रूप से घायल हो गया है। वहीं 22 वर्षीय सोनी सिंह के ठुड्डी में गहरी चोट लगी है,वहीं 12 वर्षीय प्रकाश कुमार के सिर में गहरी चोट लगी है। 55 वर्षीय उषा देवी का हजारीबाग में इलाज चल रहा है। हजारीबाग मेडिकल कॉलेज में इलाजरत पलक सिंह, ममता सिंह, सोनी सिंह, सुरभी सिंह, संजना देवी, रेखा सिंह, कश्मीर सिंह सहित कई का नाम शामिल है।

बीएसएल में वित्त एवं वाणिज्यिक क्विज कार्यक्रम का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

बोकारो : सेल-बीएसएल अधिकारियों को लागत, वित्तीय विवरण, कॉर्पोरेट वित्त, बजट तथा वाणिज्यिक संबंधित समसामयिक विषय से अवगत कराने के उद्देश्य से आज दिनांक 10 दिसंबर को मानव संसाधन के ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग में वित्त एवं वाणिज्यिक क्विज - 2024 कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में मुख्य महा प्रबंधक (वित्त एवं लेखा) सुजय कुमार मुख्य अतिथि रहे। वित्त एवं वाणिज्यिक क्विज - 2024 में सेल - बीएसएल के विभिन्न विभागों से कुल 18 टीमें शामिल हुई। ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग की महाप्रबंधक नीता बा एवं सहायक महा प्रबंधक अमित आनंद के मार्गदर्शन में क्विज मास्टर के रूप में वित्त एवं लेखा प्रभाग के उप महाप्रबंधक अनुराग सिंघल तथा उप प्रबंधक निशांत कुमार ने अहम योगदान किया। वित्त एवं वाणिज्यिक क्विज - 2024 में स्टील रिफ्रैक्टरी यूनिट के वरीय प्रबंधक अमरेंद्र कुमार तथा अभिमन्यु कुमार की टीम को प्रथम तथा स्टील रिफ्रैक्टरी यूनिट से ही सहायक महाप्रबंधक काशीनाथ गोराई एवं वरीय प्रबंधक विपिन कुमार की टीम को द्वितीय स्थान एवं बीएसएल के सिंटर प्लांट के वरीय प्रबंधक गोपी शंकर तथा एस एम एस - सी सी एस के वरीय प्रबंधक रवि शंकर की टीम को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। मुख्य अतिथि सुजय कुमार ने ऐसे कार्यक्रमों को उपयोगी बताते हुए भविष्य में भी इस प्रकार के क्विज कार्यक्रम आयोजित करने की बात कही। वित्त एवं वाणिज्यिक क्विज -2024 को सफल बनाने में ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग के ऋषिकेश रंजन, संजीव कुमार सिंह तथा एस सी मुर्मू का अहम योगदान रहा।

गांव के पुजारी की मौत के बाद ग्रामीणों में आक्रोश, अनिश्चितकालीन धरना पर बैठे

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

हजारीबाग : जिला के केरेडारी प्रखंड के तारहेसा गांव में ग्रामीण देवता और मंदिर में पूजा-अर्चना करने वाले पुजारी नाया होरिल गंझू की मौत अचानक मंगलवार सुबह हो गई। इस घटना के बाद पूरे गांव में शोक और आक्रोश का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि वे कई दिनों से एनटीपीसी और बीजीआर कंपनी से मांग कर रहे थे कि गांव के मंदिर क्षेत्र में डोजरिंग न की जाए और वहां का रास्ता सुरक्षित रखा जाए। उनकी मांगों को लगातार नजरअंदाज किया गया, जिससे ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा। इसके अलावा, गांव में बढ़ते प्रदूषण को लेकर भी ग्रामीण लंबे समय से परेशान हैं। प्रदूषण के कारण गांव में विभिन्न बीमारियां फैल रही हैं, लेकिन कंपनी इस दिशा में कोई कदम नहीं उठा रही है। घटना के बाद नाराज ग्रामीणों ने कंपनी का काम पूरी तरह से बंद करा दिया है और अनिश्चितकालीन धरने पर बैठ गए हैं। गांव के हालात तनावपूर्ण बने हुए हैं और प्रशासन ने अभी तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया है। ग्रामीणों ने बताया कि उपमहाप्रबंधक सुभाष प्रसाद गुप्ता, प्रबंधक शिव प्रसाद, एचआर रोहित पाल क्षेत्र में काफी मनमानी कर रहे हैं। कई बार हम लोगों ने इसकी शिकायत उच्च अधिकारियों को दिया लेकिन अधिकारी एनटीपीसी के अधिकारियों से मिली भगत के कारण ग्रामीणों की बातों को अनसुना कर रहे है।

डीडीसी की बैठक में कृषक पाठशाला के कार्यों का किया गया अनुमोदन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

बोकारो : सरकार की महत्वांकाक्षी योजना समेकित बिरसा ग्राम विकास योजना सह कृषक पाठशाला का जिला स्तरीय अनुश्रवण समिति की बैठक उप विकास आयुक्त, बोकारो के अध्यक्षता में किया गया। जिसमें कृषक पाठशाला नावाडीह द्वारा किये गये कार्य के आलोक में अभिश्रव का अनुमोदन एवं कृषक पाठशाला जरीडीह का डीपीआर का अनुमोदन साथ ही जेई एवं ऐई को टैग करने से संबंधित विषय पर चर्चा की गई। उप विकास आयुक्त बोकारो द्वारा निर्देश दिया कि कृषक पाठशाला नावाडीह द्वारा किये गये कार्यों का विस्तृत ब्यौरा से संबंधित प्रगति प्रतिवेदन अगले बैठक में रखेंगे साथ ही उनके द्वारा पृच्छा की गई कि कृषक पाठशाला में कितने किसान पंजीकृत है तथा कितने किसानों को प्रशिक्षण दी गई है। इसकी अगली बैठक जनवरी माह के प्रथम सप्ताह में प्रस्तावित है। डीएलएमसी की बैठक में उप विकास आयुक्त, बोकारो, जिला कृषि पदाधिकारी, जिल सहकारिता पदाधिकारी, जिला मत्स्य पदाधिकारी, जिला पशुपालन पदाधिकारी जिला गव्य पदाधिकारी निम्न पदाधिकारी उपस्थित थे।

मानवाधिकार के बिना हम स्वस्थ समाज की कल्पना भी नहीं कर सकते : डालसा सचिव

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

खूंटी : झालसा रांची के निर्देश पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डालसा अध्यक्ष रसिकेस कुमार के मार्गदर्शन में मंगलवार को आदिम जाति सेवा मंडल विद्यालय डुमरदगा खूंटी में अंतरराष्ट्रीय मानव अधिकार दिवस पर विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डालसा सचिव राजश्री अपर्णा कुजूर ने कहा कि 10 दिसंबर का दिन बेहद महत्वपूर्ण है, क्योंकि इसी दिन मानव अधिकार दिवस मनाया जाता है। इस दिन को इसलिए खास माना जाता है, क्योंकि इसी दिन हर व्यक्ति को कुछ मूलभूत अधिकार देने की घोषणा की गई थी। यह लोगों को भेदभाव से बचाने और उनके जीवन को सम्मानजनक और बेहतर बनाने के लिए इसकी शुरूआत की गई। उन्होंने कहा कि मानव अधिकार दिवस हमें याद दिलाता है कि सभी मनुष्य समान हैं और सभी को समान अधिकार प्राप्त हैं। यह दिन हमें उन लोगों के बारे में सोचने और उनके लिए काम करने का अवसर देता है, जिन्हें उनके अधिकार नहीं मिल पाते हैं। यह दिन हमें यह भी याद दिलाता है कि हमें अपने अधिकारों के लिए संघर्ष करना चाहिए और दूसरों के अधिकारों का सम्मान करना चाहिए। मानव अधिकार के बिना हम स्वस्थ समाज एवं राष्ट्र की कल्पना भी नहीं कर सकते। कार्यक्रम में पैनल अधिवक्ता मदन मोहन राम, सीनी संस्था के अधिकारी अमित कुमार, कुमार सौरभ, पीएलवी जकरियस मुंडा, अंजनी कुमारी, आदिम जाति सेवा मंडल विद्यालय डुमरदगा के शिक्षक, शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

एक नजर

खनन विभाग ने चलाया सघन जांच अभियान, दो ट्रैक्टर व एक हाइवा जब्त

बोकारो : उपायुक्त विजया जाधव के निदेर्शानुसार जिले के विभिन्न स्थानों पर खनिज लदे वाहनों की सघन जांच अभियान चलाया गया, जिसमें कई वाहनों की जाँच की गई। जिसमें चंद्रपुरा थाना अंतर्गत झरनाडीह के समीप अवैध रूप से बालू खनिज का परिवहन करते हुए 02 ट्रैक्टर एवं स्टेट बैंक, शांति चौक के समीप 01 हाईवा को पकड़ा गया, जिसे विधिवत जप्त कर चंद्रपुरा थाना को सुपुर्द किया गया। उक्त अभियान में खान निरीक्षक जितेंद्र कुमार एवं सीताराम टुडू, पुलिस बल आदि मौजूद थे।

एसपी ने किया सभी थानेदारों के साथ समीक्षा बैठक

बोकारो : बोकारो के पुलिस अधीक्षक मनोज सवगीर्यारी ने अपने कार्यालय के सभागार मे पुलिस पदाधिकारियो के साथ समीक्षात्मक बैठक की। बैठक मे जिले के सभी थानो के थानाध्यक्ष, पुलिस उपाधिक्षक मौजूद रहे। एसपी ने कहा बैठक मे अपराध की समीक्षा की गई है, जो मामले लंबित है, या फिर जो वारंटी फरार चल रहे उन्हें गिरफ्तार करने, तेजी से अनुसन्धान करने का निर्देश दिया गया है। एसपी ने बताया की चुनाव के कारण कुछ मामले पेंडिंग है चुकी वे जिले से बाहर से रिलेटेड है, उन मामलों को निष्पदित तेजी करने पर बल दिए गए है। ट्रैफिक व्यवस्था को और बेहतर करने का प्रयास जारी है। अपराध को रोकने, संगठित अपराध पर अंकुश लगाने, अपराधियों के गतिविधियों पर नजर रखने उनके खिलाफ करवाई करने का निर्देश जारी किया गया है।

नवजात शिशु के मौत को लेकर लोगो ने किया सड़क जाम

बोकारो : सदर अस्पताल मे प्रसव के लिए भर्ती करायी गई महिला के सिजेरियन ऑप्रेशन मे बिलम्ब किये जाने से नवजात शिशु की हुई मौत के बाद से परिजनों का हंगामा शुरू है। परिजनों ने उकरीद मोड़ के समीप हाइवे पर टायर जलाकर घटना का विरोध किया। तथा हाइवे को जाम कर दिया। हलांकि मौके पर पुलिस पहुँच चुकी है लेकिन परिजन वरीय अधिकारी को बुलाने की मांग पर अड़े है। मालूम हो परिजनों ने दिन से ही महिला चिकित्सक पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुए सदर अस्पताल मे हंगामा शुरू कर दिया था। जिसके कारण अस्पताल प्रबंधन को पुलिस बुलानी पड़ी थी। परिजन दूसरी बार सड़क जाम करने पर उतारू हो गए। मामले मे मृत नवजात शिशु के पिता सरफराज आलम अंसारी के मुताबिक वे अपनी पत्नी शमा परवीन को डिलेवरी के लिए सदर अस्पताल मे 6 दिसंबर को भर्ती करवाया तथा चिकित्स्कों ने 8 दिसंबर को महिला चिकित्सक ने सीजर किया, इसके बाद नवजात शिशु की हालत गंभीर हो गई। जिसे बोकारो जेनरल अस्पताल मे भर्ती कराया गया जिससे उसकी मौत हो गई। मौत के बाद परिजनों ने आज सदर अस्पताल मे पहुंचकर बवाल कर दिया था।मृत शिशु का पिता ने कहा की हम सदर अस्पताल मे वार्ता के लिए गए थे जहाँ से चिकित्सक भाग गए। मामले पर कोई नतीजा नहीं निकला तो हम बाध्य होकर सड़क पर उतरे है। समाचार भेजे जाने तक सडक जाम था, पुलिस समझाने की कोशिश जारी रखी थी।

संक्षिप्त खबरें

पाकुड़ के शिव-शीतला मंदिर में आभूषणों की हुई चोरी

पाकुड़ : जिला मुख्यालय के प्रसिद्ध और ऐतिहासिक शिव-शीतला मंदिर में बदमाशों ने मां शाकम्बरी की मूर्ति पर चढ़ाए गए लाखों रुपये के आभूषणों पर हाथ साफ किया है। श्रद्धालु आज सुबह जब पूजा करने पहुंचे तो मंदिर में चोरी की जानकारी हुई। मंदिर के द्वार का ताला टूटा हुआ था और मूर्ति पर चढ़ाए गए चांदी के मुकुट, त्रिशूल सहित अन्य आभूषण गायब थे। इसके बाद मामले की सूचना श्रद्धालुओं ने नगर थाना पुलिस ने दी। पुरोहित वृजभूषण मिश्रा ने कहा कि चोरी किए गए सामानों में सोने का टीका, नथिया, चांदी का प्लेट, चरण पादुका, आसन, मोर सहित अन्य आभूषण शामिल हैं। उन्होंने कहा कि मंदिर में फिलहाल पुलिस ने प्रवेश पर रोक लगा दी है और एफएसएल टीम की जांच के बाद ही श्रद्धालुओं को मंदिर में प्रवेश की अनुमति दी जाएगी। नगर थाना प्रभारी हरिदेव प्रसाद ने पुष्टि की है कि कुछ आभूषण चोरी हुए हैं। हालांकि, अधिकतर जेवर कमेटी के पास सुरक्षित हैं। पुलिस ने एफएसएल टीम को सूचित कर दिया है और मामले की जांच-पड़ताल की जा रही है।

तीरंदाजी प्रतियोगिता में बिरसा कॉलेज को मिला तीसरा स्थान, तीरंदाज हुए सम्मानित

खूंटी : रांची विश्वविद्यालय अंतर कॉलेज तीरंदाजी प्रतियोगिता में बिरसा कॉलेज खूंटी के तीरंदाजों ने तृतीय स्थान प्राप्त कर तीरंदाजी के क्षेत्र में कॉलेज का नाम रौशन किया है। प्रतियोगिता से भाग लेकर आये तीरंदाजों का कॉलेज में मंगलवार को प्राचार्या प्रो जीके किडो और खेल प्रभारी राज कुमार गुप्ता की नेतृत्व में स्वागत किया गया। तीरंदाजी.में अमरजीत ने ओलंपिक राउंड में गोल्ड के साथ ही 15 मीटर में सिल्वर और 30 मीटर में ब्रोंज मेडल जीता। बलराम कुमार ने सिल्वर और स्नेहा देमता ने मेडल प्राप्त किया। मौके पर डॉ पुष्पा सुरीन, प्रो. पूनम एम तियू, डॉ अभिषेक कुमार, प्रो इंदिरा कोंगड़ी, प्रो. सिजीरन सुरीन, प्रकाश प्रामाणिक और तीरंदाजी कोच बसंत कुमार उपस्थित थे।

पारंपरिक चित्रकारी प्रशिक्षण कार्यक्रम की हुई शुरूआत

हजारीबाग : हजारीबाग जिले के चुरचू प्रखंड के जमडीहा एवं बड़कागांव के नयाटांड़ (गोसाई बलिया) में विशेष घटक योजना अन्तर्गत अनुसूचित जाति के सोहराई पेटिंग शिल्पकारों के लिए 25 दिवसीय प्रशिक्षण की शुरूआत की गई। इस अवसर पर जिला समन्वयक श्रीश त्रिपाठी ने बताया कि सोहराई पेटिंग को जी.आई.टैग केन्द्र सरकार द्वारा दी गई है जिससे इसकी पहचान राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय पर मिली है। हजारीबाग की अनेक महिलाएँ सोहराई पेटिंग के क्षेत्र में देश-विदेश में जाकर प्रशिक्षण भी दे रही हैं। प्रशिक्षण मुख्यमंत्री लघु एंव कुटीर उद्यम विकास बोर्ड के सौजन्य से हो रहा है प्रशिक्षण का कार्यक्रम दिनांक 10.12.2024 से दिनांक 04.01.2025 तक आयोजित होगा। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य पारंपरिक चित्रकारी (सोहराई पेटिंग) के कारीगरों का कौशल विकास करना, उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है। इस अवसर जिला उद्यमी समन्वयक ने सभी कारीगरों को प्रशिक्षण संबंधित विस्तृत जानकारी दी। ट्रेनिंग एजेंसी भारतीय लोक कल्याण संस्थान के प्रोग्राम कॉर्डिनेटर- राज कुमार ने बताया कि प्रशिक्षण में सोहराई पेटिंग की विभिन्न प्रकार की पेटिंग सिखाई जाएगी जो की आधुनिक डिजाइन की होगी । इस अवसर पर प्रशिक्षण संबंधित टुल किट वितरण भी किया गया। प्रखंड समन्वयक चुरचू असीम रंजन ने सोहराई पेटिंग के महत्व को समझाया एवं उसकी मार्केटिंग संबंधित विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ट्रेनिंग के दौरान सभी ट्रेनी को स्टाइपेंड के रु 180 रु प्रतिदिन के हिसाब से प्रशिक्षण समापन के उपरांत उनके बैक खाते में हस्तांतरित कर दी जाएगी। इस अवसर पर मुखिया जमडीहा गांव पूनम बेसरा, वार्ड सदस्य ,पंचायत समिति सदस्य एवं मास्टर ट्रेनर मौजूद थे।

सिमेटिक एस 7-1500 कोर्स पर प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ आयोजन

बोकारो : मानव संसाधन के ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग में सिमेटिक एस-07-1500 कोर्स पर पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन दिनांक 10-14 दिसंबर तक के लिए सीमेंस के विशेषज्ञ और अनुभवी फैकल्टी ए वी संतोष राव के सहयोग से किया जा रहा है। कार्यक्रम में बीएसएल के विभिन्न विभागों से लगभग 15 प्रशिक्षणार्थी शामिल हो रहे हैं। कार्यक्रम के उदघाटन सत्र मे ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग के महाप्रबन्धक डी आर टोप्पो एवं एस के भगत उपस्थित थे। सर्वप्रथम एस के डी भौमिक, कनीय प्रबंधक ने सभी प्रतिभागियों तथा मुख्य अतिथियों का स्वागत किया तथा इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने सभी प्रतिभगियो से इस कार्यक्रम को अन्तः क्रियात्मक बनाकर अधिकतम ज्ञान अर्जित करने तथा अपने अर्जित ज्ञान को विभाग के लोगों के साथ साझा करने का अनुरोध किया। कार्यक्रम का संचालन तथा धन्यवाद ज्ञापन कनीय प्रबंधक (ज्ञानार्जन एवं विकास) एस के डी भौमिक ने किया।

दुकान का शटर तोड़कर चोरो ने किया हजारों की संपति पर हाथ साफ

बोकारो : बोकारो का रेलवे कॉलोनी चोरो के लिए सेफ जोन बनते जा रहा है। लगातार रेलवे कॉलोनी मे चोरी की घटनाये घट रही है, दूसरी ओर पुलिस मुकदर्शक बनी हुई है। ताजा मामला रेलवे कॉलोनी विधान चौक की है जहाँ श्री जेनरल स्टोर की बीती रात चोरो ने शटर का ताला तोड़कर हजारों रुपए की संपति चुरा ली। साथ मे चोरी के दौरान तोड़े गए ताला भी लेते गए। दुकानदार हरि नारायण ने बताया की वे रोज की तरह दुकान बंद कर घर चले गए थे, जब मंगलवार की सुबह हरि नारायण के बड़े भाई दुकान खोलने आये तो दुकान का ताला टुटा हुआ था तथा कई सामान दुकान से गायब थे। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस जांच मे जुट गई है।

टीबी रोगियों के बीच कंबल और बच्चों के बीच राशन किट का किया गया वितरण

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

साहिबगंज/बरहेट : बरहेट प्रखंड में एनटीपीसी फरक्का सीएसआर और यूएलसी कल्याण की संयुक्त पहल से कुंडली मिशन बरहेट के बच्चों, मिशन के स्कूली बच्चों और टीवी रोगियों के लिए उदिता लेडीज क्लब एनटीपीसी फरक्का के द्वारा एनटीपीसी फरक्का परियोजना प्रमुख रमाकांत पांडा के नेतृत्व में कुंडली मिशन के अनाथालय में पल रहे छोटे-छोटे बच्चों के बीच शिशु किट के तहत लैक्टोजेन तेल साबुन आदि तथा टीवी रोगियों के बीच कंबल और स्कूली बच्चों के बीच राशन किट का वितरण किया। बता दें कि इस अवसर पर एनटीपीसी फरक्का से

पहुंचे परियोजना प्रमुख रमाकांत पांडा एवं उदिता लेडीज क्लब के अध्यक्ष निवा पांडा के नेतृत्व में पहुंचे टीम का कुंडली मिशन के स्कूली छात्र छात्राओं मिशन के संचालक एवं सहयोगियों पारंपरिक स्वागत गीत और नृत्य प्रस्तुत कर मिशन में स्वागत किया इसके साथ ही पुष्प गुच्छ देकर पहुंचे अतिथियों को सम्मानित किया। इस दौरान पारंपरिक नृत्य में एनटीपीसी फरक्का उदिता लेडीज क्लब की महिलाएं भी शामिल हुई। इस मौके पर एनटीपीसी फरक्का के एजीएम एमजीआर शांतनु दास, मानव संसाधन विभाग के प्रमुख आलोक कुमार रणवीर डीएम हर देवलीना दास, जहीरूद्दीन अंसारी सहित अन्य मौजूद रहे। परियोजना प्रमुख पंडा ने बताया कि फरक्का एनटीपीसी एमजीआर रेलवे के आसपास के क्षेत्र में लगातार सामाजिक कार्यों के तहत सहयोग करते आ रहा है और इसी के तहत मंगलवार को कंबल राशन की शिशु किट आदि का वितरण किया गया।

दुकान के बाहर नाली का पानी बहने से दुकानदार परेशान

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

पटमदा : बेलटांड़ चौक के दुकानदार सर्दी के समय में भी वर्षा के जैसे माहौल में जीने को मजबूर हैं। सभी दुकानदारों के दुकानों के आगे नाली का पानी बहने के कारण सड़क किनारे के सभी दुकानदार काफी परेशान रहते हैं। बेल्टांड के कपड़ा दुकानदार असित मंडल बताते है कि सर्दी के समय में भी दुकानों के बाहर जल जमाव की स्थिति बने रहने से नाली के गंदे पानी को पार होकर दुकानों में ग्राहक नहीं आना चाहते हैं। सेवानिवृत शिक्षक शरत सिंह सरदार बताते है कि बेल्टांड के सड़क किनारे ग्राहकों ओर आम जनता को इस नाली का पानी सड़क किनारे बहने से वाहनों को खड़ा करने में भी मुश्किल होती है।गेराज मालिक माणिक दास बताते हैं कि सड़क के किनारे नाली के पानी के बहने से दुकानदार और ग्राहक सभी को परेशानी होती हैं। प्रशासन और जनप्रतिनिधियों को इस समस्या का समाधान करने के विषय में सोचने की जरूरत है। दुकानदार गोष्टो दास बताते है कि ये समस्या काफी दिनों से हम दुकानदार झेल रहे हैं। दुकानों के बाहर एक ढक्कन वाला बेहतर नाली निर्माण करवाने की जरूरत है। जिससे दुकानदारों के साथ आम जनता को भी सुविधा मिलेगी। नाली का पानी सड़क किनारे ना बहकर नाली से बाजार के बाहर निकल जाएगा।

पुलिस अधीक्षक ने चांडिल अंचल कार्यालय का किया निरीक्षण

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

चांडिल : पुलिस अधीक्षक, सरायकेला-खरसावां ने आज चांडिल स्थित अंचल निरीक्षक कार्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कार्यालय में रखे गए अभिलेखों की गहन जांच की और कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने लंबित मामलों, वारंट, इश्तेहार, और कुर्की जैसे मामलों के त्वरित निष्पादन पर बल दिया। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वारंटियों और फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए तत्काल छापामारी अभियान चलाए जाएं। पुलिस अधीक्षक ने चांडिल क्षेत्र में बढ़ती अपराधिक गतिविधियों और अड्डाबाजी पर अंकुश लगाने के लिए सघन

गश्ती अभियान चलाने का निर्देश दिया। इसके साथ ही बैंक और एटीएम जैसे संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखने की बात कही। निरीक्षण के दौरान अंचल निरीक्षक चांडिल के नियंत्रण और सहभागिता की समीक्षा करते हुए पुलिस अधीक्षक ने अपराध रोकथाम के लिए प्रभावी कदम उठाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि स्थानीय पुलिस को अपराधियों पर सख्त कार्रवाई करनी चाहिए और क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए हर संभव प्रयास करना चाहिए। यह निरीक्षण जिले में बेहतर पुलिसिंग और कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ करने की दिशा में एक अहम कदम माना जा रहा है।

जनता दरबार लगा बरकत खान ने सुनी आम जनता की फरियादें

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

बरहरवा : विधानसभा चुनाव के उपरांत पिछले दिनों की तरह मंगलवार को बरहरवा प्रखंड मुख्यालय स्थित विधायक कक्षा के प्रांगण में कांग्रेस के जिला अध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि बरकत खान ने प्रखंड के दूर दराज से आए लोगों की समस्याएं सुना एवं उसका हर संभव समाधान किया। जनता दरबार में ग्रामीण एवं नगर पंचायत के लोगों ने अपनी अपनी समास्याओं को बरकत खान के समक्ष रखा, जिसमें मुख्य रूप से मईया सम्मान योजना से संबंधित समस्याएं, पेंशन बंद हो जाने, बिजली बिल माफी से संबंधित समस्याएं, अबुवा आवास, अंबेडकर आवास एवं जमीनी संबंधित समस्याएं सम्मिलित थे। जिला अध्यक्ष बरकत खान ने सभी समस्याओं को सुना तथा सभी समस्याओं से संबंधित पदाधिकारियों से वातार्लाप कर समस्याओं का निबटारा करवाया, साथ ही मईया सम्मान योजना में बहुत से माताओं एवं बहनों का आवेदन रिजेक्ट हो जाने संबंधित समस्याएं को लेकर जिला अध्यक्ष बरकत खान ने उप विकास आयुक्त साहेबगंज से फोन पर वातार्लाप कर इस पर पहल करने की बात कही। जनता दरबार में पहुंचे कुछ लोगों की समास्याओं को लेकर बरकत खान प्रखंड विकास पदाधिकारी सनी कुमार दास से मिलकर निदान करवाने का सफल प्रयास किया। बरकत खान ने बताया कि पाकुड़ विधानसभा से रिकॉर्ड मतों से निर्वाचित विधायक निसात आलम ने निर्देश दिया है कि, विधायक कक्ष में पूर्व की तरह प्रत्येक मंगलवार को लगे जनता दरबार में पहुंचे लोगों की समास्याओं का निदान निस्वार्थ भाव से करने का काम करें, लोगों की समास्याओं का निदान कराने के लिए ही प्रत्येक प्रखण्ड में गठबन्धन सरकार के द्वारा विधायक कक्ष का प्रावधान किया गया है ताकि आम जनता को किसी भी कार्य के लिए इधर-उधर भटकना न पड़े,और उनके समस्याओं का समाधान किया जा सके। उसी के तहत प्रत्येक मंगलवार को बरहरवा प्रखंड मुख्यालय स्थित विधायक कक्ष में प्रखंड के विभिन्न हिस्से से लोग अपने-अपने समस्याओं को लेकर पहुंचते हैं, जहां उनके समस्याओं का निराकरण किया जाता है।

एसपी के नेतृत्व में चांडिल में पैदल गश्ती, अपराध नियंत्रण पर दिया जोर

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

चांडिल : पुलिस अधीक्षक, सरायकेला-खरसावां ने प्रहरी पहल के तहत चांडिल थाना क्षेत्र में पैदल गश्ती अभियान का नेतृत्व किया। इस गश्ती में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी चांडिल, अंचल निरीक्षक चांडिल, तथा चांडिल अनुमंडल के अन्य पुलिसकर्मी और बल शामिल हुए। इस गश्ती अभियान का उद्देश्य क्षेत्र में नशाखोरी, अड्डेबाजी, छेड़खानी, सड़क पर अवैध पार्किंग, और अन्य आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाना था। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि प्रहरी पहल के तहत पुलिस की सक्रियता और क्षेत्र में नियमित गश्ती से अपराधियों पर दबाव बढ़ाया जाएगा। इस दौरान स्थानीय नागरिकों को जागरूक करने और कानून-व्यवस्था बनाए रखने का संदेश दिया गया। गश्ती के दौरान अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया कि इस तरह के अभियान नियमित रूप से जारी रहें और क्षेत्र में शांति एवं सुरक्षा सुनिश्चित हो। यह पहल नागरिकों में सुरक्षा का भरोसा कायम करने और चांडिल क्षेत्र को अपराधमुक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

मानवाधिकार दिवस के अवसर पर पारा लीगल वॉलिंटियर्स द्वारा जागरूकता कार्यक्रम का किया गया आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

साहिबगंज : प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, साहेबगंज अखिल कुमार के निदेर्शानुसार मंगलवार को जिले के विभिन्न प्रखंडों में मानवाधिकार दिवस के अवसर पर पारा लीगल वॉलिंटियर्स द्वारा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजित कार्यक्रम में बताया गया कि मानव अधिकार से तात्पर्य उन सभी अधिकारों से है जो व्यक्ति के जीवन, स्वतंत्रता, समानता एवं प्रतिष्ठा से जुड़े हैं। यह सभी अधिकार भारतीय संविधान के

भाग 3 में मूलभूत अधिकारों के नाम से वर्णित है और न्यायालय द्वारा प्रवर्तनीय है। जिसकी भारतीय संविधान न केवल गारंटी देता है बल्कि इसका उल्लंघन करने वालों को अदालत सजा भी देती है। आगे महिला के अधिकारों पर बात करते हुए उन्होंने यौन उत्पीड़न से महिलाओं का संरक्षण के तहत कार्य स्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न की रोकथाम पर प्रकाश डालते हुए कहा कि कार्य स्थल पर यौन उत्पीड़न के अधिकांश मामलों में पुरुषों द्वारा महिलाओं को लक्ष्य कर किया जाता है। लेकिन किसी भी महिला को ऐसा व्यवहार सहन नहीं करना चाहिए, जो उनकी इज्जत और मयार्दा का उल्लंघन करें और जिससे उस व्यक्ति, संस्थान या समाज पर नकारात्मक असर पड़े। ऐसे व्यवहारों पर रोक लगाने के लिए ही पॉश अधिनियम पारित किया गया है। महिलाओं को अपनी कामकाजी परिस्थितियों पर असंतोष व्यक्त करने में संकोच नहीं करना चाहिए। आगे उन्होंने पॉश एक्ट के तहत दिए जाने वाले दंड एवं जुमार्ना के बारे में भी विस्तार पूर्वक समझाया।

एक नजर

सिविल सर्जन ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पतना का किया निरीक्षण

साहिबगंज : मंगलवार को सिविल सर्जन साहिबगंज डॉ प्रवीण कुमार संथालिया के द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पतना का औचक निरक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में ओपीडी में डॉक्टर एवं एएनएम की उपस्थिति, ओपीडी पंजी, फलेरिया क्लिनिक, डॉट्स क्लिनिक, ए एफ एच सी सेंटर, आईपीडी, प्रसव कक्ष, साफ-सफाई आदि को देखे। सिविल सर्जन साहिबगंज के द्वारा उपस्थित मेडिकल ऑफिसर, पारा मेडिकल कमीर्यों को मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा प्रदान करने, सभी सूचकांक को सुधारने, डाटा का ससमय प्रविष्टि आदि का निर्देश दिया गया। मौके पर डी एस, मेडिकल ऑफिसर, क्लर्क, प्रखंड टीम एवं अन्य स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे।

जेएसएलपीएस ने की समीक्षा बैठक का आयोजन

बरहरवा : प्रखंड अंतर्गत रामनगर पंचायत भवन में मंगलवार को जेएसएलपीएस की मासिक समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में रामनगर, बरारी, कालू, मिजार्पुर, और जामपुर, पंचायत के सक्रिय महिला जेंडर, सीआरपी, बैंक सखी, सेतु दीदी, जीआरपी, सीआरपी, बीआरपी, लाइवलीहुड, आजीवी कृषक सखी, उपस्थित थे। बैठक के दौरान अधिक महिलाओं को जोड़ने बैंक खाता खुलवाने की प्रगति, बैंक क्रेडिट लिकेज, बीमा योजना की प्रगति, एंट्री करने जैसे विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई। इस बैठक में दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना के जिला कोऑर्डिनेटर आसिफ इकबाल सामुदायिक समानुपायक विवेक माल, पीआर पुष्पा हेंब्रम आदि उपस्थित थे।

अभिमुखीकरण कार्यक्रम 'मनोन्याय' का हुआ आयोजन

साहिबगंज : मानसिक रूप से बीमार और बौद्धिक अक्षमता से ग्रस्त व्यक्ति सभी मानवीय अधिकार और मौलिक स्वतंत्रता के हकदार हैं और इन लोगों को विशेष सुरक्षा की आवश्यकता है। इन समस्याओं से ग्रस्त व्यक्ति सभी मानवीय अधिकार और मौलिक स्वतंत्रता के हकदार हैं। मानसिक रूप से बीमार और बौद्धिक रूप से विकलांग व्यक्तियों को विधिक सेवाएं देते समय, जिला विधिक सेवा प्राधिकार का यह मुख्य सरोकार यह है कि इन व्यक्तियों के मानवीय अधिकारों और मौलिक स्वतंत्रता को प्रोत्साहित एवं रक्षित किया जाये और यह सुनिश्चित किया जाये कि वह अपने मानवीय अधिकारों और मौलिक स्वतंत्रता का पूर्ण, सम्मानपूर्वक और समान आनंद ले सकें। उपायुक्त बातें आज प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, साहेबगंज अखिल कुमार ने झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के निदेर्शानुसार दो दिवसीय अभिमुखीकरण कार्यक्रम मनोन्याय के प्रशिक्षण कार्यक्रम के उद्घाटन के दौरान कहीं। उन्होंने कहा कि डालसा कानूनी सेवाएं मानसिक रूप से बीमार व्यक्तियों और बौद्धिक रूप से विकलांग व्यक्तियों को योजना, 2024 के तहत नवगठित कानूनी सेवा इकाई मनोन्याय गठन किया गया। इस इकाई का मुख्य उद्देश्य मानसिक रूप से बीमार और बौद्धिक विकलांग व्यक्तियों को कानूनी सहायता प्रदान करना है।

संक्षिप्त खबरें

हाथियों के झुंड ने फसल को किया बर्बाद

ईचागढ़ : सोमवार की रात कुकडू नीचे टोला के रहने वाले टोनीराम कुमार के खेत में लगह सब्जी की फसल को नुकसान पहुंचाया। बताया जा रहा है कि उनके अलावा तीन-चार अन्य किसानों के खेतों में लगी फसल को भी हाथियों के झुंड ने आहार बनाकर और रौंदकर नुकसान पहुंचाया है। इस क्षेत्र में करीब 20 की संख्या में हाथियों का झुंड विचरण कर रहा है। लोगों ने बताया कि कुकडू के नीचे टोला में हाथियों का झुंड करीब 3 .50 बजे धावा बोला। ग्रामीणों ने वन विभाग से जल्द से जल्द घटनास्थल का मुआयना करते हुए क्षति का आकलन करने और जंगली हाथियों के झुंड को वापस जंगल की ओर पहुंचाने की मांग की है। लोगों ने विभाग से तत्काल क्षतिपूर्ति की राशि का भुगतान करने की भी मांग की है।

खरसावां पुलिस ने अफीम निषेध को लेकर चलाया जागरूकता अभियान

सरायकेला : पुलिस अधीक्षक के निदेर्शानुसार खरसावां थाना क्षेत्र के रायजामा, टोरोडीह गांव और हुड़ांगडा बाजार में मंगलवार को अफीम की अवैध खेती और विक्रय निषेध को लेकर पुलिस ने जागरूकता अभियान चलाया। खरसावां थाना प्रभारी ने स्थानीय ग्रामीणों को अफीम की खेती और इसके दुष्प्रभावों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने ग्रामीणों को बताया कि अफीम की खेती और इसके अवैध व्यापार से समाज और व्यक्तिगत जीवन पर कितना बुरा प्रभाव पड़ता है। साथ ही, इससे जुड़े कानूनी प्रावधानों और सजा के बारे में भी जागरूक किया। अभियान के दौरान ग्रामीणों को अफीम की खेती छोड़कर वैकल्पिक और लाभकारी खेती के लिए प्रोत्साहित किया गया। पुलिस ने उन्हें आश्वासन दिया कि वैकल्पिक खेती के लिए उन्हें हरसंभव मदद दी जाएगी। खरसावां थाना प्रभारी गौरव कुमार ने कहा कि इस तरह के अभियान का उद्देश्य अवैध अफीम की खेती को रोकना और ग्रामीणों को इसके खतरों से अवगत कराना है। वैकल्पिक खेती के विकल्प उपलब्ध कराने से ग्रामीणों का जीवन बेहतर होगा। पुलिस द्वारा चलाया गया यह अभियान न केवल अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने का प्रयास है, बल्कि स्थानीय समुदाय को एक स्वस्थ और कानूनी रूप से स्थायी जीवन शैली अपनाने के लिए प्रेरित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। पुलिस ने ग्रामीणों से अपील की है कि वे अवैध गतिविधियों की जानकारी तुरंत साझा करें और वैकल्पिक खेती अपनाकर समाज में सकारात्मक बदलाव लाएं।

14 को मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन आएंगे साहिबगंज

साहिबगंज : 14 को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, झारखंड सरकार का साहिबगंज जिला अंतर्गत बरहेट प्रखण्ड के भोगनाडीह में प्रस्तावित भ्रमण कार्यक्रम निश्चित है। इसी क्रम में तैयारियों को लेकर उपायुक्त हेमंत सती की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में बैठक की गई।उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी व्यवस्थाएं पहले ही सुनिश्चित कर लें और आपसी सामंजस्य बनाते हुए तैयारियां शुरू कर दें। इस संबंध में उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारियों को मुख्यमंत्री द्वारा योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास एवं परिसंपत्तियों का वितरण की जाने वाली सभी आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने को निर्देशित किया। बैठक में परियोजना निदेशक संजय कुमार दास, उप विकास आयुक्त सतीश चंद्रा, अपर समाहर्ता गौतम कुमार भगत, सिविल सर्जन डॉक्टर प्रवीण कुमार संथालिया, जिला आपूर्ति पदाधिकारी झुनू कुमार मिश्रा, कृषि पदाधिकारी प्रमोद एक्का, जिला पशुपालन पदाधिकारी डॉ हरिशंकर झा, जिला योजना पदाधिकारी अनूप कुमार, भूमि संरक्षण पदाधिकारी राहुल कुमार गुप्ता, जिला शिक्षा अधीक्षक कुमार हर्ष, जिला कार्यक्रम प्रबंधक, जेएसएलपीएस मार्टिन तारीक, जिला मत्स्य पदाधिकारी वीरेंद्र कुमार सिंह, कार्यपालक अभियंता ग्रामीण कार्य देवीलाल हांसदा उपस्थित थे ।

जिला खनन टास्क फोर्स की हुई बैठक



साहिबगंज : जिला दंडाधिकारी-सह-उपायुक्त हेमंत सती के अध्यक्षता में समहरणालय सभागार में जिला खनन टास्क फोर्स की बैठक आहूत की गई। उपायुक्त के द्वारा पिछले बैठक में दिए निर्देश की कार्यवाही एवं उसके अनुपालन की समीक्षा की गयी। अंचल पदाधिकारियो द्वारा प्रतिवेदित किया गया कि चुनाव कार्य में व्ययस्ता रहने के कारण अंचल अन्तर्गत सभी खनन पट्टो की प्रशाखीय नापी पूर्ण नहीं की जा सकी है। मापी पूर्ण होते ही प्रतिवदेन उपलब्ध करा दी जायेगी। साहेबगंज जिलान्तर्गत रेलवे रैक से हो रहे परिवहन की जांच की जा रही है। खनन पट्टा क्षेत्र में हो रहे विस्फोटकों का उपयोग की जांच जिला टास्क फोर्स के सदस्यों द्वारा की जा रही है एवं विस्फोटको की उपयोग का सूचना विस्फोटक आपूर्ति कर्ता द्वारा संबंधित थाना प्रभारी को दी जा रही है। अनुमंडल पदाधिकारी साहेबगंज एवं राजमहल द्वारा साहेबगंज जिलान्तर्गत संचालित सभी चेकनाका पर प्रत्येक सप्ताह दण्डाधिकारी का बदलाव कर रहें है एवं नो इन्ट्री के समय खनिज से लदे वाहनों का परिचालन नहीं हो इस पर सशक्त निगरानी बनाये हुए है। जिला परिवहन पदाधिकारी साहेबगंज द्वारा खनिज से लदे ट्रकों को तिरपाल से ढक कर अवागमन की देख-रेख नियमित रुप से की जा रही है। अवैध खनन एवं परिवहन की जांच के क्रम में 01 प्राथमिकी जिला खनन पदाधिकारी द्वारा मिजाचौकी थाना में दर्ज की गयी है। जिसमें 03 नामित व्यक्ति एवं 05 पोकलेन मशीन एवं 01 ड्रील मशीन भी जप्त की गयी है। अवैध परिवहन के मामले में 05 वाहनों से 1.75 लाख रुपये की वसूली की गयी। उपायुक्त ने बैठक में अहम निर्देश दिए जिनमें जिला में अवैध आर्म्स की जपती करने तथा अवैध आर्म्स रखने वाले पर कारवाई करने को कहा गया।

अब लालू बोले- विपक्षी गठबंधन का नेतृत्व ममता करें

कांग्रेस के कहने से कुछ नहीं होगा; कांग्रेस का जवाब- महत्वाकांक्षाओं को कंट्रोल में रखिए

पटना। इंडी गठबंधन में नेतृत्व को लेकर विवाद छिड़ा है। अब RJD सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव ने ममता बनर्जी का साथ दिया है। पटना में पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा- 'पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को इंडिया गठबंधन का नेता चुना जाना चाहिए। कांग्रेस के विरोध का कोई मतलब नहीं है। ममता को ही नेता बनाया जाना चाहिए।' इससे पहले उनके बेटे और नेता प्रतिपक्ष भी ममता बनर्जी के नेतृत्व पर सहमति जता चुके हैं। इधर, बिहार कांग्रेस ने लालू यादव के बयान पर आपत्ति जताई है। प्रदेश प्रभारी शाहनवाज आलम ने कहा कि 'कांग्रेस पार्टी एक अखिल भारतीय पार्टी है। जो लोग इस तरह का दावा कर रहे हैं कि बिहार, यूपी, राजस्थान, छत्तीसगढ़ में कांग्रेस का वजूद नहीं है, वह पूरी तरह से बेतुका है। देश में इतने राज्य है, अगर आप सिर्फ एक राज्य में मजबूत हैं तो उसके आधार पर आप दूसरे दल पर सवाल खड़ा नहीं सकते हैं। हर किसी की महत्वाकांक्षा होती है, लेकिन उसे कंट्रोल में रखना चाहिए।' वहीं ममता बनर्जी को इंडी गठबंधन का नेतृत्व देने को लेकर डिप्टी सीएम विजय सिन्हा ने कहा है कि 'भ्रष्टाचारियों की जमात का चेहरा बदल ले तो कोई अंतर नहीं पड़ता। देश को खोखला और बर्बाद करने वाला यह परिवारवादी, वंशवादी, भ्रष्टाचारी कभी राष्ट्र के हित नहीं

कर सकता।' बिहार प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद सिंह ने इंडिया गठबंधन में नेतृत्व को लेकर हो रही बयानबाजी पर दिलीप जायसवाल ने कहा है 'इन लोगों में बहुत दिन से खिचड़ी पक रही थी। राहुल गांधी के नेतृत्व को इन लोगों ने नकार दिया है। इन्हें लग रहा है कि राहुल गांधी के साथ नाव पर बैठने से, डूबने से, अच्छा है कोई एक नया दल बनाओ, नया गुट बनाओ।' अब जानिए, ममता बनर्जी ने क्या कहा था पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने हरियाणा-महाराष्ट्र और उपचुनावों में INDIA ब्लॉक के खराब प्रदर्शन को लेकर नाराजगी जताई थी। उन्होंने एक इंटरव्यू में कहा, 'मैंने INDIA गठबंधन बनाया। इसका नेतृत्व करने वाले इसे ठीक से नहीं चला सकते, तो मुझे मौका दें। मैं बंगाल से ही गठबंधन का नेतृत्व करने के लिए तैयार हूं।' इंडी गठबंधन एकजुट है- कांग्रेस प्रवक्ता कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता डॉ. स्नेहाशीष वर्धन पांडेय ने ममता को नेतृत्व देने पर कहा- 'हमारे गठबंधन में तमाम बातें आती रहती हैं। हमारे दल से जुड़े लोगों की लोकतंत्र में आस्था है। नेतृत्व की बात होती है। ये बात बीजेपी में होकर दिखाए। ये संभव ही नहीं है। हमारी पार्टी पूरी तरीके से एकजुट हैं। हमारे घटक दल एकजुट हैं। नेतृत्व की कोई बात ही नहीं है। नेतृत्व तो राष्ट्रीय स्तर पर हो ही रहा है। हमारे नेता राहुल गांधी विपक्ष के नेता हैं। ममता बनर्जी ने जो बातें कही है, निश्चित तौर पर नेशनल लेवल पर चर्चा तो होगी ही।'

युवक पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला प्रेम-प्रसंग में मर्डर की आशंका

पटना। के मसौढ़ी थाना क्षेत्र में अपराधियों ने सोमवार देर रात एक युवक पर चाकू से हमला कर दिया। वारदात के बाद मौके से फरार हो गए। आनन-फानन में स्थानीय लोगों ने अस्पताल में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान मौत हो गई। घटना चारमोहानी के पास की है। प्रेम-प्रसंग में हत्या की आशंका जताई जा रही है। मर्डर का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। जिसमें 3 अपराधी युवक को घेरकर चाकू मारते हुए दिखाई दे रहे है। मृतक की पहचान मसौढ़ी बाजार निवासी सन्नी कुमार(19) के तौर पर हुई है। सन्नी श्रृंगार की दुकान में काम करता था। दुकान से घर लौटते समय घात लगाकर अपराधियों ने घटना को अंजाम दिया।मसौढ़ी पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी नव वैभव ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगाला जा रहा है। हर एंगल से मामले की छानबीन की जा रही है। प्रेम-प्रसंग के एंगल से भी जांच की जा रही है।

शिक्षक नेता वंशीधर ब्रजवासी प्रथम वरीयता में आगे

मुजफ्फरपुर। तिरहुत स्नातक उपचुनाव में प्रथम वरीयता की मतों की सभी राउंड की गिनती पूरी हो गई है। जिसमें शिक्षक संग के निर्दलीय उम्मीदवार बंसीधर ब्रजवासी को 23003 मत प्राप्त हुए हैं। वहीं, दूसरे स्थान पर जनसुराज पार्टी के प्रत्याशी विनायक गौतम को 12467 वोट मिला है। दूसरे वरीयता मतों की गिनती शुरू हो गई है। फिलहाल बंसीधर ब्रजवासी 10000 वोट से आगे हैं। जिससे उनके समर्थकों के बीच उत्साह देखने को मिल रहा है। कार्यकताओं ने कहा कि उनकी जीत अब निश्चित है। अन्य प्रमुख उम्मीदवार डॉ विनायक गौतम, गोपी किशन और अभिषेक झा को भी महत्वपूर्ण संख्या में मत प्राप्त हुआ है। तिरहुत स्नातक क्षेत्र के चार जिले के 28 विधानसभा और 197 बूथ पर मुजफ्फरपुर, वैशाली, शिवहर और सीतामढ़ी के

मतदाताओं ने वोट किया है। 5 दिसंबर को इस सीट के लिए मतदान हुआ था। कुल 48.38 फीसदी वोटिंग हुई थी। काउंटिंग के लिए तिरहुत रेंज के चार जिले मुजफ्फरपुर, वैशाली, सीतामढ़ी और शिवहर जिले के पदाधिकारियों और कर्मियों को ड्यूटी में लगाया गया है। चारों जिलों में 1,54,828 वोटर हैं। जिसमें मुजफ्फरपुर 41.57%, सीतामढ़ी 49.45%, वैशाली 49.62% और शिवहर 55.55% वोटिंग हुई थी।बता दें कि 18 प्रत्याशियों ने तिरहुत स्नातक चुनाव के लिए नामांकन किया था। स्कूटनी से पहले एक प्रत्याशी का निधन हो गया था। जिसके बाद 17 प्रत्याशी मैदान में थे। बंशीधर ब्रजवासी की शुरूआती पढ़ाई लिखाई जिले के रक्सा गांव सरकारी विद्यालय से हुई। मैट्रिक की परीक्षा 1998 में बड़गांव के हाई स्कूल से की। पिता भी टीचर थे लंगत सिंह कॉलेज में साल 2000 में बायोलॉजी से इंटरमीडिएट की परीक्षा पास की। बिहार यूनिवर्सिटी से जूलॉजी के स्नातक की परीक्षा 2004 में पास कर 2005 में शिक्षामित्र में शिक्षक के पद पर बहाली हुई। वो शिक्षक संघ से यह जुड़ गए थे। लगभग उनका सफर अभी तक 20 साल से अधिक है। उनके पिता नन्द किशोर सहनी मध्य विद्यालय के बड़गांव के शिक्षक थे। उनकी मां ममता बती देवी हाउस वाइफ है। बंशीधर ब्रजवासी के खुद के परिवार में उनकी पत्नी टअ कर हाउस वाइफ है। बेटी मैट्रिक और बेटा सातवीं की पढ़ाई कर रहे हैं । 2005 से ही लगातार शिक्षक संघ से जुड़ने के बाद लगातार राजनीति में सक्रिय थे। कई बार उन्हें सरकार प्रदर्शन को लेकर नोटिस भी जारी किया था। जब वह 2024 में सरकार के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद कर रहे थे। इस दौरान केके पाठक ने उन्हें 2024 जुलाई को बर्खास्त कर दिया, जिसके बाद वह काफी चर्चा में आए और इस चर्चा की वजह से उन्होंने राजनीति में आने का ठान लिया।

गढ़ी माई में 2 दिनों में 60,000 पशुओं की बलि

मोतिहारी। नेपाल के सीमावर्ती बारा जिला मुख्यालय कलैया से करीब 11 किलोमीटर की दूरी पर गढ़ी माई का प्रसिद्ध शक्तिपीठ है। यहां हर 5 साल पर मेला लगता है, जो एक महीने चलता है। इस मेले में लाखों की संख्या में भक्त जुटते हैं और पशु बलि देने की प्रथा है। इस साल 8 दिसंबर से मेले की शुरूआत हुई। मेले के पहले और दूसरे दिन लाखों की संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने पशु बलि दी। पशु बलि की शुरूआत रविवार की सुबह करीब साढ़े छह बजे हुई। बलि चढ़ाने से पहले विशेष पूजा की गई। वैदिक एवं तांत्रिक पूजा थारू समुदाय के पुरोहितों ने किया। इसके बाद 5 जानवरों की पंच बलि दी गई। पंचबली में जंगली चूहा, बोका, सूकर, मुर्गा और पाड़ा की बलि दी गई। सोमवार (9 दिसंबर) यानी मेले के यहां मंदिर के पुजारी, मेले के संयोजक, श्रद्धालुओं से बातचीत में पता चला कि गढ़ी माई मेले में नेपाल और भारत के अलावा चीन, दुबई, अमेरिका और अन्य देशों से भी श्रद्धालु पहुंचते हैं।सोमवार को सिर्फ बकरे की बलि दी गई। दिनभर में करीब 50 हजार बकरे

की बलि दी गई। इससे पहले रविवार को 10 हजार भैंसों की बलि दी गई थी। मेले में 2 दिनों में करीब 20 लाख से ज्यादा श्रद्धालु पहुंचे। बकरा बलि के लिए मेला समिति की ओर से रसीद काटी जाती है। यहां हजारों की संख्या में पक्षियों को भी उड़ाया जाता है। पक्षियों की बलि नहीं दी जाती है। श्रद्धालु देवी गढ़ी माई के चरणों में अपनी मन्नत मांगने और पूरी होने पर बलि चढ़ाने के लिए पहुंचते हैं।धार्मिक मान्यता है कि पंचबली के बाद गढ़ी माई का बरियापुर में प्रवेश होता है। पंचबली के बाद पाड़ा की बलि देकर विधिवत मेले की शुरूआत होती है। मंदिर के मुख्य पुजारी मंगल चौधरी ने महागढ़ी माई नगरपालिका के ब्रह्म बाबा स्थान के समीप इस पूजा की शुरूआत की। भीड़ के बीच कई लड़कियां रास्ते से ही लापता हो गईं गढ़ी माई मेला में उमड़ी भीड़ के बीच दो दर्जन बच्चे गायब हो गए। कई लड़कियां तो रास्ते से ही लापता हो गईं। दरभंगा की भिमानी कुमारी(14) , बारागढ़ी की खातून (15), नरकटियागंज के आकाश कुमार (8), जोगबनी का शुभम कुमार (5) सहित लगभग दो दर्जन बच्चे और लड़कियां मेला में खो गईं। प्रशासन और परिजन इनकी खोजबीन में जुटे रहे। मुख्य पुजारी बोले- इस मेले से कोई गायब नहीं होता वहीं, नेपाल प्रशासन और गढ़ी माई मंदिर के मुख्य पुजारी ने इस बात से इनकार किया है। उनका कहना है कि 'इतनी भीड़ में बच्चे थोड़ी देर के लिए अपने परिजन से अलग जाते हैं। लेकिन, कंट्रोल रूम से अनाउंसमेंट कराए के बाद परिजनों को उनका बच्चा मिल जाता है। गायब बच्चे भी मिल गए थे।' पुजारी ने कहा कि 'कोई बच्चा अपने परिवार से अलग नहीं हुआ है। दो से दस घंटे के अंदर खोए हुए बच्चे अपने परिजन तक पहुंच जाते हैं। केवल बच्चे ही नहीं, बल्कि बुजुर्ग महिलाएं भी अपनों से बिछड़ जाते हैं।' गढ़ी माई मेला परिसर में दो दिनों तक ही बलि देने की प्रथा है। पहले दिन भैंसा की बलि दी जाती है। उसके बाद बकरे की बलि दी जाती है। परंपरा के अनुसार उत्तर प्रदेश के वाराणसी से आए राजा डोम के यहां से पहली बलि दी जाती है। उसी पशु बलि के बाद अन्य भक्तों की मन्नत के अनुसार बलि दी जाती है।

जिन भक्तों की मन्नत पूरी हो जाती है, वे भक्त पांच साल में एक बार लगने वाले मेले में आकर बलि देते हैं।

बारातियों से मारपीट; दूल्हे के कार को भी तोड़ा

नवादा। शहर के सोनार पट्टी मुहल्ले में सोमवार की देर रात बारातियों के साथ जमकर मारपीट की घटना हुई। इसमें दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। इस हमले में महिलाओं और युवतियों के साथ भी मारपीट और अभद्र व्यवहार किया गया। हमलावरों ने दूल्हे की गाड़ी को भी नुकसान पहुंचाया। बताया जा रहा है कि बारात मिजार्पुर स्थित माहुरी धर्मशाला जा रही थी। जैसे ही बारात सोनार पट्टी मोहल्ले से गुजरी, 15-20 युवक अचानक लाठी-डंडे लेकर आ धमके और बारात में शामिल लोगों पर हमला कर दिया। महिलाओं और युवतियों को भी नहीं बख्शा गया। हमले के बाद सभी आरोपी फरार हो गए। घटना की सूचना मिलने पर नगर थाना प्रभारी अविनाश कुमार यादव के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने सभी घायलों को तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया और मामले की जांच में जुट गए। बारात में शामिल लोगों ने हमलावरों में से कुछ को पहचान लिया है और उनकी जानकारी पुलिस को दी गई है। इस हमले के पीछे का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है। पुलिस ने आश्वासन दिया है कि दोषियों को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा। दोषियों को गिरफ्तार कर होगी कार्रवाई नगर थाना प्रभारी अविनाश कुमार ने बताया कि जल्द ही सभी दोषियों को गिरफ्तार किया जाएगा। बताया कि मामले की जांच की जा रही है। जो जख्मी हुए उनका इलाज किया जा रहा है। बदमाशों के द्वारा एक गाड़ी की शीशा तोड़ दिया गया है।

संक्षिप्त डायरी

वाहन चेकिंग के दौरान 16KG गांजा के साथ 4 गिरफ्तार

वैशाली। के सराय थाना क्षेत्र में पुलिस ने टोल प्लाजा के पास 16 किलोग्राम गांजा के साथ दो महिलाओं समेत चार तस्करों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए तस्कर नेपाल से गांजा लेकर पटना सप्लाई करने जा रहे थे। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि कार की तलाशी लेने के दौरान गांजा बरामद हुआ है। गिरफ्तार तस्करों की पहचान पटना जिले के रहने वाले गोलू कुमार, जलेश्वर राय, खुशबू कुमारी और चंद्रमा देवी के रूप में हुई है। इनमें खुशबू कुमारी और चंद्रमा देवी मां-बेटी हैं, जो मिलकर गांजा तस्करी का काम करती थीं। पुलिस ने तस्करों से बरामद गांजा के साथ 2,000 रुपये नकद और तस्करी में उपयोग की जा रही कार को भी जब्त कर लिया है। वैशाली पुलिस अन्य तस्करों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।चारों तस्करों के खिलाफ सराय थाना में एनडीपीएस एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। पूछताछ के बाद सभी को जेल भेजा जाएगा। पुलिस का कहना है कि गिरफ्तार तस्करों से मिली जानकारी के आधार पर गैंग के अन्य सदस्यों की तलाश जारी है।गुप्त सूचना पर कार्रवाई वैशाली एसपी हर किशोर राय ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस और प्रखंड विकास पदाधिकारी भगवानपुर की टीम ने हाजीपुर-मुजफ्फरपुर रोड स्थित टोल प्लाजा पर सघन वाहन जांच अभियान चलाया। इसी दौरान मुजफ्फरपुर की ओर से आ रही एक संदिग्ध कार ने वाहन चेकिंग देखकर भागने की कोशिश की। मौके पर पुलिस बल की तत्परता से कार को पकड़ लिया गया।

सड़क हादसे में एक महिला की मौत,दो जख्मी

भोजपुर। जिले के दो अलग क्षेत्रों में हुए सड़क हादसे में एक अज्ञात महिला की मौत हो गई। दो युवक बुरी तरह जख्मी हो गए। पहली घटना शहर के नवादा थाना क्षेत्र के ओवर ब्रिज पर हुए सड़क हादसे में बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गया। जिसे परिजनों ने इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया। युवक की पहचान पटना जिला के बिहटा थाना क्षेत्र के बभनलई गांव निवासी विकास कुमार (25) और उदवंतनगर थाना क्षेत्र के बकरी गांव निवासी नेहाल कुमार (14) के रूप में हुई है। दोनों युवक रिश्ते में चचेरे भई लगते हैं। घटना को लेकर नेहाल कुमार बताया कि वो रविवार को फूफा के घर गया था। सोमवार को अपने फुफेरे भाई विकास कुमार के साथ वापस आर लौट रहा था। उसी दौरान ओवर ब्रिज पर बाइक का अनियंत्रित होकर पलट गई। जिससे दोनों गंभीर रूप से जख्मी हो गए। । हादसे में नेहाल राज के बाएं पैर और विकास कुमार के सिर में काफी गंभीर चोट आई है।आरा सदर अस्पताल में सड़क हादसे में जख्मी अज्ञात 50 वर्षीय अधेड़ महिला की मौत हो गई। इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। घटना को लेकर लोगों के बीच अफरा-तफरी का आलम रहा। इसके बाद अस्पताल प्रशासन द्वारा इसकी सूचना सदर अस्पताल में पदस्थापित पुलिस पदाधिकारी को दी गई। सूचना पाकर पुलिस सदर अस्पताल पहुंची और शव का पोस्टमार्टम करवाया। बता दें कि शुक्रवार की दोपहर नवादा थाना डायलॉग 112 नंबर पुलिस वाहन ने महिला को नवादा थाना क्षेत्र से जख्मी हालत में उन्हें इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया था। पुलिस द्वारा बनाए गए मृत्यु समीक्षा रिपोर्ट के अनुसार मृतक अज्ञात अधेड़ महिला की मौत अज्ञात वाहन से धक्का लगने और गंभीर रूप से जख्मी होने के कारण इलाज के क्रम में मौत होना प्रतीत होता है।

मामा-भांजे पर अपराधियों की फायरिंग, मामा की मौत

जहानाबाद। के घोसी थाना क्षेत्र के आजाद नगर में सोमवार की रात अपराधियों ने मामा-भांजे पर गोलियां बरसाईं, जिसमें मामा की मौके पर ही मौत हो गई और भांजा गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के पीछे जानवरों की चोरी के प्रयास का मामला बताया जा रहा है। मृतक की पहचान जाटु मांझी (40) के रूप में हुई है। वहीं घायल की पहचान बाबू चंद्र मांझी के रूप में हुई है। घटना को लेकर बताया जा रहा है कि सोमवार की रात लगभग 7 चोर जानवर चोरी करने के उद्देश्य से आजाद नगर गांव पहुंचे। वहीं जब मामा-भांजे ने जब चोरों की हरकतें देखीं और शोर मचाया, जिसपर अपराधियों ने उनपर अंधाधुंध फायरिंग कर दी। इस गोलीबारी में जाटु मांझी के सिर में गोली लगने से उनकी मौके पर ही मौत हो गई।

नालंदा में हथियार के साथ एक अपराधी गिरफ्तार

नालंदा। के खुदागंज थाना पुलिस ने स्थानीय क्षेत्र में आतंक फैला रहे एक संदिग्ध अपराधी को गिरफ्तार किया है। जिसके पास से एक 315 बोर का लोडेड देसी कट्टा और दो जिंदा कारतूस समेत एक क्षतिग्रस्त मोबाइल बरामद किया है। पकड़े गए अपराधी की पहचान अजीत कुमार के रूप में हुई है। डीएसपी हिलसा-2 गोपाल कृष्ण ने बताया कि शाम में खुदागंज थाने को सूचना मिली कि एक संदिग्ध व्यक्ति इस्लामपुर रोड पर घूम रहा है। सफेद कमीज पहने और काली अपाची मोटरसाइकिल पर सवार यह व्यक्ति स्थानीय लोगों में डर का माहौल बना रहा था। पुलिस ने तत्काल एक समन्वित कार्रवाई योजना बनाई। गश्ती दल और डायल-112 के साथ समन्वय स्थापित करते हुए पुलिस ने संदिग्ध व्यक्ति का पीछा किया। जल्द ही पता चला कि यह व्यक्ति कृष्णबल्लभ कुमार के घर के पास पहुंच कर जान से मारने की धमकी दे रहा था। गिरफ्तारी के बाद ब्रेथ एनालाइजर टेस्ट में इस बात की पुष्टि हुई की अभियुक्त शराब के नशे में था। खुदागंज थाना प्रभारी जयप्रकाश नारायण ने बताया कि अजीत कुमार का पहले से ही अपराधिक इतिहास रहा है।

दूसरी शादी के बीच पहुंची पहली पत्नी, जमकर हंगामा

झारखंड की लड़की से पहले किया था लव मैरेज, बात छिपाकर कर रहा था दूसरा विवाह

भागलपुर। में दूसरी शादी कर रहे युवक की शादी के बीच पहली पत्नी ने पहुंचकर जमकर हंगामा किया। मामला को लेकर बताया गया कि पहली पत्नी को बिना तालक दिए युवक दूसरी शादी कर रहा था। जिसकी जानकारी मिलने के बाद पत्नी ने लड़की के घर पहुंचकर पूरे मामले की जानकारी देते हुए अपनी शादी की फोटो दिखाई। जानकारी के अनुसार, लड़के के परिजन पहली शादी की बात छुपाकर रसलपुर थाना क्षेत्र के एकचारी पश्चिम टोला गांव की एक लड़की दूसरी शादी कर रहे थे। शादी 10 दिसंबर को होनी थी। जिसको लेकर लड़की के परिवार वाले और रिश्तेदारों ने बारात के स्वागत की पूरी तैयारी कर ली थी। वैवाहिक कार्यक्रम शुरू हो गया था और लड़की को हल्दी मेंहंदी लगाई जा रही थी। इसी बीच युवक मनोज की

> मनोज पंडित पहले भी कई लड़कियों को शादी का झांसा देकर रखता था। लेकिन मुझसे शादी करने बाद भरोसा दिलाया था कि मेरे साथ रहना चाहता है, जिसके बाद मैं उसके झांसे में आ गई।
>
> **सेखा देवी,** पहली पत्नी।

पहली पत्नी सेखा देवी आकर हंगामा करने लगी। जिसकी जानकारी मिलने के बाद मनोज की दूसरी शादी टूट गई। पूरा मामला भागलपुर के पीरपैंती बाराहाट के हरदेवचक का है। युवक की पहली पत्नी ने बताया कि मनोज पंडित ने पहले झारखंड के मेहरमा की रहने वाली सेखा देवी से साल 22 जुलाई 2024 को सावन के महीने में प्रेम विवाह किया था। दोनों की मुलाकात साल 2019 में हुई थी। शादी के बाद युवक अपनी पत्नी को घर से दूर नसरत खाने स्थित एक

निजी मकान में किराए पर रखता था। घर ले जाने के नाम पर कहता था कि मैं तुम्हारे साथ हूं। घर जाने की क्या जरूरत है। वो अकेले घर आता था और एक सप्ताह रुक कर जाता था। सब कुछ ठीक चल रहा था। लेकिन पिछले महीने 18 तारीख को जब घर गया उसके बाद वो वापस नहीं लौटा। मैं शक के आधार पर खोजबीन करना शुरू की तो पता चला कि 10 दिसंबर को उसकी शादी होने वाली है। मेरा पति मनोज अपने उसके पिता बासुकी पंडित ने परिवार वालों के साथ मिलकर बिना तालाक के दूसरी शादी रचा रहे थे। जिसके बाद मैं यहां पहुंचकर पूरी जानकारी लड़की वालों को दी। महिला ने बताया कि युवक से शादी करने से पहले उसकी शादी बचपन में ही साल 2004 के आसपास हुई थी। पहला पति से महिला को तीन बच्चे हुए। जिसमें दो लड़का एक लड़की शामिल है। जिसके बाद उसकी मुलाकात मनोज पंडित से हुई। दोनों ने आपसी सहमति से घर से भागकर मंदिर में शादी की। इस घटना के बाद पहले पति ने थाना में अपहरण का केस दर्ज करवाया था। केस दर्ज होने के बाद मनोज मेरा पैर पकड़कर रोने लगा। कहा कि मेरा घर परिवार और हम बर्बाद हो जाएंगे। इसलिए थाना में बोल दो कि मैं अपनी मर्जी से घर से आई हूं। जिसके बाद महिला पति मनोज के झांसे में आकर थाना में जाकर बयान दी थी।

समय तेजी से करवट ले रहा है तथा लोगों के जीवन में जटिलताएं भी निरंतर बढ़ती जा रही हैं। परेशानी एवं जटिलता भरे इस माहौल में भी लोग अपने स्वास्थ्य के प्रति तथा अपने खान-पान एवं परहेज संबंधित समस्याओं को लेकर जागरूक हैं तथा इनके समाधान के लिए आतुर रहते हैं। उनकी तमाम समस्याओं एवं जिज्ञासाओं का समाधान करते हैं न्यूट्रीशनिस्ट।

स्वस्थ जीवन की आधारशिला रखता है

न्यूट्रीशनिस्ट

एक सामान्य जीवन व्यतीत करने वाले नागरिक से लेकर खिलाड़ियों के लिए जरूरी फूड सप्लिमेंट तक का उपाय इन्हीं न्यूट्रीशनिस्टों के जरिए होता है। इस आधार पर कहा जा सकता है कि न्यूट्रीशन स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के लिए फूड एवं अन्य पदार्थों को नियंत्रित करने का विज्ञान है। आज यह अपनी उपयोगिता के चलते नये प्रोफेशन का रूप अख्तियार कर चुका है। एक न्यूट्रीशनिस्ट का काम जीवन के स्तर को ऊंचा उठाने के लिए खान-पान के तौर-तरीकों तथा अच्छे स्वास्थ्य के मद्देनजर जरूरी चीजों को बढ़ावा देना होता है। यह सारी क्रियाविधि मनुष्य की उम्र पर निर्भर करती है। इसके अलावा उनके रूटीन, बीमारी तथा कार्य के स्वरूप को देखते हुए खाद्य पदार्थों की रूपरेखा तय की जाती है। यह सुखद संकेत है कि न्यूट्रीशन के सिद्धांतों एवं परिकल्पनाओं के जरिए लोगों के अंदर व्यापक बदलाव देखने को मिले हैं। न्यूट्रीशनिस्ट अपने ज्ञान एवं शोधों के द्वारा खाद्य पदार्थों की सूची तैयार करता है तथा उस आधार पर उसे हॉस्पिटल, फिजिकल ट्रेनिंग कैम्प, पर्वतारोहियों आदि के लिए निर्धारित करता है। इन खाद्य पदार्थों में विटामिंस, मिनरल्स, आयरन आदि होते हैं, जो मनुष्य के लिए आवश्यक होते हैं। पाचन क्रिया के अध्ययन व शोधों से यह पता चला है कि शरीर में अधिकांश रिएक्शन एवं शारीरिक परेशानियां संतुलित आहार न लेने से होती हैं। इन बीमारियों में डायबिटीज, लीवर व पेट संबंधी समस्याएं शामिल हैं। यदि ये न्यूट्रीशनिस्ट किसी प्रोडक्ट मैन्युफैक्चरिंग संस्थान में कार्यरत हैं तो वे अपनी प्लानिंग एवं शोधों के जरिए नए उत्पाद के सृजन की कोशिश करते हैं। वास्तव में ये न्यूट्रीशनिस्ट स्वस्थ जीवन की आधारशिला रखने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

बारहवीं के बाद रखें कदम

न्यूट्रीशन के फील्ड में जो भी करियर ऑप्शन हैं, वे ग्रेजुएट या पोस्ट ग्रेजुएट बनने के बाद ही सामने आते हैं। इसके लिए लोगों को होम साइंस, न्यूट्रीशन, फूड साइंस/ टेक्नोलॉजी से संबंधित कोर्स करने अनिवार्य हैं। बैचलर कोर्स (न्यूट्रीशन एवं डायटीशियन) के लिए छात्र को विज्ञान विषयों (फिजिक्स, कैमिस्ट्री, होम साइंस एवं बायोलॉजी) में पास होना अनिवार्य है। तभी बीएससी इन होम साइंस तथा अन्य बैचलर प्रोग्राम जैसे फूड साइंस एंड टेक्नोलॉजी, मेडिसिन, होटल मैनेजमेंट एंड कैटरिंग टेक्नोलॉजी से संबंधित अन्य विषयों को भी शामिल किया जाता है। कुछ ऐसे भी संस्थान हैं जो 10+2 के पश्चात चार वर्षीय फूड टेक्नोलॉजी कोर्स कराते हैं, जबकि पोस्ट ग्रेजुएट लेवल पर न्यूट्रीशन का डायटीशियन से संबंधित कोर्स या तो दो वर्ष का है या फिर पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा (1 वर्षीय) के रूप में है। पीजी तथा पीजी डिप्लोमा कोर्स करने के लिए फूड साइंस, होम साइंस, होटल मैनेजमेंट एंड कैटरिंग टेक्नोलॉजी, बायो कैमिस्ट्री तथा मेडिसिन में बैचलर होना आवश्यक है। एमएससी इन होम साइंस भी इसी स्तर पर किया जाता है। इसके बाद पीएचडी का रास्ता खुलता है।

सिलेबस भी है कुछ खास

न्यूट्रीशन से संबंधित कोर्सों का सिलेबस काफी फैला हुआ तथा रुचिकर है। स्कूली स्तर से लेकर मास्टर एवं रिसर्च लेवल तक का पाठ्यक्रम बताता है कि स्कूलों में न्यूट्रीशन प्रोग्राम के अंतर्गत स्वस्थ खाना एवं उसके फायदे, स्वास्थ्य की जरूरत, मेन्यू डिजाइनिंग, बच्चों में फैट की मात्र, कुकिंग वर्कशॉप तथा प्रकृति के प्रति सहानुभूति दर्शाई जाती है। इसी तरह से एमएससी होम साइंस के सिलेबस में बायोकैमिस्ट्री, न्यूट्रीशन संबंधी रिसर्च, फिजियोलॉजी, बायोस्टेटिस्टिक, मनुष्य की न्यूट्रीशन की आवश्यकता, माइक्रोबायोलॉजी, प्रिंसिपल ऑफ फूड साइंस के अलावा अंतिम वर्ष तक ह्यूमन न्यूट्रीशन एंड डायटेक्टिक, इंस्टीट्यूशनल मैनेजमेंट एवं फूड साइंस शामिल किया जाता है, जबकि एक वर्षीय डिप्लोमा इन डायटेक्टिस एंड पब्लिक हैल्थ न्यूट्रीशन (डीडीपीएचएन) के अंतर्गत तीन माह की कंपलसरी इंटर्नशिप दी जाती है। यह इंटर्नशिप किसी हॉस्पिटल या योग्य डायटीशियन के अंडर कराई जाती है। इसमें बायोकैमिस्ट्री, न्यूट्रीशन, अप्लाइड फिडियोलॉजी, फूड माइक्रो बायोलॉजी, एडमिनिस्ट्रेशन, थिरैप्टिक न्यूट्रीशन तथा पब्लिक हैल्थ न्यूट्रीशन आते हैं।

खान-पान में अभिरुचि जरूरी

एक अच्छे न्यूट्रीशनिस्ट की रुचि खानपान एवं उसे तैयार करने में अवश्य होनी चाहिए। तभी वह इस फील्ड की बारीकियों को समझ पाएगा। समूह में अथवा व्यक्तिगत स्तर पर लोगों को अपने बोलने की कला से बांधे रखने (कम्युनिकेशन स्किल्स), विभिन्न रिपोर्ट तैयार करने का कौशल तथा पोस्टर, बैनर लिखने संबंधी ज्ञान भी कदम-दर-कदम काम आता है। उनकी वाणी में मिठास हो तथा मरीज के साथ दोस्ताना व्यवहार बनाने की कला जानते हों। किसी भी संगठन के लिए प्लानिंग एवं इनके प्रशासनिक कार्यों को संभालने के साथ ही शारीरिक रूप से फिट तथा एक टीम लीडर की भांति काम करने का जज्बा सफलता का पैमाना तय कर सकता है। विज्ञान में अभिरुचि तथा उत्तरदायित्व जैसे गुणों को भी एक न्यूट्रीशनिस्ट के अंदर परखा जाता है।

क्या काम है न्यूट्रीशनिस्ट का

एक न्यूट्रीशनिस्ट का कार्य क्षेत्र काफी फैला हुआ है। फूड की प्लानिंग, न्यूट्रीशन प्रोग्राम तैयार करने, बीमारियों तथा जंक फूड से बचाने, पोषक गुणों से युक्त खाना खाने को प्रेरित करने से लेकर फूड सर्विस सिस्टम को प्रमुख संस्थानों जैसे स्कूल, हॉस्पिटल आदि जगहों पर प्रमोट करने संबंधी सभी कार्य इनके जिम्मे होते हैं। कुछ प्रमुख कार्य क्षेत्र इस प्रकार हैं-

क्लीनिकल डाइटीशियन- इनका कार्य किसी हॉस्पिटल, नर्सिंग केयर सेंटर अथवा अन्य संस्थानों में मरीजों को न्यूट्रीशन से संबंधित सेवाएं उपलब्ध कराना है। वे पता लगाते हैं कि मरीज को न्यूट्रीशन की कितनी आवश्यकता है तथा उसे किस रूप में इसे दिया जा सकता है। इसके बाद मिलने वाले परिणामों तथा डॉक्टर के साथ न्यूट्रीशन संबंधित आश्यकताओं पर चर्चा करते हैं।

कम्युनिटी डाइटीशियन - इनकी प्रमुख भूमिका व्यक्तिगत अथवा समूह के रूप में हैल्थ को बढ़ावा देने के लिए न्यूट्रीशन प्रैक्टिस को कारगर बनाना है। इनके काम करने का स्थान मुख्यत- पब्लिक हैल्थ क्लीनिक, होम हैल्थ एजेंसी तथा हैल्थ मेंटीनेंस ऑर्गेनाइजेशन है। कम्युनिटी डाइटीशियन किसी भी व्यक्ति अथवा उसके परिवार की डाइट को समझने, न्यूट्रीशन केयर प्लान तैयार करते हैं।

मैनेजमेंट डाइटीशियन - ये किसी भी कंपनी, स्कूल, कैफिटेरिया अथवा बड़े पैमाने पर हैल्थ केयर से संबंधित सुविधाओं की प्लानिंग करते हैं तथा उन्हें तैयार भी करते हैं। इसके लिए वे सीधे तौर पर या कड़ी के रूप में डाइटीशियन, फूड सर्विस वर्कर को अनुबंधित करते हैं। बजट, जरूरी उपकरणों, गुलेशन आदि कार्य भी इन्हीं के जिम्मे होता है।

कंसल्टेंट डाइटीशियन - ये प्राइवेट प्रैक्टिस के जरिए लोगों को हैल्थ केयर सुविधाएं उपलब्ध कराते हैं। ये अपने क्लाइंट्स को वेट कम या अधिक करने, कोलेस्ट्रॉल नियंत्रित रखने जैसे कार्यों की स्क्रीनिंग करते हैं। कुछ तो वेलनेस प्रोग्राम, स्पोर्ट्स टीम, सुपर मार्केट एवं अन्य न्यूट्रीशन से संबंधित बिजनेस में अपनी सेवाएं दे रहे हैं।

कोचिंग संस्थान - न्यूट्रीशनिस्ट के लिए कोई कोचिंग सेंटर जैसी संस्था नहीं है। इसके लिए न्यूट्रीशन कंसल्टेंट जगह-जगह वर्कशॉप, सेमिनार का आयोजन कर पेशे तथा इस फील्ड के प्रति जागरुकता फैलाते हैं। विदेशों में इससे संबंधित कई कोचिंग सेंटर कार्यरत हैं। छात्र अपनी जिज्ञासा के समाधान के लिए न्यूट्रीशन कंसल्टेंट या काउंसलर की मदद ले सकते हैं।

स्कॉलरशिप - कई प्रमुख संस्थान छात्रों को स्कॉलरशिप प्रदान करते हैं। इनमें कुछ तो कोर्स के दौरान प्रदान की जाती हैं तो कुछ पीएचडी के दौरान जेआरएफ के रूप में दी जाती हैं। नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ न्यूट्रीशन, हैदराबाद द्वारा हर साल 7-10 छात्रों को जेआरएफ प्रदान की जाती है। इसके अलावा अधिकांश संस्थान अपने छात्रों को स्कॉलरशिप अथवा फीस में छूट संबंधी सुविधाएं प्रदान करते हैं।

वेतन - मुख्य तौर पर एक न्यूट्रीशनिस्ट का वेतन उसके कार्य एवं कार्य-क्षेत्र पर निर्भर करता है। फिर भी किसी प्राइवेट हॉस्पिटल में बतौर ट्रेनी-न्यूट्रीशनिस्ट ज्वॉइन करने पर 5,000 रु. प्रति माह तथा एक से दो साल का अनुभव होने पर 10,000-12,000 रुपए हर महीने मिलते हैं। जो प्रोफेशनल फील्ड, टीचिंग एवं फूड मैन्युफैक्चरिंग यूनिट्स में काम करते हैं, उन्हें आकर्षक सेलरी मिलती है, जबकि कंसल्टेंट न्यूट्रीशनिस्ट प्राइवेट प्रैक्टिस के जरिए पैसा व शोहरत दोनों कमा सकते हैं।

इंजीनियर्स ही किसी देश के औद्योगिक बुनियादी ढांचे का ताना-बाना बुनते हैं। जो विद्यार्थी इस विधा की किसी भी शाखा में जाने का मन बना रहे हैं, वे सोच-समझ कर ही ऐसा कर रहे हैं, क्योंकि वे जानते हैं कि सभ्यता के इस दौर में उनकी कितनी अहमियत है।

औद्योगिक विकास का ताना-बाना बुनते इंजीनियर्स

कुछ साल पहले तक जब करियर के इतने विकल्प नहीं थे, बच्चों को इंजीनियर बनाने का सपना मां-बाप के लिए सुनहरे कल का सपना होता था। चाहे कितनी ही परेशानी क्यों न उठानी पड़े, एक बार इंजीनियरिंग कॉलेज की कक्षाओं में पहुंच गए तो तकलीफें आने वाले दिनों में बरबस मुसकराने का माध्यम बन जाती थीं। आज भी न तो इस विधा की मांग में कमी आई है और न ही इसकी प्रतिष्ठा में। इतना जरूर हुआ है कि इंजीनियरिंग की जिन शाखाओं में पहले कम विद्यार्थी जाते थे, उनमें भी करियर की वही ऊंचाई दिखने लगी है, जिसके लिए इसे जाना जाता है।

इंजीनियरिंग (अभियांत्रिकी) दरअसल किसी भी वैज्ञानिक खोज और उसके व्यावसायिक अनुप्रयोग के बीच एक कड़ी के रूप में होती है और उसी रूप में वह तमाम भावी इंजीनियरों के लिए प्रेरणा स्रोत बनी हुई है। विज्ञान और गणित की सहायता से उपयोगी चीजों का निर्माण करने में ही इंजीनियरिंग की सार्थकता छिपी हुई है, यह किसी से नहीं छिपा है। यह एक ऐसी विशेषज्ञता प्रदान करती है, जिसके सहारे अवसरों के तमाम रास्ते खुल जाते हैं। इंजीनियर्स ही तो किसी देश की प्रौद्योगिकी व औद्योगिक बुनियादी ढांचे का ताना-बाना बुनते हैं। ये क्या नहीं करते- सड़क इनके बिना नहीं बनती, पुल नहीं बन पाते, भवनों का निर्माण नहीं होता, मशीनों का अस्तित्व नहीं होता, छोटे उपकरणों से लेकर हवाई जहाज तक तैयार नहीं होते, कार-कंप्यूटर-मोबाइल जिनके बिना इक्कीसवी सदी का आना फीका होता, इनके बिना नहीं बनते। कहने का तात्पर्य यही है कि प्रगति और खुशहाली का आधार इंजीनियरिंग ही है। यही वजह है कि बारहवीं की पढ़ाई पूरी करते ही इस दिशा में बढ़ने वाले विद्यार्थियों की संख्या काफी बड़ी होती है। इंजीनियर किसी भी किस्म की मशीनरी, प्रोडक्ट, सिस्टम और प्रोसेस के डिजाइन व डेवलपमेंट के लिए काम करते हैं। किसी भी प्रोजक्ट पर कितना समय लगेगा, कितना खर्च आएगा, क्या उपकरण लगेंगे, कैसे-कैसे उसका काम आगे बढ़ेगा, इन सबके पीछे उनका ही दिमाग होता है। आज इंसान के जीवन को आसान बनाने के लिए जो कुछ भी सामने आ रहा है, वह इन इंजीनियर्स की ही मेहनत का परिणाम है। ड्राइंग टेबल पर पसरी रेखाओं में भविष्य का कौन-सा उत्पाद छिपा है, यह इंजीनियर ही बता सकता है। जाहिर है ये इंडस्ट्रियल प्लांट में काम करते हैं, प्रयोगशालाओं में काम करते हैं, निर्माण स्थलों पर होते हैं, कार्यालयों में किसी अवधारणा के हर पहलू से जूझ रहे होते हैं। ये नहीं होते तो गगनचुम्बी इमारतें नहीं बनतीं, समन्दर की लहरों पर या गहराई में चलना नामुमकिन होता, आकाश में उड़ने की तो सोची ही नहीं जा सकती थी, कंप्यूटर कहां से आता, गेम कहां से बनते, बटन दबाते ही अमेरिका तो छोड़िए पास के शहर में किसी से बात नहीं हो पाती। जो विद्यार्थी इस विधा की किसी भी शाखा में जाने का मन बना रहे हैं, वे नाहक ऐसा नहीं कर रहे हैं, क्योंकि वे जानते हैं कि सभ्यता के इस दौर में उनकी कितनी अहमियत है।

विशेषज्ञता

इंजीनियरिंग की परंपरागत दो शाखाओं- सिविल और मैकनिकल- से आगे निकलते हुए आज इसकी विभिन्न शाखाएं प्रमुखता में हैं।

एग्रीकल्चरल इंजीनियरिंग

भारत जैसे कृषि प्रधान देश में इसकी सख्त जरूरत है। कृषि से जुड़े उपकरणों के डिजाइन व निर्माण, सिंचाई व फार्म मशीनरी के लिए उपकरणों के डिजाइन व निर्माण से जुड़ी होती है यह शाखा।

एयरोनॉटिकल इंजीनियरिंग

आकाश मार्ग से जाना इनके बिना संभव नहीं। हवाई जहाज का डिजाइन कैसा हो कि आसानी से उड़ सके, मौसम को झेल सके, इन सब पर इसमें काम होता है। इस बात पर काफी काम होता है कि हवाई जहाज के भीतर की स्पेस कैसी हो कि ज्यादा लोग भी बैठ सकें और उड़ान में कोई दिक्कत भी न आए।

कैमिकल इंजीनियरिंग

रसायनों की दुनिया बड़ी विचित्र होती है। किसके मेल से क्या बन जाएगा, यह तो कैमिकल इंजीनियर ही बता सकता है। दवाइयां, फूड प्रोसेसिंग, पेंट, टेक्सटाइल, खाद, सौन्दर्य प्रसाधन, साबुन, तेल जैसे कार्यों से जुड़ी कंपनियों में इनकी जरूरत होती है, ताकि वे शोध से रसायनों को उपयोगी व गैर-हानिकारक बना सकें।

सिविल इंजीनियरिंग

सिविल इंजीनियरिंग की ही बदौलत ये सड़कें हैं, जिन पर तेजी से चलते हुए हम विकास कर रहे हैं, इमारतें हैं, जिनमें रहने से लेकर कार्यालयों का मामला जुड़ा है, पुल हैं, जिनके बिना नदी-नाले-पहाड़-समन्दर कुछ भी पार करना असंभव होता। और तो और अपवहन प्रणाली (ड्रेनेज सिस्टम) इनके बिना नहीं बनती और शहरों का क्या हाल होता, आज आसानी से समझा जा सकता है। हड़प्पा काल तक के लोगों ने जब इनकी अहमियत समझी तो आज तो इनके बिना एक पल नहीं रहा जा सकता।

कंप्यूटर इंजीनियरिंग

आज कंप्यूटर का जमाना है, इस बात से कोई इनकार नहीं करेगा। लेकिन कंप्यूटर की सहायता से आज जो कुछ हो रहा है, वह इसके इंजीनियरों का ही तो कमाल है, जो इसके डिजाइन, सॉफ्टवेयर, हार्डवेयर पर बड़ी बारीकी से काम करते हैं और तब जाकर कहीं एक ऐसी प्रणाली बन पाती है, जिसके सहारे काम आसान हो पाते हैं।

एनवायरमेंटल इंजीनियरिंग

पर्यावरण ही तो हमारे जीवन के लिए सबकुछ है। यदि यह दूषित-प्रदूषित है तो हमारे लिए खतरा है। इससे जुड़े इंजीनियर उन परेशानियों को चिह्नित करते हैं और उनका समाधान ढूंढ़ते हैं। हवा-पानी की स्वच्छ उपस्थिति को सुनिश्चित करना, ग्रीन हाउस उत्सजर्न को नियंत्रित रखना, पेड़-पौधे बनाए रखना, ये सब इन्हीं का तो काम है।

इलेक्ट्रिकल और इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग

इलेक्ट्रिकल इक्विपमेंट, मशीनरी, टेलीकम्युनिकेशन सिस्टम, रेडियो, टीवी इत्यादि के डिजाइन, निर्माण व चलाने में इनकी भूमिका होती है। इनके बिना ऐसा नहीं हो पाएगा कि इस क्षेत्र में बेहतर से बेहतर उपकरण बनाए जाएं।

मरीन इंजीनियरिंग

समन्दर की सतह पर या फिर गहराइयों में उतरने के लिए जिन जहाजों, उपकरणों व अन्य मशीनरियों की जरूरत होती है, मरीन इंजीनियर इनसे जुड़ी हर बात पर खोज करते हैं, सुधार करते हैं और संसार को खारे पानी के साथ मीठा बर्ताव करना संभव बनाते हैं।

मैकेनिकल इंजीनियरिंग

आज जितनी भी मशीनरियां हैं और जिनके बिना अब काम करना कठिन लगने लगता है, वे सब मैकेनिकल इंजीनियर्स की डिजाइन क्षमता, निर्माण, प्रचालन व रख-रखाव संबंधी कौशल की बदौलत हैं।

माइनिंग इंजीनियरिंग

जमीन के भीतर छिपे खनिजों को बाहर निकालने के लिए जो कुछ करना पड़ता है, वह इन इंजीनियर्स की ही देन है। जमीन के नीचे सुरंग बनाने से लेकर खनिजों को बाहर निकालने तक का काम इनके सहारे चलता है।

पेट्रोलियम इंजीनियरिंग

आज पेट्रोलियम उत्पादों की जरूरत इतनी बढ़ गई है कि उनके बिना विकास का पहिया रुकने का खतरा है। तेल भंडारों की खोज करना, तेल को निकालना, रिफाइनरी तक सुरक्षित पहुंचाना इस शाखा में आता है।

जाहिर है इंजीनियरिंग की इन व अन्य तमाम शाखाओं में करियर डिजाइन की संभावनाएं मौजूद हैं। जरूरत है तो इस बात की सही समय पर, सही तरीके से तैयारी कर इंजीनियरिंग की परीक्षा दी जाए और देश के विकास में सक्रिय भागीदारी निभाई जाए।

नौकरी के अवसर

इंजीनियर्स के लिए अवसरों की कमी नहीं है। वे केंद्र सरकार या राज्य सरकार की नौकरी कर सकते हैं, सार्वजनिक उपक्रमों में काम कर सकते हैं, रक्षा सेवा में जा सकते हैं, निजी संस्थानों में काम कर सकते हैं, पावर प्लांट्स, अस्पतालों या बैंकों में काम कर सकते हैं या फिर अपनी कंसल्टेंसी खोल सकते हैं। इंजानियरिंग एक ऐसा कौशल है, जिसे जितने बड़े फलक पर आजमाया जाएगा, उतना ही बेहतर परिणाम मिलेगा। उदाहरण के लिए मैकेनिकल और इलेक्ट्रॉनिक इंजानियर्स के लिए अधिक अवसर हैं, बनिस्पत मरीन व सेरेमिक इंजीनियर्स के। सरकार भी अलग-अलग परीक्षाओं के माध्यम से सिविल, मैकेनिकल, इलेक्ट्रिकल व इलेक्ट्रॉनिक्स और टेलीकम्युनिकेशन शाखाओं में इंजीनियर्स की भर्ती करती है।

वेतन

इंजीनियरिंग की पढ़ाई करने के बाद जितने अवसर मिलते हैं, वे अलग-अलग शाखाओं के हिसाब से वेतन या आमदनी का जरिया बनते हैं। सिविल इंजीनियरिंग से लेकर बायोमेडिकल इंजीनियरिंग तक, मरीन इंजीनियरिंग से लेकर कंप्यूटर इंजीनियरिंग तक, सबकी अपनी मांग है और 10,000 रुपये प्रति माह से लेकर 30,000 रुपये प्रति माह की तनख्वाह मिल सकती है। अन्य क्षेत्रों की भांति इसमें भी अनुभव के साथ-साथ आमदनी बढ़ती जाती है। अपनी कंसलटेंसी का तो कोई वेतन जैसा गणित नहीं है, लेकिन काम जम जाने के बाद मामला लाखों-करोड़ों तक जा सकता है।



ऑस्ट्रेलिया /भारत : ब्रिसबेन टेस्ट से पहले भारतीय बल्लेबाजों ने किया अभ्यास, रोहित-कोहली ने बहाया पसीना

एडीलेड (एजेंसी)। गुलाबी गेंद के दिन-रात्रि क्रिकेट टेस्ट में 10 विकेट की करारी हार के बाद कप्तान रोहित शर्मा और विराट कोहली की अगुआई में भारतीय बल्लेबाजों ने बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में वापसी के लक्ष्य के साथ मंगलवार को यहां लाल गेंद से कड़े नेट सत्र में हिस्सा लिया। ऑस्ट्रेलिया की टीम शनिवार से शुरू हो रहे तीसरे टेस्ट के लिए ब्रिसबेन पहुंच गई है लेकिन भारतीय टीम ने लाल गेंद के अपने कौशल को निखारने पर ध्यान देने के लिए यहीं रुकने का फैसला किया।

भारतीय टीम ने अपनी रक्षात्मक तकनीक और गेंदों को छोड़ने पर ध्यान दिया। भारतीय टीम के अभ्यास का वीडियो साझा करते हुए भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने 'एक्स' पर लिखा, 'अब आगे के बारे में सोचने का समय है। ब्रिसबेन टेस्ट की तैयारी यहां एडीलेड में शुरू हो चुकी है।''

खराब फॉर्म से जूझ रहे भारतीय कप्तान रोहित पिछली 12 पारियों में एक अर्धशतक (52) के साथ सिर्फ 142 रन बना पाए हैं। वह अपने बेटे के जन्म के कारण पहले टेस्ट में नहीं खेल पाए थे और मंगलवार को उन्होंने भारतीय स्पिनरों और तेज गेंदबाजों दोनों का सामना करते हुए जल्दी से जल्दी लय हासिल करने का लक्ष्य रखा।

दूसरे टेस्ट में छठे नंबर पर बल्लेबाजी करने उतरे रोहित ने दो पारियों तीन और छह रन बनाए। वह पहली पारी में पगबाधा हुए जबकि दूसरी पारी में ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस ने उन्हें बोल्ड किया। पर्थ में पहले टेस्ट में शतक के साथ 16 महीने के शतक के सूखे को समाप्त करने वाले कोहली गुलाबी गेंद के टेस्ट में दोनों पारियों में विकेट के पीछे आउट हुए। उन्होंने पहली पारी में दूसरी स्लिप जबकि दूसरी पारी में विकेट को कैच थमाया।

स्टार भारतीय बल्लेबाज कोहली ने पूरे जज्बे के साथ अभ्यास किया। उन्होंने नेट सत्र की शुरुआत में सावधानी बरती लेकिन फिर धीरे-धीरे लय में आ गए। लोकेश राहुल अधिक शांत दिखे। उन्होंने अपने डिफेंस पर अधिक ध्यान दिया जबकि ऋषभ पंत ने कुछ पिक अप शॉट खेले। शुरुआती टेस्ट में भारत की 295 रन की विशाल जीत में 161 रन की पारी खेलने वाले युवा सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने कुछ अच्छे शॉट लगाए और भारतीय गेंदबाजों के सामने भी आक्रामक रुख अपनाया।

गेंदबाजी इकाई में हर्षित राणा, आकाश दीप, यश दयाल और रविंद्र जडेजा, रविचंद्रन अश्विन और वाशिंगटन सुंदर की स्पिन तिकड़ी शामिल थी जबकि कुछ थ्रोडाउन विशेषज्ञ भी थे। जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज की प्रमुख भारतीय तेज गेंदबाजी जोड़ी के साथ-साथ तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर नितीश कुमार रेड्डी ने अधिक पसीना नहीं बहाया। भारत को बुधवार को ब्रिसबेन पहुंचना है।

आईपीएल में लगने वाला पैसा पाक के रक्षाबजट से अधिक

लाहौर (एजेंसी)। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) निलामी में जहां खिलाड़ियों पर करोड़ों की बोली लगती है। वहीं पाकिस्तान की क्रिकेट लीग पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) में उन खिलाड़ियों को शामिल किया जाता है जिन्हें आईपीएल में जगह नहीं मिल पायी हो। आईपीएल 2024 में सभी 10 टीमों का कुल राजस्व पिछले 2023 का भी दोगुना हो गया है। आईपीएल 2024 का कुल राजस्व 6,797 करोड़ रुपये रहा, जो पिछले सीजन 3,082 करोड़ से अधिक है। ये पाकिस्तान के रक्षा बजट की रकम से अधिक है। एक रिपोर्ट के अनुसार, पाकिस्तान का 2024 में रक्षा बजट 7.64 अरब अमेरिकी डॉलर यानी 2,122 अरब पाकिस्तानी रुपये था। ये रकम 6497 करोड़ भारतीय रुपये होती है। इस प्रकार पाकिस्तान के रक्षा बजट से अधिक भारतीय क्रिकेट लीग की 10 टीमों का राजस्व ही है। विशेषज्ञों के अनुसार इससे लीग क्रिकेट की बढ़ती लोकप्रियता का अंदाज होता है। ये सब प्रायोजन करारों से संभव हुआ है। बीसीसीआई की साल 2022 में रिकॉर्ड 48,390 करोड़ की मीडिया राइट्स की डील हुई थी जो अब बढ़ गयी है। प्रसारण राजस्व के अलावा बोर्ड का कई प्रमुख ब्राडों से करार है। , इससे ही उसे 4,000 करोड़ रुपये से अधिक की आय हुई। एक रिपोर्ट के अनुसार, आईपीएल का ब्रांड मूल्य 2023 की तुलना में 2024 में 13 फीसदी बढ़ा है और इसके सामने पाक का रक्षा बजट काफी कम बढ़ा है। आईपीएल की चार फ्रेंचाइजी- चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके), मुंबई इंडियंस (एमआई), रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी), और कोलकाता नाइटराइडर्स (केकेआर) ने ही ब्रांड मूल्य में 100 मिलियन डॉलर का आंकड़ा पार कर लिया है। इसके अलावा पाक में क्रिकेट से होने वाली कमाई भी भारत के कारण ही है। आईसीसी की अधिकांश कमाई का बड़ा हिस्सा भारत से जाता है। पीसीबी को भी उससे ही राजस्व मिलता है। ऐसे में पीसीबी का ये कहना कि वह भी भारत में होने वाले आईसीसी मुकाबलों के लिए हाइब्रिड मॉडल चाहता है कोरी बयानबाजी के सिवा कुछ नहीं है।

भारत के 13 वर्षीय वैभव सूर्यवंशी पर पूर्व पाकिस्तानी क्रिकेटर ने लगाया उम्र धोखाधड़ी का आरोप

स्पोर्ट्स डेस्क । आईपीएल 2025 की नीलामी में राजस्थान रॉयल्स द्वारा 1.1 करोड़ रुपए में खरीदे गए भारत के 13 वर्षीय सनसनी वैभव सूर्यवंशी एक बार फिर उम्र धोखाधड़ी के विवाद में फंस गए है। पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर जुनैद खान ने अंडर-19 एशिया कप टूर्नामेंट के दौरान उनकी पारी का एक वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया और युवा खिलाड़ी की उम्र पर सवाल उठाए हैं। वैभव ने श्रीलंका के खिलाफ शानदार बल्लेबाजी की और जुनैद ने सवाल उठाया कि क्या 13 वर्षीय खिलाड़ी इतने बड़े छक्के लगाने में सक्षम है। वैभव प्रतियोगिता में भारत के लिए संयुक्त रूप से सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी रहे, उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन श्रीलंका के खिलाफ रहा जहां उन्होंने 5 चौकों और 5 छक्कों की मदद से 67 रन बनाए। जुनैद ने वैभव की उस पारी का वीडियो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर शेयर किया और कैप्शन लिखा - 'क्या 13 साल का बच्चा वाकई इतना लंबा छक्का मार सकता है?'

इससे पहले जब वैभव की वास्तविक उम्र के बारे में विवाद के बारे में पूछा गया तो उनके पिता संजीव सूर्यवंशी ने तुरंत स्पष्टीकरण दिया। उन्होंने कहा, 'जब वह साढ़े 8 साल का था, तो उसने पहली बार बीसीसीआई बोन टेस्ट दिया था। वह पहले ही भारत अंडर-19 खेल चुका है। हम किसी से नहीं डरते। वह फिर से आयु परीक्षण से गुजर सकता है।'' संजीव ने कहा कि बिहार क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष राकेश तिवारी के 'आशीर्वाद' ने वैभव की यात्रा में हमेशा मदद की है। उन्होंने कहा, 'राकेश जी का आशीर्वाद बहुत है।' नीलामी में उनका आधार मूल्य 30 लाख रुपए था और दिल्ली कैपिटल्स ने शुरुआती बोली लगाई। राजस्थान ने 35 लाख रुपए में मैदान में प्रवेश किया और अंततः खिलाड़ी को अपने साथ जोड़ने के लिए दिल्ली से बेहतर बोली लगाई।

शमी शामिल किये गये तो हर्षित राणा होंगे बाहर !

मुम्बई (एजेंसी)। भारतीय टीम की ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे टेस्ट में हार के बाद अनुभवी तेज गेंदबाज मो शमी को टीम में शामिल करने की मांग उठने लगी है। शमी आजकल घरेलू क्रिकेट खेलकर अपनी फिटनेस साबित करने का प्रयास कर रहे हैं। टीम प्रबंधन उन्हें पूरी तरह से फिट होने पर ही टीम में जगह देना चाहता है। कप्तान रोहित शर्मा का कहना है कि शमी को जल्दबाजी में शामिल कर वह कोई जोखिम नहीं लेना चाहेंगे। ऐसे में अगर पूरी तरह से फिट होने पर शमी को टीम में शामिल भी किया गया तो युवा तेज गेंदबाज हर्षित राणा को बाहर बैठना पड़ सकता है। इसी दौरे पर डेब्यू करने वाले इस युवा ने अपनी गेंदबाजी से सबको प्रभावित किया है पर अभी उन्हें काफी सुधार की जरूरत है। भारत ने दूसरे टेस्ट के लिए आर अश्विन को टीम में शामिल किया था पर वह भी कुछ खास असर नहीं छोड़ पाए। ऐसे में अश्विन की जगह वाशिंगटन सुंदर को टीम में जगह मिल सकती है।

वैसे भी विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप को देखते हुए भारतीय टीम के लिए ऑस्ट्रेलिया का दौरा बेहद अहम है। इस सीरीज में बड़ी जीत से टीम के फाइनल की उम्मीदें बनेंगी। इस कारण रोहित शर्मा ने अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी को टीम में शामिल किए जाने की बात कही. उनका कहना था कि टीम के दरवाजे दिग्गज के लिए हमेशा खुले हैं।

पहले टेस्ट में भारत ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 295 रनों से जीत दर्ज की थी पर दूसरे टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया ने भारत को 10 विकेट से हराकर बल्लेबाजी और गेंदबाजी की कमजोरी सामने ला दी। इस हार के बाद तीसरे टेस्ट से पहले भारत को कई और मामलों पर भी विचार करना होगा. जिसमें अनुभवी विराट कोहली के साथ ही रोहित का खराब फॉर्म भी है। इस दौरान तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह पर बढ़ते बोझा पर भी चर्चा होगी. तीसरा टेस्ट ब्रिस्बेन में खेला जाएगा जो तेज और उछाल भरी पिचों के लिए जाना जाता है। ऐसे में भारतीय टीम में बदलाव होने की पूरी संभावना है।

ऑस्ट्रेलिया के दौरे पर भारतीय टीम को अनुभवी शमी की कमी खली है। बुमराह के साथ दूसरी ओर से दवाब बनाने के लिए मोहम्मद सिराज और राणा पर्याप्त नहीं रहे। ऐसे में तीसरे टेस्ट के लिए टीम को एक अच्छे गेंदबाज की जरुरत है।

भारत की संभावित इलेवन

यशस्वी जायसवाल, केएल राहुल, शुभमन गिल, विराट कोहली, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), रोहित शर्मा, नीतीश कुमार रेड्डी, वाशिंगटन सुंदर, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद शमी या हर्षित राणा या आकाश दीप, मोहम्मद सिराज

आईसीसी ने भ्रष्टाचार के मामले में सहायक कोच सनी ढिल्लों पर लगाया प्रतिबंध

दुबई ।अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने भ्रष्टाचार के मामले में दोषी पाये जाने पर एक फ्रेंचाइजी टीम के पूर्व सहायक कोच सनी ढिल्लों पर 6 साल का प्रतिबंध लगा दिया है। ये प्रतिबंध 13 सितंबर, 2023 से लागू होगा, जब ढिल्लों को अंतिम रूप से निलंबित किया गया था। ढिल्लों को अमीरात के भ्रष्टाचार रोधी न्यायाधिकरण द्वारा अमीरात क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) की भ्रष्टाचार रोधी संहिता के उल्लंघन का दोषी पाया गया था। कोच ढिल्लों उन आठ लोगों में शामिल थे जिन पर पिछले साल संहिता के उल्लंघन का आरोप लगाया गया था। ये आरोप 2021 अबू धाबी टी10 क्रिकेट लीग और उस टूर्नामेंट में मैचों में फिक्सिंग करने के प्रयासों से संबंधित हैं, जिन्हें आईसीसी , टूर्नामेंट के लिए ईसीबी की संहिता के लिए नामित भ्रष्टाचार रोधी अधिकारी (डीएसीओ) द्वारा असफल कर दिया गया था। पूरी सुनवाई और लिखित और मौखिक दलीलों की प्रस्तुति के बाद, न्यायाधिकरण ने ढिल्लों को दोषी पाया। अनपर मैचों या मैचों के पहलुओं को ठीक करने, उनका निर्माण करने या गलत तरीके से प्रभावित करने के प्रयास में भागीदार होना।

रिटेन नहीं होना चाहते थे ऋषभ : बदानी

नई दिल्ली । दिल्ली कैपिटल्स के कोच हेमांग बदानी ने कहा है कि ऋषभ पंत अपनी बाजार कीमत पता करना चाहते थे, इसलिए वह टीम के साथ बरकरार नहीं रहे जबकि टीम की ओर से उन्हें अपने साथ बनाये रखने की पूरी कोशिश की गयी। बदानी के अनुसर दिल्ली कैपिटल्स ने अपने कप्तान ऋषभ को साथ रखने का प्रयास किया पर वह अधिक हासिल करना चाहते थे। इसलिए मेगा नीलामी में उतरे। इस क्रिकेटर पर आईपीएल इतिहास की सबसे बड़ी बोली 27 करोड़ की लखनऊ सुपरजायंट्स ने लगाई। वहीं इससे पहले ऋषभ ने कहा था कि रिटेन नहीं होने का पैसे से कोई लेना-देना नहीं है। ऋषभ ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर कहा था कि उनके रीटेन नहीं होने के पीछे आर्थिक कारण नहीं है हालांकि यह इस क्रिकेटर ने तकरीबन डेढ़ महीने भी एक पोस्ट किया था, इसमें उन्होंने कहा था कि वे देखना चाहते हैं कि उन पर कितनी बड़ी बोली लगेगी। बदानी ने कहा, 'यदि आप किसी खिलाड़ी को रीटेन करना चाहते हैं तो दोनों को ही इसके लिए तैयार होना होता है। हमने उनसे बात करने की बहुत कोशिश की थी। प्रबंधन ने उनसे बात करने की बहुत कोशिश पर वह तैयार नहीं हुए।' उन्होंने कहा था कि वे ऑक्शन में जाना चाहते हैं, जिससे बाजार में उनकी कीमता का पता चल सके। उनको लगता था कि रीटेन किए जाने की अधिकतम राशि (18 करोड़) से उन्हें ज्यादा रकम मिल सकती है जो सही साबित हुआ।'

महिला जूनियर एशिया कप हॉकी : दीपिका की हैटिक से भारत ने मलेशिया को 5-0 से हराया

मस्कट (एजेंसी)। दीपिका की शानदार हैटिक से भारतीय हॉकी टीम ने महिला जूनियर एशिया कप के पूल ए में मलेशिया को 5-0 से हरा दिया। भारतीय टीम की ओर से दीपिका ने 37वें, 39वें और 48वें मिनट में तीन गोल किये वहीं वैष्णवी विट्ठल फाल्के ने 32वें और कनिका सिवाच ने 38 वें मिनट में एक गोल किया। इस मैच में पहला हाफ गोलरहित रहा।

इसके बाद भारतीय टीम ने अंतिम दो क्वार्टर में बढ़त हासिल कर मैच पर कब्जा किया। भारतीय टीम इस मैच में अधिकतर समय हावी रही पर उसने गोल करने के कई मौके खोय। पहले क्वार्टर के अंत में उन्हें लगातार तीन पेनल्टी कॉर्नर मिले पर टीम उन्हें गोल में नहं बदल पायी। दूसरे क्वार्टर में भी यही हाल रहा।

भारतीय टीम ने तीसरे क्वार्टर में लगातार चार गोल करके मैच में अपना दबदबा बना लिया। उसे 32वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर मिला और इस बार, गोल करने के बजाय, पूजा साहू ने गेंद को थोड़ा बाईं ओर निर्देशित किया, जहां वैष्णवी विट्ठल फाल्के ने गोल करने में गलती नहीं की। दूसरा गोल 37वें मिनट में हुआ जब ड्रैग-फ्लिकर दीपिका ने अपनी विशेषज्ञता का परिचय देते हुए गोलकीपर को छकाते हुए दमदार शॉट लगाया और बढ़त को बढ़ाया।

इसके ठीक एक मिनट बाद कनिका सिवाच ने मैदानी गोल किया। 39वें मिनट में मलेशिया की गोलकीपर ने फाउल किया, जिससे भारत को पेनल्टी स्ट्रोक मिला। दीपिका ने इसे गोल में बदल दिया। अंतिम क्वार्टर में भारत को 48वें मिनट में एक और पेनल्टी कॉर्नर मिला और दीपिका ने एक गोल कर हैट्रिक पूरी की और मैच के अंत तक भारत का स्कोर 5-0 कर दिया।

एरिना सबालेंका ने डब्ल्यूटीए की साल की सर्वश्रेष्ठ टेनिस खिलाड़ी का पुरस्कार जीता



सेंट पीटर्सबर्ग (अमेरिका) ।स्टार टेनिस खिलाड़ी एरिना सबालेंका को सोमवार को पहली बार डब्ल्यूटीए की साल की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार मिला। बेलारूस की 26 वर्षीय सबालेंका ने 2024 में दो ग्रैंड स्लैम खिताब जीते और दुनिया की नंबर एक महिला टेनिस खिलाड़ी भी बनीं। टेनिस मीडिया के मतदान के अन्य परिणामों में ऐमा नवारो को सबसे अधिक सुधार करने वाली खिलाड़ी के रूप में सम्मानित किया गया। पाउला बडोसा को साल में सर्वश्रेष्ठ वापसी करने वाली खिलाड़ी और लुलु सन को साल की सर्वश्रेष्ठ नयी खिलाड़ी चुना गया। सारा इरानी और जैस्मिन पाओलिनी को साल की सर्वश्रेष्ठ युगल टीम चुना गया। सबालेंका ने 2024 में जनवरी में ऑस्ट्रेलियन ओपन और सितंबर में अमेरिकी ओपन के साथ इस सत्र में दो अन्य खिताब जीते। उनका जीत-हार का रिकॉर्ड 56-14 रहा। उन्होंने लगभग एक करोड़ डॉलर की पुरस्कार राशि जीती। उन्होंने अक्टूबर में ईगा स्वियातेक को पछाड़कर शीर्ष रैंकिंग हासिल की।

रोहित से तीसरे टेस्ट में पारी की शुरुआत कराना सही नहीं : डोड्डा गणेश

मुम्बई (एजेंसी)। भारतीय टीम के पूर्व तेज गेंदबाज डोड्डा गणेश ने कहा है कि तीसरे क्रिकेट टेस्ट मैच में कप्तान रोहित शर्मा से पारी की शुरुआत कराना सही नहीं होगा। भारतीय टीम के कप्तान रोहित दूसरे टेस्ट में मध्यक्रम पर उतरे थे और उसमें असफल रहे थे। ऐसे में कुछ दिग्गजों का ये भी मानना है कि रोहित अनुभवी सलामी बल्लेबाज हैं, इसलिए पारी उनसे ही शुरु करने को कहना चाहिये। वहीं डोड्डा का कहना है कि इस प्रकार की गलती नहीं करनी चाहिये क्योंकि रोहित फार्म में नहीं है जिससे उनका मनोबल भी घट हुआ है। ऐसे में उन्हें पारी शुरु करने को कहना जोखिम भरा होगा। इस पूर्व क्रिकेटर ने सोशल मीडिया पर कहा कि रोहित पहले से ही आत्मविश्वास और रन की कमी से जूझ रहे हैं और ऐसे में उनसे गाबा में पारी शुरु करने का आग्रह करना मूर्खतापूर्ण होगा। ये सीरीज उपमहाद्वीप में नहीं खेली जा रही है जहां वह असानी से कुछ रन बना सकें। वैसे भी ऑस्ट्रेलिया में रोहित का रिकार्ड अच्छा नहीं रहा है।

उनका यहां औसत 30 ही है। एक सलामी बल्लेबाज के रूप में उनका औसत 37.8 है पर वह इस जगह पर ज्यादा बढ़ी पारियां नहीं खेल पाए हैं। अब ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ गाबा की पिच भी अलग तरीके की चुनौतियां लेकर आएगी। ब्रिस्बेन पिच पर उछाल और गति पर पैट कमिंस और मिशेल स्टार्क के नेतृत्व वाली ऑस्ट्रेलियाई टीम ने शानदार प्रदर्शन किया था। ऐसे ट्रैक पर भारतीय बल्लेबाजों से सटीक फुटवर्क की मांग होनी थी पर ऐसा हो नहीं पाया। रोहित की खराब फॉर्म ने चिन्ता को और बढ़ा दिया है। वह पहले टेस्ट से बाहर रहे थे जबकि दूसेर टेस्ट में केवल 3 और 6 का स्कोर ही बना पाए थे। इससे पहले न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज में भी वह असफल रहे थे।

तीसरे टेस्ट में हर्षित की जगह कृष्णा को शामिल करें - हरभजन

मुम्बई ।भारतीय टीम के पूर्व स्पिनर हरभजन सिंह ने कहा है कि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी सीरीज के तीसरे टेस्ट में तेज गेंदबाज हर्षित राणा की जगह पर प्रसिद्ध कृष्णा हैं को शामिल किया जाना चाहिये। हरभजन का कहना है कि हर्षित दूसरे टेस्ट में प्रभावित नहीं कर पाये हालांकि उन्होंने पहले टेस्ट में चार विकेट लिए थे। हरभजन के अनुसार एडिलेड ओवल के खिलाफ दूसरे मैच में हर्षित मार्नस लाबुशेन और ट्रैविस हेड पर अंकुश नहीं लगा पाये और उनकी गेंदों पर काफी रन बने। वहीं रोहित शर्मा इससे सहमत नहीं हैं उनका कहना है कि किसी खिलाड़ी का दो टेस्ट के आधार पर आंकलन नहीं किया जा सकता है। रोहित ने हर्षित का बचाव करते हुए कहा कि उसने कोई गलती नहीं की है। ऐसे में उसको कैसे बाहर कर दें। साथ ही कहा, सिर्फ दो मैचों के बाद खिलाड़ियों को बाहर करना सही नहीं है। वह सिस्टम में नए हैं पर पहले टेस्ट में उन्होंने अच्छी गेंदबाजी कर अपनी प्रतिभा दिखायी है। ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों ने दूसरे मैच में उनके अनुभव की कमी का फायदा उठाकर रन बनाये और ऐसा किसी भी नये खिलाड़ी के साथ भी हो सकता है। मुझे लगता है कि हमें अपने खिलाड़ियों का समर्थन करने की जरूरत है। दूसरी ओर हरभजन राणा को एक और मैच खिलाये जाने के पक्ष में नहीं हैं। उन्होंने कहा, मैं पहले टेस्ट के लिए उनके पक्ष में नहीं था, लेकिन टीम प्रबंधन ने उन्हें आगे बढ़ाया। आपके पास बेंच पर बैठे कृष्णा हैं और उन्हें तीसरे टेस्ट में मौका मिलना चाहिए। वह अच्छे गेंदबाज हैं।

साई सुदर्शन की सफल सर्जरी हुई, बीसीसीआई और गुजरात टाइटन्स को दिया धन्यवाद

नई दिल्ली (एजेंसी) । भारत के युवा बल्लेबाज साई सुदर्शन ने सफल सर्जरी के बाद भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) और अपनी आईपीएल फ्रेंचाइजी गुजरात टाइटन्स को धन्यवाद दिया। सुदर्शन को सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के लिए तमिलनाडु का उप-कप्तान बनाया गया था और उन्होंने इंदौर में त्रिपुरा के खिलाफ ग्रुप बी मैच में अपना अंतिम प्रदर्शन किया। तमिलनाडु ने 43 रनों से मैच जीता और वे नौ गेंदों पर नौ रन बनाने में सफल रहे।

गुजरात टाइटन्स के बल्लेबाज चोट के कारण टूर्नामेंट के बाकी मैचों से बाहर हो गए थे, इसलिए यह उनका अंतिम मैच था। ग्रुप बी में पांचवें स्थान पर रहने के बाद तमिलनाडु ग्रुप राउंड से आगे नहीं बढ़ पाया। सुदर्शन ने एक्स पर लिखा, 'कुछ ही समय में मजबूत होकर वापसी करूंगा। मेडिकल टीम और बीसीसीआई को उनके प्रयासों और समर्थन के लिए बहुत-बहुत धन्यवाद। टाइटन्स परिवार, आपके प्यार और समर्थन के लिए धन्यवाद।'

सर्जरी से पहले सुदर्शन ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ सीरीज के दौरान इंडिया ए टीम के साथ धूम मचा रहे थे। नंबर 3 पर बल्लेबाजी करते हुए 23 वर्षीय खिलाड़ी ने सीरीज के पहले मैच में शानदार शतक लगाकर अपनी क्लास दिखाई। 103 रनों की उनकी संयमित पारी ने भारत की सीनियर टीम के लिए एक दीर्घकालिक उम्मीदवार के रूप में उनकी क्षमता को रेखांकित किया। हालांकि, चयनकर्ताओं ने पर्थ के ऑप्टस स्टेडियम में सीनियर टीम के पहले टेस्ट में नंबर 3 स्थान को भरने के लिए अंततः देवदत्त पडिक्कल को चुना।

भारत ए को सीरीज में 0-2 से हार का सामना करना पड़ा, लेकिन सुदर्शन का योगदान उल्लेखनीय रहा। उन्होंने 31.75 की औसत से 127 रन बनाए जिससे भविष्य के सितारे के रूप में उनकी प्रतिष्ठा मजबूत हुई। सुदर्शन पहले ही भारत के लिए तीन वनडे और एक टी20I खेल चुके हैं। पिछले दिसंबर में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अपनी वनडे डेब्यू सीरीज के दौरान, उन्होंने लगातार दो अर्धशतक लगाकर प्रभावित किया जिसमें उनका औसत 63.50 रहा। पिछले महीने IPL 2025 की नीलामी से पहले गुजरात टाइटन्स ने सुदर्शन को 8.5 करोड़ रुपए में रिटेन किया था।

बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिन्दुओं पर अत्याचार के खिलाफ देशभर में प्रदर्शन

एजेंसी

नई दिल्ली : बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिन्दुओं पर हो रहे अत्याचार के विरोध में पूरे देश में आक्रोश है। इसको लेकर मंगलवार को दिल्ली, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, उत्तराखंड, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, गुजरात, पश्चिम बंगाल और असम समेत देशभर में प्रदर्शन किया गया। अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस पर बांग्लादेश हिन्दू रक्षा संघर्ष समिति के तत्वावधान में आयोजित प्रदर्शन में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, विश्व हिन्दू परिषद, बजरंग दल, भारतीय जनता पार्टी, अधिवक्ता परिषद, अखिल भारतीय संत समिति, दिल्ली सिविल सोसाइटी और

तमाम हिन्दू संगठनों के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे। इस प्रदर्शन में साधु-संतों ने भी हिस्सा लिया। प्रदर्शनकारियों ने बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिन्दुओं की रक्षा को लेकर भारत सरकार और अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं से हस्तक्षेप की अपील की। नई दिल्ली स्थित बांग्लादेश उच्चायोग के निकट तीन मूर्ति चौक पर दिल्ली सिविल सोसाइटी के साथ दो सौ से अधिक सामाजिक एवं सांस्कृतिक संगठनों ने प्रदर्शन किया। इसमें कई प्रतिष्ठित संतों और ख्यातिलब्ध हस्तियों, पूर्व पुलिस, पूर्व सैन्य और पूर्व न्यायिक अधिकारियों ने केन्द्र सरकार से हिन्दुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की और बांग्लादेश को इस मुद्दे पर चेताया। विरोध मार्च के दौरान ह्यहिन्दुओं का नरसंहार बंद करोह्न, ह्यनहीं सहेंगे अब अत्याचार बांग्लादेश कर ले विचारह्न जैसे नारे लगाए गए। प्रदर्शनकारियों ने अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं, संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार आयोग और एमनेस्टी इंटरनेशनल पर हिन्दुओं पर अत्याचार को लेकर उनके रवैए पर सवाल उठाया। दिल्ली सिविल सोसाइटी के पदाधिकारियों ने बांग्लादेश उच्चायुक्त को एक ज्ञापन भी सौंपा। इसमें भारत और बांग्लादेश के मजबूत और सौहार्दपूर्ण संबंधों की याद दिलाते हुए मांग की गई है कि हिंदुओं और अन्य अल्पसंख्यकों के मानवाधिकारों की रक्षा की जाए। ज्ञापन में याद दिलाया गया कि भारत एवं भारत के लोग बांग्लादेश की स्वतंत्रता की लड़ाई में उसके साथ एकजुटता से खड़े रहे हैं। पाकिस्तान के हिंसा, शोषण और नरसंहार से बांग्लादेश को मुक्त करने में भारतीयों ने अपने जीवन का भी बलिदान किया है। इस मौके पर साध्वी ऋतंभरा ने कहा कि गृह युद्ध की स्थिति होने पर सबसे ज्यादा मार साधु-संतों और महिलाओं को झेलनी पड़ती है। बांग्लादेश में साधु-संतों जैसे- चिन्मय कृष्ण दास ब्रह्मचारी महाराज को जेल में डाला गया।

यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि विपक्ष संसद की कार्यवाही चलने नहीं दे रहा : संबित

एजेंसी

नई दिल्ली : संसद का शीतकालीन सत्र मंगलवार को भी हंगामे के बीच स्थगित हो गया। भाजपा नेता और लोक सभा सदस्य संबित पात्रा ने आरोप लगाया कि विपक्ष संसद को चलने नहीं देना चाहता। उन्होंने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि विपक्ष संसद की कार्यवाही चलने नहीं दे रहा है। वो जैकेट और मास्क पहनकर आते हैं, जो सम्मानजनक नहीं है। संसद परिसर में पत्रकारों के साथ अनौपचारिक बातचीत में संबित पात्रा ने कहा कि विपक्ष को लोकतंत्र ठीक से समझ नहीं आता। राहुल गांधी को मास्क पहनकर लोगों की रिकॉर्डिंग करते देखना आश्चर्यजनक था। विपक्ष के नेता का व्यवहार ऐसा नहीं होता। राहुल गांधी को नहीं पता कि विपक्ष के नेता को कैसे व्यवहार करना चाहिए। संबित पात्रा ने कहा कि

यह संसद की कार्यवाही चल रही है, कोई फैशन शो नहीं है। आज हम देख सकते हैं कि समाजवादी पार्टी राहुल गांधी का सम्मान नहीं करती । वे उन्हें या मल्लिकार्जुन खरगे को भारत ब्लॉक का नेता नहीं मानते। उन्होंने कहा कि टीएमसी ने राहुल गांधी के नेतृत्व में भारत ब्लॉक के स्ट्राइक रेट के बारे में बात की है। कुछ नेताओं ने ममता को भारत ब्लॉक के नेता के रूप में पेश करने की बात की है। क्या राहुल गांधी अभी भी इंडी गठबंधन पर कायम हैं या वे इंडी गठबंधन का नेतृत्व करने की क्षमता नहीं रखते हैं।

फिलीपींस में ज्वालामुखी विस्फोट से हाहाकार, 54 हजार लोग प्रभावित

एजेंसी

मनीला : फिलीपींस के कनलाओन ज्वालामुखी फटने से नेग्रोस द्वीप समूह के हजारों लोग प्रभावित हुए हैं। वैज्ञानिकों ने कनलाओन ज्वालामुखी के छह किलोमीटर दायरे में रह रहे लगभग 54 हजार लोगों को फौरन अन्यत्र चले जाने को कहा है। सोमवार अपराह्न 3:03 बजे इस ज्वालामुखी के शिखर पर शक्तिशाली विस्फोट होने से यह नौबत आई। पलक झपकते ही राख का गुबार 3,000 मीटर ऊपर उठ गया। यह राख का गुबार पश्चिम और दक्षिण पश्चिम दिशा पर फैल गया। फिलीपीन इंस्टीट्यूट ऑफ वोल्केनोलॉजी एंड सीस्मोलॉजी के प्रमुख टेरेसिटो बैकोलकोल ने सोमवार को प्रेस ब्रीफिंग में कहा कि खतरा अभी टला नहीं है। इसमें

दोबारा और शक्तिशाली विस्फोट हो सकता है। फिवोलक्स ने कहा कि ज्वालामुखी के शिखर से छह किलोमीटर के क्षेत्र को फौरन खाली करा लेना चाहिए। यहां के लोगों को तुरंत सुरक्षित निकालना होगा। अगर बरसात होती है तो स्थिति और खराब हो जाएगी। उन्होंने कहा कि इससे पहले यह ज्वालामुखी इसी साल 3 जून को फटा था। फिलस्टार ग्लोबल समाचार पत्र के अनुसार स्वास्थ्य विभाग ने मंगलवार को एक बयान में कहा कि ज्वालामुखी की राख श्वसन संबंधी बीमारियों को जन्म दे सकती है। इससे सबसे ज्यादा परेशानी अस्थमा के मरीजों को होती है। आंखों को भी खतरा हो सकता है। फिलीपींस गणराज्य की समाचार एजेंसी पीएनए के अनुसार सूचना अधिकारी एडना ल्हौ मासिकैम्पो ने बताया कि मंगलवार सुबह आठ बजे तक 146 परिवार के 476 सदस्यों को कैनलान शहर के निकासी केंद्रों में पहुंचाया गया।

उप्र के फतेहपुर में नूरी मस्जिद के अवैध निर्माण पर चला बुलडोजर

एजेंसी

फतेहपुर ; उत्तर प्रदेश के फतेहपुर जिले के ललौली कस्बे में नूरी मस्जिद के अवैध निर्माण को मंगलवार को बुलडोजर से ढहा दिया गया। जिला प्रशासन ने नोटिस के बाद यह कार्रवाई की। इसके मद्देनजर मस्जिद और उसके आसपास के इलाकों में सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए हैं। अपर पुलिस अधीक्षक विजय ?शंकर मिश्र ने मीडियाकर्मियों को बताया कि नूरी मस्जिद के अतिक्रमण वाले हिस्से को जिला प्रशासन और लोक निर्माण विभाग की मदद से हटा दिया गया है। मस्जिद और उसके आसपास के इलाकों में पांच सीओ, 10 थाना प्रभारी, निरीक्षक, 200 सिपाही, एक कंपनी पीएसी और एक प्लाटून आरएएफ मौजूद हैं। फतेहपुर जिले के बहराइच-बांदा मार्ग (एसएच-13) के एक

हिस्से के चौड़ीकरण को लेकर लोक निर्माण विभाग किनारे के अवैध निर्माण को हटा रहा है। ललौली कस्बे में नूरी मस्जिद के प्रबंधन समिति को मार्ग पर अवैध निर्माण के संबंध में लोक निर्माण विभाग ने विगत 17 अगस्त को नोटिस दी थी। 24 सितंबर को ललौली कस्बे स्थित अवैध निर्माण को अभियान चलाकर लोक निर्माण विभाग ने हटा दिया था। इस दौरान सड़क पर मस्जिद वाले हिस्से के अतिक्रमण को हटाने के लिए मस्जिद प्रबंधन समिति ने कुछ वक्त मांगा था। मस्जिद प्रबंधन ने कहा था कि उक्त अवैध निर्माण को वे स्वयं ढहा देंगे, लेकिन उनके द्वारा अवैध निर्माण को हटाया नहीं गया। इस पर मंगलवार सुबह जिला प्रशासन और लोक निर्माण विभाग की संयुक्त टीम ने अवैध निर्माण को बुलडोजर से ढहा दिया।

तुर्किये की सेना ने सीरिया के अलेप्पो में की बमबारी, पांच बच्चों की मौत

एजेंसी

दमिश्क : विद्रोहियों के नियंत्रण और राष्ट्रपति के भाग जाने के बाद भी सीरिया में बमों के धमाके गूंज रहे हैं। ताजा बमबारी में पांच बच्चे मारे गए हैं। यह बमबारी तुर्किये और उससे संबद्ध गुटों ने की है। अरबी समाचार वेबसाइट +963 ने अपनी खबर में यह जानकारी दी। वेबसाइट +963 के अनुसार, देश के उत्तर में अलेप्पो गवर्नमेंट के कोबानी शहर के ग्रामीण इलाके में तुर्किये सेना और उससे संबद्ध गुटों ने सोमवार को ड्रोन से बमबारी की। इस बमबारी में पांच बच्चे मारे गए। अफदको गांव को निशाना बनाने वाले तुर्किये ड्रोन के हमले में तीन बच्चे मारे गए। कोबानी के दक्षिण-पश्चिमी ग्रामीण इलाके में स्थित कोन अफतार गांव पर तोप के गोले गिरने से दो अन्य बच्चों की मौत हो गई। वेबसाइट ने सूत्रों के हवाले से कहा कि रविवार को भी तुर्किये ड्रोन ने देश के उत्तर में रक्का गवर्नरेट के उत्तरी ग्रामीण इलाके में ऐन इस्सा शहर के पश्चिम में स्थित अल-मुस्तरेहा गांव को निशाना बनाया। इस हमले में महिलाओं और बच्चों सहित एक ही परिवार के 12 सदस्यों की मौत हो गई। इसके अलावा पूर्वी सीरिया के अल-हसाका गवर्नरेट के ग्रामीण इलाके में स्थित अबू रसिन क्षेत्र में गांवों को निशाना बनाने वाले तुर्की बलों के ड्रोन हमले में एक नागरिक की भी मौत हो गई और 5 अन्य घायल हो गए। समाचार वेबसाइट +963 की खबर के अनुसार, रूसी सेना के जवानों ने कल सुबह से ही कोबानी के ग्रामीण इलाके में स्थित सरीन बेस से हटना शुरू कर दिया है। सरीन में सीरियाई डेमोक्रेटिक फोर्सेज (एसडीएफ) और अंकारा समर्थित गुटों के बीच झड़पें भी हुईं।

कश्मीर घाटी के कई हिस्सों में कड़ाके की ठंड सोनमर्ग और गुलमर्ग में तापमान शून्य से नीचे

एजेंसी

श्रीनगर : कश्मीर घाटी के कई हिस्सों में कड़ाके की ठंड पड़ रही है, क्योंकि न्यूनतम तापमान हिमांक बिंदु से कई डिग्री नीचे चला गया है। श्रीनगर और कई अन्य स्थानों पर आसमान साफ रहने के कारण इस मौसम का अब तक का सबसे कम न्यूनतम तापमान दर्ज किया गया। रात का तापमान इस मौसम के सामान्य तापमान से 2.7 से 5.7 डिग्री कम रहा। श्रीनगर शहर में न्यूनतम तापमान शून्य से नीचे 5.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो पिछली रात के शून्य से नीचे 3.3 डिग्री सेल्सियस था। अधिकारियों ने बताया कि सोमवार की रात शहर में

इस मौसम की अब तक की सबसे ठंडी रात थी और रात का तापमान सामान्य से 4.8 डिग्री कम रहा। घाटी के कुछ इलाकों में कड़ाके की ठंड के कारण जलापूर्ति पाइप जम गए। शीत लहर ने पूरे कश्मीर में अपनी पकड़ मजबूत कर ली है। जम्मू-कश्मीर की ग्रीष्मकालीन राजधानी श्रीनगर सहित अधिकांश इलाकों में इस मौसम की सबसे ठंडी रात दर्ज की गई। इसी बीच सोनमर्ग में शून्य से नीचे 9.7 डिग्री सेल्सियस के साथ सबसे ठंडा स्थान रहा। इसके अलावा प्रसिद्ध स्की-रिसॉर्ट गुलमर्ग दूसरा सबसे ठंडा स्थान रहा, जहां पारा शून्य से नीचे 9.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। प्रसिद्ध पर्यटन स्थल पहलगाम में न्यूनतम तापमान शून्य से नीचे 8.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि दक्षिण कश्मीर के शोपियां में न्यूनतम तापमान शून्य से नीचे 8.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इसके अलावा कश्मीर के प्रवेशद्वार काजीगुंड में न्यूनतम तापमान शून्य से नीचे 6.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि उत्तरी कश्मीर के कुपवाड़ा में शून्य से नीचे 4.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। दक्षिण कश्मीर के कोकरनाग में न्यूनतम तापमान शून्य से नीचे 4.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

एक नजर

नागफनी क्षेत्र में 4.74 करोड़ रुपये की संपत्ति अतिक्रमण मुक्त

मुरादाबाद : मुरादाबाद नगर निगम और प्रवर्तन दल की टीम ने मंगलवार को थाना नागफनी क्षेत्र में 4.74 करोड़ रुपये की संपत्ति को कब्जा मुक्त कराया। नगर निगम और प्रवर्तन दल की टीम ने नवाबपुरा स्थित आवासीय परिसर पर हुए अवैध अतिक्रमण को हटाया और इस परिसर को नगर निगम की संपत्ति घोषित किया। नगर आयुक्त दिव्यांशु पटेल ने बताया कि नवाबपुरा में पुरानी चौकी चुंगी के पास स्थित 470 वर्ग मीटर पर आवासीय भवन बना हुआ है। यहां मो. नसीम लंबे समय से रहते चले आ रहे थे। नगर निगम की ओर से नसीम को पूर्व में परिसर को खाली करने के लिए कई बार नोटिस भी जारी किया गया था। नोटिस प्राप्त हो जाने के बाद नसीम ने हाईकोर्ट में याचिका लगाई थी। लेकिन हाईकोर्ट ने नगर निगम का पक्ष मजबूत मानते हुए नगर निगम के पक्ष में फैसला सुनाया था।

दक्षिण कोरिया की नेशनल असेंबली में पूर्व कमांडर क्यून ने दी गवाही

सियोल : आर्मी स्पेशल वारफेयर कमांड के पूर्व कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल क्वाक जोंग-क्यून ने आज नेशनल असेंबली में गवाही दी। उन्होंने कहा कि पूर्व रक्षामंत्री किम योंग-ह्यून ने यह आदेश दिया था कि राष्ट्रपति यून सुक येओल के खिलाफ विपक्ष के महाभियोग प्रस्ताव पर मतदान के समय नेशनल असेंबली में 150 से अधिक सांसद मौजूद न हों। राष्ट्रपति यून सुक येओल ने तीन दिसंबर को मार्शल लॉ लगाने की घोषणा की थी। इस घोषणा पर पूर्व रक्षामंत्री किम योंग-ह्यून की भी सहमति थी। हालांकि नेशनल असेंबली में मार्शल लॉ के खारिज होने और महाभियोग प्रस्ताव लाने की सूचना मिलते ही राष्ट्रपति ने अपनी घोषणा वापस ले ली थी। द कोरिया टाइम्स समाचार पत्र के अनुसार, पूर्व कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल क्यून ने गवाही दी कि उन्हें युद्ध नियंत्रण कक्ष में एक सुरक्षित सेलफोन के माध्यम से पूर्व रक्षामंत्री से आदेश प्राप्त हुआ था। वह लाउडस्पीकर पर थे। इसलिए पूर्व रक्षामंत्री के निर्देश उनके अधीनस्थों ने भी सुने। इनमें प्लेनरी हॉल में प्रवेश करने के तरीके के साथ-साथ खाली गोला-बारूद और टैसर का उपयोग करने के निर्देश भी शामिल थे। उन्होंने कहा कि यह आदेश मिलने के बाद उन्होंने फील्ड कमांडर से विचार-विमर्श किया। इसके बाद पूर्व रक्षामंत्री के आदेश को न मानने का फैसला किया।

राज्यसभा सभापति के खिलाफ विपक्षी गठबंधन लाया अविश्वास प्रस्ताव

नई दिल्ली : विपक्षी आईएनडीआई गठबंधन राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लेकर आया है। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने मंगलवार को इसकी जानकारी दी और कहा कि यह प्रस्ताव अभी राज्यसभा के महासचिव को सौंपा गया है। कांग्रेस नेता महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि आईएनडीआई गठबंधन की सभी पार्टियों के पास इसके अलावा कोई विकल्प मौजूद नहीं था। हम औपचारिक तौर पर राज्यसभा के सभापति के खिलाफ अत्यधिक पक्षपातपूर्ण तरीके से उच्च सदन को संचालित करने के चलते यह प्रस्ताव लाये हैं। गठबंधन के लिए यह एक बहुत ही कष्टकारी निर्णय रहा। हालांकि संसदीय लोकतंत्र के हित में हमें इस कदम को उठाना पड़ा।

संक्षिप्त खबरें

इजराइल ने सीरिया के कम से कम 100 सैन्य ठिकानों को ध्वस्त किया

दमिश्क : इजराइल ने सीरिया पर आक्रमण कर मुल्क के कम से कम 100 सैन्य ठिकानों को पलक झपकते राख के ढेर में बदल दिया। सीरिया में विद्रोहियों के कब्जे के बाद अपदस्थ राष्ट्रपति बशर अल-असद सपरिवार देश छोड़कर रूस भाग चुके हैं। अरबी समाचार वेबसाइट ₹+963₹ के अनुसार, इजराइली सेना ने देश के दक्षिण-पश्चिम में कुनीत्रा ग्रामीण इलाकों में जमीनी घुसपैठ के बाद सोमवार को पूर्व सीरियाई सरकार से संबंधित कई सैन्य स्थलों पर हवाई हमले किए।राजधानी दमिश्क के बरजेह क्षेत्र में रासायनिक हथियारों के उत्पादन से जुड़े एक पूर्व सरकारी स्थल के पास कम से कम दो विस्फोट किए। साथ ही दक्षिणी दमिश्क के सैय्यदा जैनब क्षेत्र के आसपास ईरानी समर्थक गुटों से संबंधित सैन्य गोदामों और मुख्यालयों को भी निशाना बनाया।वेबसाइट ने एक स्थानीय सूत्र के हवाले से कहा कि इजराइली सैन्य विमानों ने मध्य सीरिया के होम्स ग्रामीण इलाके में शायरात सैन्य हवाई अड्डे पर हमला कर बड़े हिस्से को नष्ट कर दिया। इस क्षेत्र में हयात तहरीर अल-शाम के लड़ाके तैनात हैं। इजराइली सेना ने उन्हें कोई क्षति नहीं पहुंचाई। इजराइल ने उत्तर-पूर्व में हसाकाह ग्रामीण इलाके में कामिश्ली हवाई अड्डे और टारटाब रेजिमेंट को भी निशाना बनाया। इसके बाद यहां कई विस्फोट हुए। देश के पूर्व में दीर एज-जोर में अल-मयादीन रेगिस्तान में ऐन अली श्राइन के पास ईरानी रिवोल्यूशनरी गार्ड के एक पूर्व मुख्यालय को हवाई हमला कर जमींदोज कर दिया। यहां तोपखाना स्थापित किया गया था। हमले के बाद टैंक, गोला-बारूद और खदानों में आग लग गई।इसके अलावा इजराइली लड़ाकू विमानों ने मुल्क के पश्चिम में लताकिया के बंदरगाह पर तैनात सैन्य नौकाओं और रास शामरा क्षेत्र के पास अल-बायदा के बंदरगाह में वायु रक्षा ठिकानों को ध्वस्त कर दिया। इजराइली समाचार पत्र मारीव के अनुसार, सीरियाई बलों के वहां से हटने के बाद इजराइली बलों ने माउंट हर्मन सैन्य स्थल पर नियंत्रण कर लिया। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि बफर जोन पर नियंत्रण कर लिया गया है। गौरतलब है कि सोमवार को इजराइल ने सीरिया के कम से कम 100 सैन्य ठिकानों पर हमला किया। सीरियन ऑब्जर्वेटरी फॉर ह्यूमन राइट्स के अनुसार, इजराइल ने विभिन्न क्षेत्रों में सैन्य स्थलों को निशाना बनाया।इससे पहले इजराइली युद्धक विमानों ने रविवार और शनिवार को भी सीरिया के रणनीतिक सैन्य और सुरक्षा स्थलों को निशाना बनाकर कई केंद्रित हवाई हमले किए। इजराइली ब्रॉडकास्टिंग अथॉरिटी के मुताबिक, इजराइली बलों ने दमिश्क में वैज्ञानिक अनुसंधान केंद्र पर बमबारी की। यह केंद्र रासायनिक हथियार और लंबी दूरी की मिसाइलें विकसित करने के लिए जाना जाता है। इजराइल ने खलखला एयर बेस को भी निशाना बनाया। हवाई हमले के बाद इस एयर बेस में रॉकेट और मिसाइलों के बड़े भंडार में विस्फोट के साथ आग लग गई।

जापान में माउंट फूजी पर आरोहण हो सकता है महंगा

टोक्यो : अगले साल की गर्मियों से जापान की माउंट फूजी की चढ़ाई करना महंगा हो सकता है। साथ ही कुछ नए प्रतिबंध भी लागू हो सकते हैं। समुद्र तट से 3776 मीटर की ऊंचाई पर स्थित माउंट फूजी जापान की सबसे ऊंची चोटी है। यह पर्वत 2013 से यूनेस्को की वर्ल्ड हेरिटेज साइट की सूची में शामिल है। यह चोटी लगभग एक लाख साल पहले शुरू हुई ज्वालामुखी गतिविधि का परिणाम है। आज माउंट फूजी और आसपास का क्षेत्र लंबी पैदल यात्रा और कैंपिंग के लिए दुनियाभर में प्रसिद्ध है। जापान टुडे समाचार पत्र के अनुसार, माउंट फूजी की चोटी तक पहुंचने के लिए मुख्यतः चार पैदल मार्ग तय किए जाते हैं। टोक्यो से सबसे लोकप्रिय आसान मार्ग योशिदा ट्रेल है। यह यामानाशी प्रांत से शुरू होता है। अन्य तीन मार्ग, सुबाशिरी, गोटेम्बा और फुजिनोमिया ट्रेल्स हैं। यह सभी शिजुओका से शुरू होते हैं। यामानाशी प्रांत के बाद शिजुओका ने भी पैदल मार्ग पर शुल्क लगाने का प्रस्ताव किया है। कुछ समय तक योशिदा ट्रेल के लिए 1,000 येन देने पड़ते थे। हालांकि यह स्वैच्छिक था। पिछले साल मई में यामानाशी ने योशिदा ट्रेल का उपयोग करने वाले प्रति व्यक्ति के लिए 2,000 येन शुल्क अनिवार्य कर दिया था। पिछले महीने फुजिसन वर्ल्ड कल्चरल हेरिटेज काउंसिल की बैठक में चारों पैदल मार्गों के प्रवेश नियमों को मानकीकृत करने के लिए एक रूपरेखा तैयार की गई। इसके लिए पगडंडियों को छोड़कर अन्य मार्ग के लिए 3,000, 4,000 और 5,000 येन शुल्क रखने का प्रस्ताव किया गया। परिषद ने पगडंडियों से चोटी पर चढ़ने के लिए प्रति व्यक्ति 4,000 येन पर समझौता किया।यामानाशी प्रांत ने शाम चार बजे से सुबह तीन बजे के बीच ट्रेल्स में प्रवेश पर प्रतिबंध रहेगा। अधिकारियों ने कहा कि यह निर्णय बुलेट क्लाइंबिंग को हतोत्साहित करने के लिए किया गया। प्रस्ताव को प्रांतीय असेंबली की बैठक में आधिकारिक तौर पर फरवरी में प्रस्तुत किए जाने की उम्मीद है। यदि मंजूरी मिल जाती है तो यह 2025 की गर्मियों से प्रभावी हो जाएगा।

बांग्लादेश में हिन्दुओं पर अत्याचार के खिलाफ उच्चायोग के निकट प्रदर्शन

नई दिल्ली : बांग्लादेश में हिन्दुओं पर हो रहे अत्याचार के विरोध में मंगलवार को नई दिल्ली स्थित बांग्लादेश उच्च आयोग के निकट तीन मूर्ति चौक पर बड़ी संख्या में दिल्ली सिविल सोसाइटी तथा 200 से अधिक सामाजिक एवं सांस्कृतिक संगठनों के बैनर तले आक्रोश प्रदर्शन किया गया। इस दौरान समाज के कई प्रतिष्ठित संतों और ख्याति प्राप्त हस्तियों, पूर्व पुलिस एवं सैन्य अधिकारियों ने भारत सरकार से हिन्दुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की और बांग्लादेश को इस मुद्दे पर चेताया। इस दौरान विरोध प्रदर्शन में साध्वी ऋतंभरा, पूर्व पुलिस कमिश्नर एसएन श्रीवास्तव, बांग्लादेश में पूर्व उच्चायुक्त वीना सीकरी, पत्रकार अशोक चव्हाणके, पश्चिम बंगाल के पूर्व न्यायाधीश अभिजीत गंगोपाध्याय और और विभिन्न मत पंथ संप्रदायों के साधु-संतों ने भाग लिया। विरोध मार्च में बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे, जिन्होंने ह्यहिन्दुओं का नरसंहार बंद करोह्न, ह्यनहीं सहेंगे अब अत्याचार बांग्लादेश कर ले विचारह्न जैसे नारे लगाए। वहां मौजूद लोगों ने अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार आयोग तथा एमनेस्टी इंटरनेशनल से भी हिंदुओं पर हो रहे हैं अत्याचारों पर मौन धारण करने पर सवाल खड़े किए। विभिन्न संस्थाओं के बैनर तले हजारों की संख्या में लोग त्रिमूर्ति चौक पर एकत्र हुए। इस अवसर पर साध्वी ऋतंभरा ने कहा कि गृह युद्ध की स्थिति होने पर सबसे ज्यादा मार साधु-संतों और महिलाओं को झेलनी पड़ती है।

नवबिहार मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. रामाज्ञा तिवारी द्वारा विश्वेश्वरा पब्लिकेशनंस एलएलपी की ओर से शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची (झारखंड)- 835222 से मुद्रित एवं उद्योग भवन मार्ग, 19 A कोकर औद्योगिक क्षेत्र रांची- 834001 (झारखंड) से प्रकाशित। **संपादक- डॉ. रामाज्ञा तिवारी, प्रबंध संपादक- पंकज कु. सिंह*, प्रधान संपादक- देवेंद्र सिंह** (*पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार), **प्रबंधक- नरेंद्र कुमार सिंह.** 9334331934, 9386895799, 9507466535, **RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902**